समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 61,354.71 | 18,147.65 |

तापमान

अधिकतम 29 °c

न्यूनतम 22 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार





सपा की राष्ट्रीय सचिव मधु गुप्ता बोली, निकाय चुनाव में जीत के... पेज-02

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज पहुंचेंगे लखनऊ पेज-03



वर्ष 10 अंक 252 लखनऊ, 03 मई बुधवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


**यूपी निकाय चुनाव: प्रयागराज में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा,**

## जो जैसा करेगा वैसा भरेगा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ राज्य में निकाय चुनाव को लेकर लगातार भाजपा के पक्ष में प्रचार कर रहे है। मुख्यमंत्री योगी अतिक अहमद हत्याकांड के बाद पहली बार प्रयागराज पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने तुलसीदास की लिखी चौपाई का जिक्र किया और इशारों-इशारों में अतीक अहमद को लेकर तंज कसा। योगी ने कहा कि करम प्रधान विश्व रचि राखा। जो जस करइ सो तस फल चाखा। जो जैसा कर्म करेगा उसको उन्हीं कर्मों के अनुसार फल भी भोगना पड़ेगा। यही संसार का विधान है। उन्होंने कहा कि जहां अन्याय और अत्याचार से पीड़ित व्यक्ति न्याय पाने की अभिलाषा से आता है, कुछ लोगों ने उस प्रयागराज की धरती को अन्याय और अत्याचार का शिकार बना दिया था। लेकिन यह प्रकृति ना किसी पर अत्याचार करती है और ना किसी के अत्याचार को स्वीकार करती है। सबका हिसाब बराबर करके रख देती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने तो सबका साथ सबका विकास के भाव के साथ काम किया है। हमने कब जाति, धर्म, मजहब के आधार पर किसी के साथ भेदभाव किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमने कभी तुष्टिकरण को प्रोत्साहित नहीं किया, जो इसे प्रोत्साहित करते थे वही भेदभाव, बंटवारा करते थे। योगी ने कहा कि आज नगरों में किसी प्रकार का शोहदों का आतंक नहीं है। आज हमारे नगर सेफ सिटी हो रहे हैं। आज युवाओं के हाथों में तमंचा नहीं है क्योंकि उन्हें तमंचे का दुष्परिणाम पता है। आज उनके हाथ में टैबलेट है और यह टैबलेट उसके टैलेंट को टेक्नोलॉजी से जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि लड़कियां सुरक्षित स्कूल जा सकती हैं, व्यापारी व्यापार कर सकता है। योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश, परिवारवादी और जातिवादी मानसिकता के दलों से आगे बढ़कर एक राष्ट्रवाद की सोच के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश था जहां पर्व और त्योहार भय और आतंक के साये में मनाए जाते थे। लेकिन आज प्रदेश में पर्व और त्योहार खुशहाली लाते हैं। आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं, दंगा नहीं, बल्कि सभी ओर चंगा ही चंगा है। उन्होंने कहा जो लोग पहले आतंक के बल पर गरीबों की संपत्तियों पर कब्जा करते थे, व्यापारियों से रंगदारी वसूलते थे, आज गले में तख्ती लटकाकर जाने के लिए मजबूर हुए हैं।



आज उत्तर प्रदेश, परिवारवादी और जातिवादी मानसिकता के दलों से आगे बढ़कर एक राष्ट्रवाद की सोच के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह वही उत्तर प्रदेश था जहां पर्व और त्योहार भय और आतंक के साये में मनाए जाते थे। लेकिन आज प्रदेश में पर्व और त्योहार खुशहाली लाते हैं। आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं, दंगा नहीं, बल्कि सभी ओर चंगा ही चंगा है।

**योगी आदित्यनाथ**

### हमने सशक्तिकरण पर ध्यान दिया है: सीएम योगी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां कहा कि उनकी पार्टी की सरकार ने तुष्टिकरण नहीं, बल्कि सशक्तिकरण पर ध्यान दिया है, सब का विकास किया है। महापौर पद के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी उमेश चंद्र गणेश केसरवानी के पक्ष में शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के लीडर प्रेस ग्राउंड में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''आज उत्तर प्रदेश, परिवारवादी और जातिवादी मानसिकता के दलों से आगे बढ़कर एक राष्ट्रवाद की सोच के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।'' उन्होंने कहा, ''पार्टी के एक साधारण से कार्यकर्ता गणेश केसरवानी को महापौर का प्रत्याशी बनाना यह साबित करता है कि भाजपा नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने की पार्टी है। यही देश का लोकतंत्र है और भाजपा का लोकतंत्र है।'' परोक्ष तौर पर माफिया अतीक अहमद के संदर्भ में इशारा करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''जहां अन्याय और अत्याचार से पीड़ित व्यक्ति न्याय पाने की अभिलाषा से आता है, कुछ लोगों ने उस प्रयागराज की धरती को अन्याय और अत्याचार का शिकार बना दिया था। लेकिन यह प्रकृति ना किसी पर अत्याचार करती है और ना किसी के अत्याचार को स्वीकार करती है। सबका हिसाब बराबर करके रख देती है।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह वही उत्तर प्रदेश था जहां पर्व और त्योहार भय और आतंक के साये में मनाए जाते थे। लेकिन आज प्रदेश में पर्व और त्योहार खुशहाली लाते हैं। आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं, दंगा नहीं, बल्कि सभी ओर चंगा ही चंगा है।'' उन्होंने कहा जो लोग पहले आतंक के बल पर गरीबों की संपत्तियों पर कब्जा करते थे, व्यापारियों से रंगदारी वसूलते थे, आज गले में तख्ती लटकाकर जाने के लिए मजबूर हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज व्यापारी को राज्य के व्यापारी कल्याण बोर्ड की ओर से 10 लाख रुपये की सुरक्षा बीमा दिया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''आज नगरों में किसी प्रकार का शोहदों का आतंक नहीं है।

## पहले श्री राम को ताले में बंद किया अब जय बजरंगबली बोलने वालों को

**बंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति वार-पलटवार का दौर जारी है। अब राज्य में बजरंगबली को लेकर भी राजनीति तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने होसपेट में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस को भगवान राम से दिक्कत थी और अब उसे 'जय बजरंग बली' कहने वालों से दिक्कत है। उन्होंने कहा कि आज हनुमान जी की इस पवित्र भूमि को नमन करना मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है और दुर्भाग्य देखिए, मैं आज जब यहां हनुमान जी को नमन करने आया हूं उसी समय कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बजरंगबली को ताले में बंद करने का निर्णय लिया है। पहले श्री राम को ताले में बंद किया और अब जय बजरंगबली बोलने वालों को ताले में बंद करने का संकल्प लिया है।

आपको बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कर्नाटक के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। कांग्रेस पार्टी ने सरकार बनने पर बजरंग दल जैसे संगठनों को बैन करने का वादा किया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के दशकों के शासन ने शहरों और गांवों के बीच खाई को बहुत ज्यादा बढ़ा दिया था, भाजपा सरकार गांव और शहर के बीच खाई को लगातार कम करने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि आज हमारे गांवों के बीच शहरों जैसी सुविधा पहुंच रही है। गांव से जुड़ी दूसरी चुनौतियों का भी भाजपा सरकार समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक की मान-मर्यादा और संस्कृति पर कोई आंच नहीं आने देगी। बीजेपी कर्नाटक के विकास के लिए, यहां के लोगों को आधुनिक सुविधा देने के लिए... नए अवसर देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।



### हम्पी पर पूरी दुनिया को गर्व

मोदी ने कहा कि हम्पी एक ऐसी जगह है जिसपर भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को गर्व है लेकिन गुलामी की मानसिकता से भरी कांग्रेस ने कभी भी भारत के इतिहास और विरासत पर गर्व नहीं किया। उन्होंने कहा कि इसका नुकसान हम्पी जैसे स्थानों को भी उठाना पड़ा। यह बीजेपी की ही सरकार है जो अब स्वदेश दर्शन के जरिए हम्पी की ऐतिहासिक विरासत का संरक्षण कर रही है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जिसे इस देश के हर क्षेत्र ने नकार दिया है। एक समय था जब कांग्रेस इस घमंड में रहती थी कि पूरे भारत में पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक कांग्रेस का ही शासन है लेकिन आज भारत की जनता ने कांग्रेस को गिने-चुने राज्यों में समेट दिया है। आज सिर्फ तीन राज्यों में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत वाली सरकार है लेकिन इन तीन राज्यों से कांग्रेस की करप्शन की भूख मिट नहीं रही है।

### संक्षिप्त समाचार

#### झुग्गी में आग लगने से चार बच्चियों की झुलस कर मौत

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के रामदयालु रेलवे स्टेशन के निकट एक झुग्गी में बीती रात आग लगने से एक परिवार की तीन से 12 साल उम्र की चार बच्चियों की झुलस कर मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग जख्मी हो गए। मुसहरी के अंचल अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया, घटना रामदयालु रेलवे स्टेशन के निकट स्थित झुग्गी में हुई।

#### तिहाड़ जेल में गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कोर्ट शूटआउट के आरोपी गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया को प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों ने तिहाड़ में मार गिराया। दिल्ली की रोहिणी अदालत में गोलीबारी की घटना के आरोपी टिल्लू ताजपुरिया की तिहाड़ जेल में आज सुबह उसके प्रतिद्वंद्वियों ने हमला कर हत्या कर दी।

#### जेद्दा से अहमदाबाद पहुंचे 231 भारतीय

**नई दिल्ली।** भारत सरकार द्वारा सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी के तहत मंगलवार को 231 भारतीय स्वदेश पहुंचे। उनमें से करीबन 208 लोग गुजरात के रहने वाले हैं। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने सऊदी अरब के जेद्दा से एक विशेष उड़ान से भारत पहुंचे स्वदेशियों का सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

#### एआईएफएफ के विधान की जिम्मेदारी जस्टिस नागेश्वर को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हितधारकों की आपत्तियों पर विचार करने के बाद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के विधान के नियमन के लिए एक मसौदा रिपोर्ट तैयार करने के लिए शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव को नियुक्त किया। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश एल नागेश्वर राव से एआईएफएफ के विधान को अंतिम रूप देने पर 31 जुलाई तक एक रिपोर्ट तैयार करने को कहा।

**कर्नाटक में भाजपा की यह सरकार चोरी की, राहुल का सवाल-**

## पीएम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ क्या किया?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने कर्नाटक में अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। पार्टी के लिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी लगातार प्रचार कर रहे हैं। आज राहुल गांधी ने कर्नाटक में चुनावी सबा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी कर्नाटक के गृह मंत्री का नाम कभी नहीं लेते। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इसके दो कारण हैं। एक कारण ये है कि मोदी जी सिर्फ नरेंद्र मोदी की बात करते हैं। जैसे कर्नाटक में चुनाव हो रहा है तो बाकि लोग कर्नाटक की जनता की, विकास, भ्रष्टाचार की बात कर रहे हैं लेकिन नरेंद्र मोदी जी कर्नाटक में आकर सिर्फ मोदी की बात कर रहे हैं।



राहुल ने साफ तौर पर कहा कि भाजपा की यह सरकार चोरी की सरकार है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की सरकार ने पिछले 3 साल में क्या किया, उसके बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक शब्द नहीं बोलते। उन्होंने कहा कि तो मैं पीएम से पूछता हूं कि ये जो आपकी सरकार है... चोरी की सरकार, तीन साल ये सरकार ने चोरी की, लोकतंत्र को नष्ट करके चोरी की इसके भ्रष्टाचार के बारे में प्रधानमंत्री एक शब्द क्यों नहीं बोलते।

### राहुल का तंज

राहुल ने साफ तौर पर कहा कि अगर आप येदियुरप्पा, बोम्मई और कर्नाटक के गृह मंत्री का नाम लेने से डरते हो तो ये तो बता दो आपने कर्नाटक में भ्रष्टाचार के खिलाफ क्या किया? कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किया। कांग्रेस ने इसे ''सर्व जनांगदा शान्तिय तोटा'' नाम दिया है।

## शरद पवार ने पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ा

### अजित पवार को छोड़ एनसीपी के सभी नेताओं की अपील, इस्तीफा वापस लें साहिब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनसीपी चीफ शरद पवार के पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफे के एलान ने राज्य की सियासत में हंगामा मचा दिया है। ऐसे में कयास शुरू हो गए हैं कि शरद पवार ने अगर अपना फैसला नहीं बदला तो एनसीपी का अगला बॉस कौन होगा। इस बीच शरद पवार के भतीजे अजित पवार सहित अन्य नेताओं ने प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया है। अजीत ने कहा कि शरद पवार ने इस्तीफे का कारण नहीं बताया है। ऐसे इस्तीफे का एलान सही नहीं है। पार्टी नेताओं की बैठक होगी। परिवार के सदस्य भी बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद पार्टी की मुख्य समिति इस्तीफे को लेकर फैसला करेगी। हम उम्मीद जताते हैं कि पवार अपने इस्तीफे पर राकांपा समिति के फैसले का पालन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पवार चाहते हैं कि नए नेतृत्व को मौका मिले। अजीत ने कहा कि पार्टी का काम ऐसे ही चलता रहेगा। शरद पवार का साथ हमारे संग है। उन्होंने कहा कि पवार साहिब ने पद छोड़ा है, पार्टी नहीं। वह हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। वहीं, प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि शरद पवार ने इस्तीफे की घोषणा करने से पहले किसी को नहीं बताया था। हमें उम्मीद है कि पवार अपने इस्तीफे पर फिर विचार करेंगे। साथ ही जयंत पाटिल ने कहा कि पवार के बिना जनता के पास कैसे जाएंगे। इतना कहते ही पाटिल रोने लगे। सुनील तटकरे ने कहा कि पवार के बिना पार्टी नहीं चल पाएगी। जबकि छगन भुजबल ने शरद पवार से विनती की है कि शरद पवार अपना इस्तीफा वापस ले लें। साथ ही उन्होंने कहा कि आखिर निर्णय वही मान्य होगा, जो पवार लेंगे। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि एक समय गंदी राजनीति और आरोपों से तंग आकर शिवसेना सुप्रीमो बाला साहेब ठाकरे ने भी शिवसेना प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### समर्थकों ने कहा, कभी हमें निराश नहीं किया



समर्थकों का कहना है कि पवार ने उन्हें कभी निराश नहीं किया, लेकिन आज कर दिया है। लोगों ने कहा कि कमेटी यहीं पर है, आप निर्णय लें। हम सभी को धक्का लगा है। महाराष्ट्र की जरूरत को ध्यान में रखें तो 60 साल तक आपने जिम्मेदारी निभाई लेकिन आज आपने यह अप्रिय निर्णय ले लिया। समर्थकों ने आगे कहा कि आप हमारे साथ हैं, लेकिन आपके बिना पार्टी नहीं चला पाएंगे।

**शिवपाल सिंह यादव मैनपुरी में बोले- भाजपा राज में कानून व्यवस्था समाप्त**

## संविधान खत्म करना चाहती है बीजेपी

**मैनपुर, समृद्धि न्यूज़**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में कानून-व्यवस्था समाप्त हो चुकी है। मनमानी का दौर चल रहा है। यह लोग बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा बनाए गए कानून को खत्म करने जा रहे हैं।

**प्रचार करने करहल पहुंचे शिवपाल**

शिवपाल सिंह यादव करहल में समाजवादी पार्टी सपा के नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चौधरी अब्दुल नईम के समर्थन में प्रचार के लिए करहल आए थे। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग राष्ट्रवाद और राज धर्म की बात करते हैं, परंतु यह सिर्फ बातें हैं। भाजपा देश के संविधान को खत्म करना चाहती है। उनके लोग मनमानी कर रहे हैं। भाजपा के राज में किसी की कोई सुनने वाला नहीं है।



### निकाय चुनाव में सभी सीटें जीतने का दावा

शिवपाल यादव ने निकाय चुनाव में सभी सीटों पर जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि करहल के साथ स्व. मुलायम सिंह यादव से लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक का नाम जुड़ा है। इसलिए निकाय चुनाव में हर एक कार्यकर्ता पूरी ताकत से एकजुट होकर काम करे और पार्टी को जीत दिलाएं। यही नेताजी मुलायम सिंह यादव को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## बुलंदशहर में 12 लाख रुपये कीमत के अवैध पटाखे के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**बुलंदशहर, समृद्धि न्यूज़**

**बुलंदशहर।** जिले के डिबाई थाने की पुलिस ने एक गोदाम से 12 लाख रुपये से अधिक कीमत के अवैध पटाखे जब्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी मंगलवार को दी। पुलिस के अनुसार जिले के डिबाई थाने की पुलिस ने सोमवार को एक गोदाम से अवैध पटाखे जब्त किये और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार लगभग 12 लाख रुपये के 50 कार्टून अवैध पटाखे जब्त किए गए हैं। डिबाई थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ)छोटे सिंह ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को एक सूचना के आधार पर अखिल कुमार को गालिबपुर रोड स्थित गोदाम से 50कार्टून अवैध पटाखे सहित गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अखिल कुमार डिबाई थानाक्षेत्र अंतर्गत छोटा बाजार का रहने वाला है।

**श्रीकृष्ण जन्म भूमि-ईदगाह मामला**

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला नए सिरे से सुनवाई के आदेश

**इलाहाबाद (समृद्धि न्यूज़)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यूपी सुन्नी वक्फ बोर्ड और शाही ईदगाह ट्रस्ट, मथुरा द्वारा दायर दो अलग-अलग याचिकाओं का निस्तारण किया, जिसमें मथुरा के जिला न्यायाधीश के 19 मई, 2022 के आदेश को चुनौती दी गई थी। सभी पक्षकारों को मथुरा के जिला जज के यहां नए सिरे से अपनी दलीलें पेश करनी होगी। ईदगाह ट्रस्ट और वक्फ बोर्ड ने जिला न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था, जिसके बाद इस पर रोक लगा दी गई थी। लीलों का निस्तारण करते हुए, न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने सिविल सूट संख्या को स्थगित करने के निर्देश के साथ मामले को ट्रायल कोर्ट में वापस भेज दिया। मुकदमा दायर किए जाने के समय दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) ने इस वाद को दीवानी मुकदमा के तौर पर दर्ज नहीं किया बल्कि इसे विविध मामले के तौर पर दर्ज किया जिसका आधार यह था कि वादी संख्या 3 से 8 मथुरा के निवासी नहीं हैं, जबकि प्रश्नगत संपत्ति जिला मथुरा में स्थित है। मथुरा की अदालत के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा कि इस वाद को अब वर्ष 2022 के मुकदमा संख्या 353 के तौर पर दर्ज किया गया है।



**समर्थन** — **दिल्ली के 360 गांवों के प्रतिनिधि भी रहेंगे साथ**

## पहलवानों का समर्थन करने जंतर-मंतर जाएंगे विधायक-पार्षद

**नई दिल्ली (एजेंएी)।** राष्ट्रीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के समर्थन में दिल्ली के 360 गांवों के प्रतिनिधि जंतर-मंतर जाएंगे।

आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को कहा कि प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए विधायक और पार्षदों सहित दिल्ली के 360 गांवों के प्रतिनिधि बुधवार को जंतर-मंतर जाएंगे। आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि देश का नाम रोशन करने वाले पहलवान प्रतिकूल परिस्थिति का सामना कर रहे हैं। बता दें कि कुश्ती फेडरेशन के प्रेसिडेंट के खिलाफ पहलवान दिल्ली के जंतर-मंतर पर 23 अप्रैल से धरने पर बैठे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोपाल राय ने कहा कि पहलवान भारी बारिश के बीच धरने पर बैठे हैं। प्रधानमंत्री के पास पहलवानों को सुनने के लिए समय नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट को निर्देश देना पड़ा कि एफआईआर दर्ज की जाए। यहां तक कि स्पोर्ट्स मिनिस्टर उनकी अर्जी सुनने को तैयार नहीं हैं।



गोपाल राय ने भाजपा पर बदनाम करने में व्यस्त होने का आरोप लगाया। गोपाल राय ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि वे आंदोलन को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी गई। पूरा देश इसे देख रहा है। लोग पहलवानों को सोशल मीडिया पर समर्थन कर रहे हैं और जंतर-मंतर पर भी पहुंच रहे हैं। किसानों के आंदोलन को कुचलने की कोशिश को याद करते हुए गोपाल राय ने कहा कि बीजेपी की केंद्र सरकार को झुकना पड़ा और तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करना पड़ा। उन्होंने कहा कि बुधवार को पार्षदों और विधायकों सहित दिल्ली के 360 गांवों के प्रतिनिधि पहलवानों के समर्थन के लिए जंतर-मंतर जाएंगे। खास बात है कि महिला पहलवानों ने फेडरेशन प्रेसिडेंट बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। पहलवानों के आरोप के बाद सुप्रीम कोर्ट की दखल पर दिल्ली पुलिस ने डब्ल्यूएफआई प्रेसिडेंट पर दो एफआईआर दर्ज की है।

## भारत-मालदीव के संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं: राजनाथ

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को माले में एक कार्यक्रम में भारत की ओर से तोहफे के तौर पर मालदीव को एक तेज गश्ती पोत और एक नौका सौंपी। इसके साथ ही उन्होंने और मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने पहले से ही घनिष्ठ द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों का विस्तार करने पर बातचीत की। द्वीप राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों की उपस्थिति में सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत-मालदीव का रिश्ता वास्तव में विशेष है और यह पूरे क्षेत्र के अनुसरण के लिए एक मॉडल के रूप में विकसित हुआ है। रक्षा मंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत, मालदीव और क्षेत्र के अन्य समान विचारधारा वाले देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। पोत सौंपने से संबंधित समारोह में सोलिह ने समुद्री गश्ती पोत को मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) में शामिल किया।



# चौराहों पर यातायात स्पीकर से मतदान की अपील कर रहे डीएम

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** के चौराहों पर यातायात स्पीकर से जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मंगलवार से निकाय चुनाव के मतदान में बड़ी संख्या में भागीदारी करने की अपील करना शुरू किया। लखनऊ के नागरिकों को जिलाधिकारी की आवाज सुनायी दी तो वे भी कुछ देर ठहर कर मतदान से संबंधित संदेश को सुनते नजर आए। 04 मई को निकाय चुनाव के प्रथम चरण में मतदान होना है और इसमें लखनऊ जनपद भी शामिल है। इसके मद्देनजर बड़ी संख्या में मतदान कराने की जिम्मेदारी जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार के कंधों पर आ गयी है और इसके कारण ही मतदान की अपील करते हुए, वाहन को उन्होंने रवाना किया है। इसके साथ ही वह स्वयं भी यूट्यूब, ट्वीटर के माध्यम से जनता से मतदान दिवस पर मतदान करने की अपील कर रहे हैं। मतदान की अपील में ही जिलाधिकारी ने यातायात माध्यमों को भी उपयोग में लिया है। चौराहों पर जेब्रा क्रासिंग लाइन पार न करने की अपील के बीच जिलाधिकारी अपनी आवाज में लोगों से मतदान करने का आग्रह करते सुने जा रहे हैं। इससे एक रोचक वातावरण बन रहा है । वहीं, जिलाधिकारी की अपील का असर यह है कि बहुत सारे लोगों ने मतदान पर्ची की तलाश अभी से करनी शुरू कर दी है। उधर, जिलाधिकारी ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम से मतदाता रैली को हरी झंडी दे कर रवाना किया। मोटरसाइकिल और बाइक पर बैठकर सैकड़ों लोग मतदान करने की अपील करते हुए सड़क पर उतरे और शहर के कई हिस्सों में होते हुए रैली को सफल बनाया। मतदान दिवस के दिन सरकारी अवकाश की घोषणा कर दी गयी है। स्कूल, कॉलिज, सरकारी भवन खोलने की अनुमति नहीं है। जिला निर्वाचन की टीमें मतदान दिवस के दिन किसी प्राइवेट संस्था या संस्थान के कर्मचारी को मतदान करने से रोकने पर उसके विरुद्ध कार्यवाही कर सकती है।

### युवाओं ने दिलाया संकल्प इस बार मतदान 80 फीसदी के पार

लखनऊ। मतदाता बूथ तक पहुंचे अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए आज जिला प्रशासन पूरा दमखम लगा रहा है। मंगलवार को इसी क्रम में युवाओं ने जागरूकता रैली निकाली। चुनाव प्रेक्षक लीना जौहरी ने नेशनल पीजी कॉलेज से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें मौजूद युवा हाथ में तख्तियां लेकर चल रहे थे। मतदाताओं को कर्तव्य याद दिलाने के लिए तरह-तरह के स्लोगन लिखे थे सफ्त युवक की है पहचान राष्ट्र धर्म में करो मतदान, वोट हमारा अधिकार करो नहीं इसको बेकार वोट फॉर ए बेटर इंडिया और इस बार मतदान 80 फीसद जैसे संदेश फिजाओं में गूंज रहे थे। स्कूली ड्रेस में लोगों से वोट देने की अपील करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस रैली में राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के 100 छात्र साइकिल में रंग बिरंगे गुब्बारे लगाकर चल रहे थे। वहीं नेशनल पीजी कॉलेज राजकीय इंटर कॉलेज निशातगंज और भारती बालिका इंटर कॉलेज के 2000 छात्र शामिल हुए। इस मौके पर डीएम सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र सशक्त लोकतंत्र के लिए, जरूरी है प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। डीएम ने कहा कि पूर्व में नगरी निकाय चुनाव में लखनऊ का मतदान प्रतिशत काफी कम रहा इस बार इसे सुधारना है। इसके लिए सभी लोग मतदान जरूर करें रैली में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विपिन कुमार मिश्रा सीडीओ रिया केजरीवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा की राष्ट्रीय सचिव मधु गुप्ता बोली, निकाय चुनाव में जीत के बाद पार्टी करेगी काम

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



**यूपी प्रेस** क्लब में मंगलवार को समाजवादी पार्टी की मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा के समर्थन में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। सपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. मधु गुप्ता, पूर्व मेयर प्रत्याशी मीरा वर्धन और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैय्यद जरीन मौजूद रहीं। इस दौरान तीनों ने सपा सरकार के कार्यकाल में हुए कामों को मीडिया के सामने रखा। साथ ही ये भी कहा कि वंदना मिश्रा बाकी मेयर प्रत्याशियों से एकदम अलग हैं। मुख्य वक्ता डॉ. मधु ने भाजपा सरकार पर कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा इस वक्त निकाय चुनाव का महा संग्राम चल रहा है। सपा से मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा के बारे में सभी ने सुना होगा। उनको पूरा लखनऊ बखूबी जानता है। महिलाओं के लिए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जितना किया। क्या वर्तमान सरकार ने कुछ किया? 1090 जैसी सेवा ने महिलाओं को सशक्त किया÷। इस तरह उन्होंने सपा सरकार की कई योजना गिनाई। कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। सफाई व्यवस्था चरमरा गई हैं। एम्बुलेंस सेवा चरमरा गई हैं। हमारा उद्देश्य है क्लीन, ग्रीन, सेफ लखनऊ। सभी चरमराई व्यवस्थाओं को पटरी पर लाना जरूरी है। हर तरह के वेस्ट मैनेजमेंट का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। उन्होंने कहा- अखिलेश यादव रोज पूरे यूपी में सभाएं कर रहे हैं। कल भी वो लखनऊ मेट्रो में वोटरों से रूबरू हुए। युवा और महिलाएं एक बेहतर उम्मीद की नजर से देख रहे थे। उन्होंने कहा निकाय चुनाव में जीत के बाद पार्टी जो काम करेगी। जिसमें हेल्थ फैसिलिटी, महिला सुरक्षा, व्यापारियों, शिक्षकों की समस्याओं का निवारण, गड्ढा मुक्त सड़कें आदि जैसे मुद्दे शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### बहकावे में न आएं मतदाता, विकास के लिए बसपा को करें मतदानः मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने ट्वीट कर जनता से अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी के बहकावे में न आएं। प्रदेश में विकास के लिए सभी लोग बसपा के पक्ष में मतदान करें। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि उप्र. निकाय चुनावों के तहत चार मई को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए विरोधी पार्टियों ने साम, दाम, दंड, भेद आदि अनेकों हथकंडों का लगातार इस्तेमाल किया है। लोगों को अपने बहुमूल्य संवैधानिक हक व दायित्व के प्रति वफ़ादार व ईमानदार रहकर ही वोट डालना है। आगे उन्होंने कहा कि इस चुनाव के लिए भी भाजपा व अन्य विरोधी पार्टियों ने लुभावने वादों, हवा हवाई बातों एवं कागजी दावे करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी हैं। वोटरों को इनके बहकावे में न आकर अपने व अपने क्षेत्र के हित एवं विकास के लिए बसपा उम्मीदवारों को ही वोट दें। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में नगरी निकाय चुनाव के प्रथम चरण का मतदान चार मई को होगा। मंगलवार की शाम पांच बजे प्रथम चरण के होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार थम जाएगा।

### मतदान के दृष्टिगत राज्य लोक सेवा अधिकरण में 04 मई को अवकाश

**लखनऊ।** निबंधक सर्वेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 की अधिसूचना जारी की गई है जिसके अनुसार जनपद लखनऊ में 4 मई 2023 को मतदान के दृष्टिगत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस क्रम में राज्य लोक सेवा अधिकरण में भी 4 मई 2023 को अवकाश रहेगा।

### कल्याण मंडप में आज 7 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**लखनऊ।** त्रिवेणी नगर सीतापुर रोड पर आज 7 कन्याओं का विवाह संपन्न हुआ। इस बार यहाँ दो यग्य एक साथ संपन्न हुए. 23 अप्रैल से 1 मई तक श्री राम कथा और अगले दिन 7 लड़कियों का विवाह. ये सब संपन्न हुआ। श्रीमती एवं अनिल कुमार अग्रवाल के तन मन धन के सहयोग से, इन्होने निर्धन वर्ग की 7 कन्याओं का धर्मपिता बनकर कन्यादान किया। समाज में ऐसे सज्जन लोगो का आगे आना और फिर सेवा के कार्यो को अपने बल पर पूर्ण करना अनेक लोगो के लिए मार्ग निर्देशन और पथ प्रदर्शक का कार्य करेगा. कन्याओं को दैनिक उपयोग में आने वाली अनेक वस्तुए भेंट में दी गयी. दुर्गा जी मंदिर की और से सर्व श्री तारा चाँद अग्रवाल, राम नरेश मिश्र, राजेंद्र गोयल जी विशेष रूप से मौजूद रहे. जून के कल्याण मंडप में 25 कन्याओं का विवाह ऐशबाग राम लीला ग्राउंड में संपन्न होगा. इस अवसर पर श्री अनिल जी अग्रवाल ने सभी का द्वार पर खड़े होकर स्वयं स्वागत किया. अनेक गणमान्य एवं जनप्रितिनिधि भी इस अवसर पर उपस्तिथ रहे।

### इनकम टैक्स की रडार पर यूपी के अधिकारी,गैलेंट ग्रुप के ऑफिस में मिले अहम दस्तावेज

**लखनऊ।** गैलेंट ग्रुप पर पड़े छापे के बाद अब यूपी के अधिकारी आयकर विभाग के रडार पर है। पांच दिन तक चले छापे के दौरान इनकम टैक्स को कई अहम दस्वाजे मिले है। जिसमें जानकारी मिली है कि कई बड़े अधिकारियों का पैसा ग्रुप में लगा है। खासकर रियल एस्टेट और जमीन के काम में अधिकारियों के पैसे मिलने के कुछ साक्ष्य हाथ लगे हैं। अब इनसे जुड़े कागज दिल्ली केंद्रीय टीम को भेजने की तैयारी हो रही है। माना जा रहा है कि वहां से सहमति मिलने के बाद यूपी के जल्द ही कई बड़े आला अधिकारियों से इनकम टैक्स विभाग पूछताछ कर सकती है। जरूरत पड़ने पर उनके यहां रेड भी मारा जा सकता है। करीब 12 से ज्यादा अधिकारियों के नाम आने की बात है। गैलेंट के यहां छापेमारी से पहले किसी को कोई शक न हो। इसके लिए आयकर अधिकारियों ने नया तरीका निकाला। छापेमारी से पहले आयकर अधिकारियों ने राम जानकी यात्रा का एक पोस्टर छपवाया। सभी गाड़ियों पर पोस्टर लगा दिए। इससे यह मैसेज न जाए कि आयकर विभाग की टीम छापेमारी के लिए आ रही है। आयकर विभाग की टीम ने छापा मारने से पहले अयोध्या में दर्शन किए। उसके बाद टीम जब गोरखपुर पहुंची तो वहां भी गोरखनाथ बाबा के दर्शन किए। अधिकारी कोई रिस्क नहीं लेना चाहते थे। बड़ा छापा था ऐसे में अगर कहीं से भी सूचना लीक होती तो उनका अभियान शुरू होने से पहले खत्म हो जाता। आयकर अधिकारी दर्शनार्थी के रूप में गैलेंट ग्रुप के मालिकों के घर पर पहुंचे और इस पूरी छापेमारी को अंजाम दिया। ब्यूरोक्रेट्स से जुड़े जो दस्तावेज और चौट्स आयकर विभाग को मिली है। इसको दिल्ली भेजने की तैयारी हो गई है। करीब 60 ठिकानों से 750 करोड़ रुपए से ज्यादा क टैक्स चोरी के साथ कई लॉकर मिले है जो कर्मचारियों के नाम पर लिए किए थे। कई संपत्तियां बेनामी भी हैं।

### धोनी की टीम पहुंची लखनऊ,मैच वाले दिन ही इकाना में करेगी प्रैक्टिस

**लखनऊ।** विराट कोहली के बाद अब लखनऊ के दर्शक महेन्द्र सिंह धोनी को पहली बार खेलते देखेंगे। पूर्व भारतीय कप्तान को देखने के लिए दर्शक 349 रुपए वाले टिकट के लिए 1500 खर्च करेंगे। धोनी की टीम चेन्नई सुपर किंग्स मंगलवार को प्रैक्टिस नहीं करेगी। टीम बुधवार को मैच से पहले ही प्रैक्टिस करेगी और उसके बाद मैच खेलने उतर जाएगी। धोनी पहली बार इकाना में कोई मैच खेलने उतरेंगे। दरअसल, धोनी से साल 2016 में टी-20 क्रिकेट से सन्यास ले लिया था। जबकि इकाना में पहला ही मैच साल 2018 में हुआ था। वर्ल्ड कप 2019 के बाद उन्होंने क्रिकेट के सभी अंतर्राष्ट्रीय फॉर्मेट से सन्यास लिया था। ऐसे में उन्होंने कोई भी बड़ा मैच इकाना पर नहीं खेला है। अब जब लखनऊ की टीम ने इकाना को अपना होम ग्राउंड बनाया है तो चेन्नई की यहां खेलने आई है। माना जा रहा है कि इसके बाद धोनी आईपीएल से भी संन्यास ले सकते हैं। ऐसे में उनको खेलते देखने के लिए लखनऊ के दर्शक महंगे से महंगे टिकट खरीदने को तैयार हैं। धोनी की फेन तमन्ना निगम बताती हैं कि वह अपने दोस्तों के साथ मैच देखने जाएंगी। इसके लिए चार टिकट बुक कराया है। हालांकि जो टिकट पहले के मैच में 650 में मिलता था उसके लिए उन लोगों को 2800 रुपए खर्च करने पड़े। लेकिन धोनी को देखने के लिए यह भी पैसा भी कम है। कोहली की वजह से पिछले मैच में लखनऊ से ज्यादा दर्शक बेंगलुरू के लिए आवाज कर रहे थे। ऐसी ही कुछ स्थिति 3 मई को होने वाले मैच में होगी। जहां धोनी और चेन्नई की टी-शर्ट से पूरा स्टेडियम भर सकता है। धोनी की लोकप्रियता का आलम यह है कि 22 मई के मैच से ही धोनी के नाम वाली पीली टी-शर्ट बिक रही है। उसके लिए लोग 150 से 300 रुपए तक खर्च करने को तैयार है। हालांकि धोनी के अलावा जडेजा समेत कई बड़े खिलाड़ी है लेकिन दर्शक उनके अलावा किसी को देखना नहीं चाहते हैं।

# सीएसआईआर-सीडीआरआई के वैज्ञानिकों ने ली स्वच्छता की शपथ

लखनऊ। महात्मा गांधी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जो न सिर्फ आजाद हो बल्कि स्वच्छ और विकसित भी हो। उन्होंने कहा कि आजादी से ज्यादा जरूरी स्वच्छता है। महात्मा गांधी के मार्गदर्शन एवं सोच के अनुसार तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत, हमारा कर्तव्य है कि हम देश को साफ और स्वच्छ रखकर भारत माता की सेवा करें। ये बातें सीएसआईआर-सीडीआरआई के निदेशक डॉ. राधा रंगराजन ने कही। सीएसआईआर-सीडीआरआई में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। संस्थान में मंगलवार को स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। निदेशक डॉ. राधा रंगराजन सहित स्टाफ और वैज्ञानिकों तथा छात्रों ने संकल्प लिया कि वे स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे और इसके लिए समय देंगे। इस अवसर पर डॉ. राधा रंगराजन ने कहा कि हमारे आसपास की स्वच्छता हमारे मन की स्वच्छता को दर्शाती है। इसलिए हमें अपनी आंतरिक एवं बाहरी स्वच्छता के बारे में ध्यान अवश्य देना चाहिए। इस मौके पर स्वच्छता पखवाड़ा समारोह के संयोजक, इंजीनियर रणवीर सिंह ने समारोह के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के लिए विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई गई है। पौधरोपण के साथ नए लॉन की सफाई एवं बेहतर बनाना, सीडीआरआई निवासियों के बीच जागरूकता अभियान चलाना, स्वच्छ एवं हरित परिसर के लिए सीएसआईआर-सीडीआरआई परिवार द्वारा श्रमदान, पुराने एवं अप्रचलित उपकरणों का निपटान, पुराने अभिलेखों का डिजिटाइजेशन एवं छंटाई करना, वाटर कूलर आदि को स्वच्छ बनाए रखना, इमारतों की सफाई, परिसर में पानी के जमाव की जांच आदि कार्य करने होंगे। सभी प्रयोगशालाओं और कार्यालयों के लिए विभिन्न रंग के अपशिष्ट बिन एवं स्वच्छता किट का वितरण भी किया जाएगा।

# पोलिंग पार्टियों के लिए लगाए गए 750 वाहन : रोशन जैकब



लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**नगरी** निकाय निर्वाचन को लेकर सोमवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने स्मृति उपवन पार्क पहुंची। यहां पर पोलिंग पार्टियों के रवाना होने की तैयारियों का जायजा लिया और उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने फायर सिस्टम, मेडिकल हेल्थ पंडाल, पेयजल, फूड कोर्ट और शौचालय की व्यवस्था अच्छे से कराये जाने को कहा है। इस पर अधिकारियों ने उन्हें बताया कि सभी व्यवस्था करा ली गई हैं। 750 वाहन पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के लिए लगाए गए हैं। इस दौरान मंडलायुक्त ने रमाबाई में बने स्ट्रांग रूम और काउंटिंग रूम का निरीक्षण किया और समस्त तैयारियों का जायजा लिया। मंडलायुक्त ने आदेश दिए कि एनाउंसमेंट सिस्टम अच्छा रखा जाए। ताकि मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की समस्या न हो। लाइटिंग और कारपेट की व्यवस्था अच्छे से करा लें। एक बार पुनः लाइटिंग भी चेक करा लिया जाए। कैंपस में गंदगी दिखने पर तत्काल साफ- सफाई और कूड़े के ढेर हटाने के निर्देश संबंधित को दिए।

# युवाओं को धर्म से जोड़ें, दूर हो जाएगी पर्यावरण की समस्या

- पर्यावरण विद्वों ने कहा, संस्कृति के प्रति जागरूकता से पौधों का हो सकता है संरक्षण

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



**पौधों** के कटान और कम होती रूचि के प्रति भी पश्चिमीकरण का हावी होना जिम्मेदार है। यदि लोग धार्मिक हो जायं तो पेड़ों की कटान रूकने के साथ ही लोग पौधों को लगाने और उनकी सेवा करने से स्वत~ जुड़ जाएगें। इसके लिए जरूरी है, अपनी संस्कृति के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़े। बुंदेलखंड क्षेत्र में नदियों के उद्धार के लिए, पर्यावरण और महिला समूहों पर विशेष कार्य करने वाले समाजसेवी संजय सिंह ने कहा कि भारत की आबादी का पचास प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम उम्र वाले युवाओं की है। हमें इस युवा पीढ़ी को बताने की जरूरत है कि पौधे हमारी जिंदगी से जुड़े हैं और जिंदगी का एक आधार धर्म भी है। पौधों का महत्व हर धर्म में समझाया गया है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म हो या बौद्ध धर्म हर जगह पेड़ों का उल्लेख है। उनका धार्मिक महत्व है। हिंदू धर्म में मत्स्य पुराण के अनुसार मां पार्वती के श्राप वश विष्णु पीपल के रूप में, शंकर बरगद के रूप में और ब्रह्मा पलाश के वृक्ष बन गये। इन तीनों को मिलाकर हरीशंकरी लगाने की प्रथा है। दूसरे भावों से देखें तो हरीशंकरी का पूजा और सेवा करने का मतलब है, ब्रह्मा, विष्णु और शिव की पूजा करना। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में एकाउंट अफसर और पर्यावरण प्रेमी के रूप में विख्यात कृष्णानंद राय का कहना है कि पौध लगाना सरकार का काम नहीं, जागरूकता की जरूरत है। हम सभी को इसके प्रति जागरूक होना होगा और आगे लोगों को जागरूक करना होगा। यहां यही बदलती पद्धति ने भारतीय संस्कृति के क्षरण का कारण बनता जा रहा है। पहले कुंआ की देख-रेख करना। अपने घर के आगे साफ-सफाई आदि सब हर व्यक्ति का कर्तव्य माना जाता था। आज हम सब इसे सरकारी दायित्व मानते जा रहे हैं। यहां तक कि मां-बाप के वृद्ध होने के बाद पुत्र के रहते हुए भी वृद्धा आश्रम जाना पड़ रहा है। समाजसेवी अजीत सिंह का कहना है कि हमें बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ ही अपनी संस्कृति का शिक्षा देना जरूरी है। हमें उन्हें पेड़, नदियों के महत्व और धार्मिक आस्था का अर्थ बताना होगा। यदि आज की युवा पीढ़ी जागृत हो जाय तो फिर पर्यावरण समस्या खुद दूर हो जाएगी।

गौरतलब है कि कि जैन धर्म में भी सभी 24 तीर्थकरों के नाम पर वृक्ष हैं। हिंदू धर्म में अधिकांश वृक्षों से संबंधित ग्रह, नक्षत्र और देवता हैं। लोगों का कहना है कि यदि लोग धार्मिक हो जायं तो फिर स्वत~ही पर्यावरण की समस्या दूर हो जाएगी।

# गोमती रिवर फ्रंट घोटाला सीबीआई ने कसा शिकंजा

- पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन और दीपक सिंघल से हो सकती पूछताछ

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** में हुए गोमती रीवर फ्रंट घोटले में यूपी के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन और दीपक सिंघल से सीबीआई पूछताछ कर सकती हैं। सीबीआई ने दोनों से पूछताछ के लिए सरकार से अनुमति मांगी है।गोमती रीवर फ्रंट का निर्माण समाजवादी पार्टी की सरकार में हुआ था।जबसे इसका निर्माण हुआ,बीजेपी अनियमितता के आरोप लगा रही है। लगभग 1438 करोड़ का घोटाला है। जब योगी सरकार आई तो इसके जांच के आदेश दे दिए। सीबीआई ने इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी की है। आरोप लगे कि जिन दो अफसरों को प्रोजेक्ट को देखने की जिम्मेदारी दी गई, उन्होंने अनियमितता बरती। उस समय मंत्री रहे शिवपाल यादव भी आरोपों के घेरे में आये। गुपचुप तरीके से टेंडर दिए जाने की भूमिका की सीबीआई जांच करेगी। घोटाले में सिंचाई विभाग के कई अधिकारी जांच के दायरे में हैं, इनमें विभाग के 16 इंजीनियर सहित 180 लोग हैं। कई सरकारी तो कई प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोग हैं। इन्होंने कहीं न कहीं किसी तरीके से निर्माण कार्य के घपलेबाजी की या करने वालों का साथ दिया। गोमती रीवर फ्रंट के निर्माण में टेंडर देने के नियमों को ताक पर रख दिया गया। इंजीनियरों ने दूसरे लोगों और कंपनियों से मिलकर फेक डॉक्यूमेंट्स तैयार कराए। जब इसके लिए टेंडर निकाले गए तो कोई विज्ञापन नहीं निकाला गया। आरोप है कि ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि अधिकारी चाहते थे कि अपने चहते को ठेके मिले। इस घोटाले में सीबीआई ने तीन साल पहले सिंचाई विभाग के अधिकारी रूप सिंह यादव और क्लर्क राजकुमार यादव को अरेस्ट किया था।

# उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन ने भाजपा प्रत्याशियों को दिया समर्थन

- प्रत्येक जनपथ के टिम्बर व्यापारी भाजपा प्रत्याशियों को देंगे वोटः मोहनीश त्रिवेदी

**लखनऊ।** आज उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन द्वारा दारुलशफा में मुख्य पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने भारतीय जनता पार्टी के परिवार में सदस्यता दिलवा कर शामिल किए जाने पर उत्तर प्रदेश सरकार,माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवम उप मुख्यमंत्री माननीय ब्रजेश पाठक जी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

बैठक के दौरान श्री त्रिवेदी ने सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपथ के टिम्बर व्यापारियों से अपील करी कि वो लोग अपने अपने जिलों में अपना,अपने कर्मचारियों,परिवार एवम् रिश्तेदारों का बहुमूल्य वोट भारतीय जनता पार्टी के मेयर व पार्षद प्रतियाशियो को देने का काम करे। वही प्रदेश संरक्षक अख्तर खान ने कहा कि आज प्रदेश में व्यापारी अगर भय मुक्त है तो उसकी वजह योगी सरकार ही है आज गुंडे और माफिया बिल में छुपे बैठे है इस लिए हमे अपने वोट के जरिए सरकार को और मजबूत करना चाहिए। अयोध्या निवासी प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद जी ने कहा कि प्रदेश को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन का संपूर्ण समर्थन है। बैठक में मुख्यरूप से अमरोहा जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष मो. रजा,सरफराज हुसैन, गाजियाबाद से सुरेंद्र कुमार, मो. आबिद, हरदोई से छोटू शर्मा,मेरठ से मो. सुहैल,लखनऊ के आशीष त्रिवेदी, विवेक पांडे, शमीम अहमद, सूर्य प्रकाश, राशिद, कासिफ प्रखर श्रीवास्तव,रामभजन आदि मौजूद रहे।

# पुराना हनुमान मंदिर के द्वार बनने से बढ़ेगा तीर्थाटन

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** जिला प्रशासन व पुराना हनुमान मंदिर ट्रस्ट की मंशा के अनुरुप डंडईया क्षेत्र स्थित मंदिर के द्वार को बनाने का कार्य शुरु हो गया है। मंगलवार को सुबह द्वार बनाने के लिए जमीन को समतल करने और मिट्टी हटाने का कार्य किया गया। पुराना हनुमान मंदिर के ट्रस्ट पदाधिकारियों का मानना है कि भव्य द्वार बनने से तीर्थाटन बढ़ेगा। लखनऊ के कपूरथला चौराहे से डंडईया मार्ग पर सौ वर्ष से ज्यादा पुराना हनुमान मंदिर श्रद्धा का केन्द्र रहा है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग दर्शन पूजन करने आते हैं। वहीं मंगलवार व शनिवार को श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है। पुराना हनुमान मंदिर के मार्ग की ओर बनी मिठाई की दुकानों को प्रशासन व ट्रस्ट ने पिछले दिनों हटा दिया था। इस दौरान दुकानदारों के विरोध का कोई खास असर नहीं हुआ था। मंदिर के द्वार को बनवाने के लिए सामने आये पेड़ को काटा छाटा गया है। अभी मिट्टी हटाने का कार्य चल रहा है। इसके बाद आसपास की जमीन की ढाल बनाकर मुख्य द्वार की नींव खोदी जायेगी। माना जा रहा है कि करीब एक माह में मुख्य द्वार अपने स्वरुप में आ जायेगा। मंदिर के द्वार बनाने के लिए जो मिठाई की दुकानें हटायी गयी थी, उनके पांच दुकानदारों को दांयी-बांयी ओर टीन शेड में स्थापित कर दिया गया है। इसमें एक दुकानदार अजय को छोड़कर सभी दुकानदार खुले टीन शेड में आ गये हैं। मिठाई दुकानदार अजय जोशी और उनके परिवार के लोग मंदिर में उनकी तोड़ी गयी दुकान के बदले में मंदिर ट्रस्ट से एक दुकान की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि मंदिर से जुड़े ट्रस्ट के सचिव व पूर्व आईपीएस राजेश पाण्डेय से उनकी वार्ता हुई है लेकिन अभी कोई बात बनी नहीं है। मंदिर द्वार का निर्माण कार्य होने के कारण सामने मार्ग पर जाम लग रहा है। जिसको देखते हुए अलीगंज थाने से पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी और वे जाम हटाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं आते जाते वाहनों को रोककर लोगों के मंदिर के नवीन कार्यों को देखने का सिलसिला जारी है।

# निकाय चुनाव के प्रथम चरण की तैयारियां पूरी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**यूपी में** प्रथम चरण का मतदान गुरुवार चार मई को सुबह सात बजे से प्रारंभ होगा। इसकी सभी तैयारियां कर ली गई है। प्रचार आज पांच बजे से समाप्त हो गया है। सुरक्षा को लेकर भारी बंदोबस्त किए गए है।चप्पे चप्पे पर पीएसी व अर्ध सैनिक बल के जवान तैनात रहेंगे। स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने बताया की नगर निकाय के चुनाव का मतदान सुबह सात बजे से प्रारम्भ होकर सायं छह बजे तक चलेगा। प्रथम चरण की तीन मई को आठ बजे से पोलिंग बूथों पर भेजी जाएंगी। स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने बताया कि मतदान निष्पक्ष हो इसको लेकर पुलिस मुख्यालय स्थित चुनाव प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों के मतदान केन्द्रों की संवेदनशीलता का आकलन कर अतिसंवेदनशील प्लस तथा अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों व मतदेय स्थलों का चिन्हीकरण कर करते हुए योजनाबद्ध पुलिस प्रबन्ध किये गये है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में

## चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स

सैंतीस जिलों में निकाय चुनाव होगा।जिसमें 33 जिले व तीन पुलिस कमिश्नरेट है। जिनमें दस नगर निगम व 104 नगर पालिका परिषद एवं 276 नगर पंचायत के पदों हेतु मतदान होगा। मतदान के लिए 7,372 मतदान केन्द्र तथा 23,614 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि चिन्हित समस्त अतिसंवेदनशील प्लस व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर जिला निर्वाचन अधिकारी से समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार वेब कास्टिंग व वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है।उन्होंने कहा निष्पक्ष निर्वाचन को लेकर अवैध शस्त्र व अवैध शराब को लेकर पुलिस ने अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। वही लाइसेंसी शस्त्रों को भी जमा कराया गया है। वही वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस व पीएसी बल तथा सीएपीएफ ने नियमित फ्लैग-मार्च, फुट पेट्रोलिंग तथा घुड़सवार




पुलिस के द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग की गई। स्पेशल डीजी ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों व मतदेय स्थलों का राजपत्रित अधिकारियों ने निरीक्षण व शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन कर लिया है। पुलिस मुख्यालय में बने चुनाव प्रकोष्ठ तथा चुनाव कंट्रोल रूम के द्वारा चौबीसों घण्टे मोनिटरिंग की जा रही है।प्रथम चरण का चुनाव सकुशल हो सके इसको लेकर 19880 निरीक्षक व उप निरीक्षक लगाए गए है।वही 101477 मुख्य आरक्षी व आरक्षी तथा 47985 होमगार्ड व 86 कम्पनी पीएसी तथा 35 कम्पनी सीएपीएफ बल को लगाया गया है।इसके अलावा 7500 प्रशिक्षणाधीन उप निरीक्षक लगाए गए है। उन्होंने बताया कि चुनाव शकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में निरोधात्मक कार्रवाई की गई। अराजक व असामाजिक तथा आपराधिक तत्वों के विरुद्ध बीते एक माह से अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्यवाही की गई ।उन्होंने बताया कि इस अभियान में 15698 गैर जमानतीय वारंटियों व 6354 वांछित आरोपियों तथा 281 पुरस्कार घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया ।वही चौदह आरोपियों के विरुद्ध रासुका लगाई गई। इसके अलावा गैंगेस्टर एक्ट में 1101 आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज हुआ। 831 आरोपी गिरफ्तार किये गये। इसके अलावा 7337 का गुंडा एक्ट में चालान करते हुए 2012 आरोपियों को जिला बदर किया गया। इसके अलावा 42 फैक्टी निर्मित आग्नेय शस्त्र व 2.958 देसी आग्नेय शस्त्र बरामद किए गए।वही 42 फैक्ट्री निर्मित आग्नेय शस्त्र व 2,958 देसी आग्नेय शस्त्र तथा 4,510 कारतूस व 3470.37 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री व 91 शस्त्र फैक्ट्री व 896 शस्त्र बरामद कर 158 आरोपी गिरफ्तार किए गए।वही अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में सलिप्त 987 आरोपी गिरफ्तार हुए।करीब 37 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ बरामद किये गए।वही पुलिस ने 10694 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 299728 लीटर अवैध शराब बरामद की है। इसके अलावा 766 आरोपियों को गिरफ्तार कर 765 अवैध शराब की भट्ठियां तोड़ी गई।वही शांति भंग की आशंका के तहत चिन्हित 55390 व्यक्तियों को 151 के तहत निरुद्ध कर चिन्हित 648604 व्यक्तियों को मुचलके से पाबंद कराया गया।

# शंकर पुरवा द्वितीय वार्ड में भाजपा पार्षद प्रत्याशी की रैली को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया रवाना



लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**नगर** निकाय चुनाव में शंकर पुरवा द्वितीय वार्ड से भाजपा पार्षद प्रत्याशी शिवम उपध्याय की रैली को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने रवाना किया इस मौके ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर काम करती है और इसी को चरितार्थ करते हुए जनता नगर निगम चुनाव में भी कमल खिलाने को तैयार है इस मौके पर शंकर पुरवा द्वितीय वार्ड से भाजपा पार्षद प्रत्याशी शिवम उपध्याय ने पैदल यात्रा के दौरान कर लोगों से कमल वाले निशान पर वोट देने की अपील किया पार्षद प्रत्याशी शिवम उपाध्याय ने बताया कि चुनाव जितने के बाद उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र के विकास की रहेगी, क्योंकि उनके वार्डो में जनता विकास कार्यो से काफी दूर है लोगों को घरों के बाहर सड़क नाली टूटी पड़ी हुई है जिसका पूर्व पार्षद ने कभी ध्यान नहीं दिया । जिसके चलते जनता काफी परेशान है उन्हें इस वार्ड को विकास में नंबर वन बनाना है। उपाध्याय चुनावी मैदान में सबसे आगे चल रही है क्षेत्रीय जनता भी काफी सहयोग प्राप्त हो रहा है। शिवम उपाध्याय क्षेत्र लगातार जनसंपर्क कर लोगों से ज्यादा से ज्यादा वोट देकर भारी मतों से विजई दिलानी की अपील कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### पेयजल तेजल परियोजनाओं परियोजनाओं में लापरवाही पर एक एक्सचेंज निलंबित 10 के तबादले

**लखनऊ।** ग्रामीण पेयजल परियोजना में शिथिलता व लापरवाही की गाज दर्जनभर इंजीनियरों पर गिरी है। बलिया के एक्सईएन को निलंबित करने के साथ ही मंगलवार को 10 इंजीनियरों का हटाते हुए उनकी जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। प्रबंध निदेशक डॉक्टर बलकार सिंह द्वारा लापरवाही पर की गई इस कार्यवाही से जल संस्थान में हड़कंप मचा हुआ है। यह कार्यवाही मंगलवार को की गई जल जीवन मिशन की निर्माणाधीन योजनाओं में देवी करने ग्राम वासियों को समय से पेयजल उपलब्ध ना करा पाने आम जनता के बीच बेहतर छवि ना पेश करने कार्यदाई संस्थाओं के भुगतान में अनावश्यक विलंब करने वाले इंजीनियरों पर जल निगम ग्रामीण प्रबंधन ने यह सख्ती दिखाई है परियोजना को गति देने में नाकाम बलिया के अधिशासी अभियंता अजीत सिंह को निलंबित कर दिया है। 5 अधिशासी अभियंता और 5 सहायक अभियंताओं को हटा दिया है। उनकी जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। अधिशासी अभियंताओं और एक अधीक्षण अभियंता को दूसरे जनपदों का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

### लेखपाल भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी,27455 अभ्यर्थियों की लिस्ट जारी

**लखनऊ।** यूपी लेखपाल भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया। यूपीएसएसएससी यानी उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने मंगलवार दोपहर बाद 8085 पदों पर लेखपाल भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। अलग-अलग केटेगरी में कटऑफके आधार पर 27455 कैंडिडेट की लिस्ट जारी की गई। लेखपाल भर्ती की लिखित परीक्षा का आयोजन 31 जुलाई 2022 को किया गया था। 9 महीने बीत जाने के बाद भी अब इसका रिजल्ट जारी किया गया हैं। परीक्षा परिणाम जारी होने में देरी के बाद अभ्यर्थियों में काफी आक्रोश था। आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना द्वारा मिली जानकारी के अनुसार यूपीएसएसएससी की वेबसाइट पर लिस्ट अपलोड कर दी गयी थी। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकते हैं। उच्च न्यायालय ने विज्ञापन संख्या-01 परीक्षा,2022 की लिखित परीक्षा में जीरो या नेगेटिव स्कोर पाने वाले अभ्यर्थियों को छोड़कर विकलांग श्रेणी के समस्त अभ्यर्थियों को परीक्षण के लिए चिन्हित किया गया है। आयोग के अनुसार अभिलेख परीक्षण के बाद चिन्हित अभ्यर्थियों का परिणाम अन्तिम चयन परिणाम नहीं है। यही कारण हैं कि अभिलेख परीक्षण के घोषित इस परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अन्तिम चयन के लिए किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। आयोग के मुताबिक अंतिम चयन परिणाम अभिलेख परीक्षण के उपरांत यथासमय घोषित किया जायेगा।

### पर्यटन विभाग में कोरियन डेलीगेट्स के पदाधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

**लखनऊ।** विशेष सचिव, पर्यटन एवं निदेशक, पर्यटन उत्तर प्रदेश द्वारा आज पर्यटन भवन, लखनऊ के सभागार में उत्तर प्रदेश पर्यटन से संबंधित पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से कोरियन डेलीगेट्स के आठ पदाधिकारियों के समक्ष विभागीय कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष सचिव पर्यटन, निदेशक पर्यटन एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। इस कार्यक्रम में कोरिया के विदेशी कार्य, संस्कृति, कला, वेलनेस टूरिज्म, बजट, अन्तर्राष्ट्रीय आयुक्त इत्यादि के अधिकारियों द्वारा विचार रखे गये। इस उपलक्ष्य में विशेष सचिव तथा निदेशक पर्यटन द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी अधिकारियों का स्वागत किया गया एवं विभागीय साहित्यध् सोविनियर भेंट स्वरूप प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं दी। इस दौरान विशेष सचिव तथा निदेशक पर्यटन द्वारा प्रदेश के बौद्ध परिपथ में होने वाले विकास कार्यों की चर्चा की गई तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन में निवेश के अवसरों पर आधारित पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन दिया गया, जिसमें निवेश हेतु उपलब्ध भूमि, पर्यटन नीति-2022 तथा पी0पी0पी0 माडल पर लीज पर दी जा रही।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज पहुंचेंगे लखनऊ



लखनऊ। देश के रक्षा मंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। रक्षा मंत्री दो दिवसीय दौरे पर तीन मई को अपराह्न चार बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्षामंत्री एयरपोर्ट से चलकर 4.30 बजे पांच-ए कालिदास मार्ग स्थित आवास पहुंचेंगे। चार मई को सुबह 9. 00 बजे स्कॉलर्स होम गोमती नगर निकाय चुनाव पोलिंग पर मतदान करेंगे। मतदान के उपरांत कालिदास मार्ग आवास वापस जाएंगे। अपराह्न चार बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

# निकाय चुनावः मतदाताओं तक पहुँच का जरिया मंदिर,मस्जिद,गुरुद्वारा व चर्च

## मेयर की कुर्सी के दावेदार देने पहुँचे हाजिरी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**उत्तर** प्रदेश में शहरी निकाय चुनाव के प्रचार में सभी दलों ने अपनी ताकत झोंक रखी है। प्रमुख दलों के मेयर उम्मीदवार अपने अभियान पर हैं। भगवान का आशीर्वाद लेने और मतदाताओं से जुड़ने खातिर पूजा स्थलों का सहारा ले रहे हैं। बीजेपी की उम्मीदवार हो या विपक्षी दलों की ,सब चर्च, गुरुद्वारा और मंदिर पहुँचे हैं क्योंकि वहां बड़ी संख्या में लोग एक ही जगह मिल जाते हैं। समाजवादी पार्टी के आशुतोष वर्मा कहते हैं मेट्रो ट्रेन हमारे लिए किसी आधुनिक मंदिर से कम नहीं है क्योंकि इसका निर्माण



हमारी पार्टी ने किया है। वह कहते हैं,उम्मीदवारों को देवी-देवताओं का आशीर्वाद लेने के लिए धार्मिक स्थलों पर जाने का अधिकार है। सपा हर धर्म का सम्मान करने के लिए जानी जाती है। हमारे पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ईद के दौरान ईदगाह में मौजूद थे।उन्होंने निकाय चुनावों के प्रचार के लिए लखनऊ मेट्रो की यात्रा शुरू की। सपा की मेयर पद की उम्मीदवार वंदना मिश्रा अब तक ऐतिहासिक मनकामेश्वर मंदिर, हनुमान सेतु मंदिर, गुरुद्वारा नाका हिंडोला, ऐशबाग ईदगाह, तेलीवाली मस्जिद, सेंट जोसेफ कैथेड्रल और अन्य चर्चों में भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए जा चुकी हैं। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ मेट्रो का सफर भी किया। दूसरी ओर भाजपा की मेयर पद की उम्मीदवार सुषमा खरकवाल ने मतदाताओं से कनेक्ट होने के लिए दो चर्च, एक मंदिर और एक गुरुद्वारे का दौरा किया। खरकवाल कहती हैं कि, मुझे हर धर्म में विश्वास है, इसलिए मैं उसी भक्ति के साथ मंदिरों, गुरुद्वारों, मस्जिदों और चर्चों में जाती हूं। अगर मैं चुनी जाती हूं तो मैं हर लखनऊवासी की मेयर बनूंगी।कांग्रेस उम्मीदवार संगीता जायसवाल भी कहती है,मैं हर धर्म का सम्मान करती हूं और मैं हर समुदाय के लिए चुनाव लड़ रही हूं। मैं मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और चर्चों में गई। बीजेपी सरकार ने जनता के लिए कुछ नहीं किया है। लखनऊ में देख सकते हैं, क्या स्थिति है। स्मार्ट सिटी के नाम पर जमकर लूट खसोट हुई है। सुविधाओं के नाम पर ठगने की कोशिश की जा रही है। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी की मेयर प्रत्याशी अंजू भट्ट अब तक भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए विकास नगर, हनुमान सेतु और गुरुद्वारा लाजपत नगर में गुलाचिन मंदिर गई थीं।भगवान के लिए, हर कोई समान है, इसलिए मैं सभी धर्मो के धार्मिक स्थलों का दौरा करती हूं। भगवान में सबकी आस्था होती है।

# लखनऊ की सौम्या मिश्रा ने टोरोन्टो में भारतीय कला संस्कृति का परचम लहराया

लखनऊ। राजधानी के रिवर बैंक कालोनी में रहने वाली सौम्या मिश्रा ने कनाडा के शहर टोरोन्टो में भारतीय कला संस्कृति का परचम लहराया।टोरोन्टो में रेडियो ढिशुम के तत्वावधान और कॉउन्सलेट जनरल ऑफ इंडिया, टोरोन्टो के सहयोग से पहली बार मिलेट मेला और स्वराज-स्वतंत्रता की गाथा नाटक का (मंचन) आयोजन विगत दिनों किया गया। परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलित कर लखनऊ की सौम्या मिश्रा के संयोजन में आयोजित हुए मिलेट मेले में भारत के 28 राज्यों और दो केंद्रीय शासित प्रदेशों के 40 प्रकार के मिलेट से बने पारंपरिक व्यंजन शामिल थे। सभी होम कुक्स अपनी परंपरागत पोशाक में सुसज्जित थे और सभी के खाने की प्रस्तुति में भारत का क्षेत्रीय प्रभाव दिखाई दिया। लगभग 500 से ज्यादा आमंत्रित अतिथियों ने खाने-पीने की चीजों का आनंद लिया। सभी लोग मिलेट से बने व्यंजन और विभिन्न राज्यों की इतनी सारी डिशेज देख और खा कर बहुत ही हैरान थे। इस अवसर पर 2 वर्ष से 65 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने अनोखे भारत के 'स्वतंत्रता संग्राम एक गाथा' नाटक की प्रस्तुति दी, जिसका निर्माण और निर्देशन लखनऊ की सौम्या मिश्रा ने किया। मंत्र मुग्ध हो पूर्ण निस्तब्धता से इस नाट्य मंचन को देख दर्शक भाव- विभोर हो उठे। पूरा हॉल भारत माता और वंदे मातरम के जयकारे से गूंजने लगा। सौम्या ने बताया कि इस नाटकीय-कथा के सम्पादन में लगभग तीन साल का समय लगा। इसमे 80 स्वतंत्रता सेनानियों का उल्लेख था और अधिकतर वह अगेय संग्राम के हीरो शामिल थे , जिनके बारे में लोगों ने कभी भी नहीं सुना था। कार्यक्रम में मिलेट रेसपी बुक का डिजिटल अनावरण भारत की प्रधान कौंसलाधीश, अपूर्वा श्रीवास्तव और कार्यक्रम की आयोजक सौम्या मिश्रा ने किया।

# अत्यधिक मोटे लोगों में अस्थमा का खतरा ज्यादाः प्रो हरलोकेश

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

## 'अस्थमा केयर फॉर ऑल विषय पर फार्मेसिस्ट फेडरेशन की वेबगोष्ठी'

लखनऊ। अस्थमा (दमा) एक प्रमुख गैर-संचारी रोग (एनसीडी) है, जो बच्चों और वयस्कों दोनों को प्रभावित कर सकता है और आजकल विभिन्न कारणों से फैलता जा रहा है, ये कभी-कभी घातक भी हो सकता है। इसलिए इसकी जानकारी, बचने के उपाय, उपचार आदि की जानकारी आवश्यक है।

शारीरिक व्यायाम, उचित रहन-सहन, वातावरण परिसंस्करण आदि उपायों से इस बीमारी से बचा जा सकता है। बच्चों और बड़ों में बढ़ता मोटापा खतरनाक है, इनमे अस्थमा का खतरा ज्यादा हो सकता है । जागरूकता फैलाकर इसे रोकने का प्रयास करना होगा। 'बीटा 2 एगोनिस्ट ट्रैकिया को फैलाती है, ये दवाएं ट्रेकिया पर सीधा काम करे, इसलिए इन्हे इनहेलर के रूप में दिया जाना प्रभावी होता है। वहीं अस्थमा के मरीज को बीटा ब्लॉकर्स दवाएं देने से बचना चाहिए' उक्त बातें आज विश्व अस्थमा दिवस पर अस्थमा केयर फॉर ऑल विषय पर फार्मेसिस्ट फेडरेशन की वेब गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए फेडरेशन की साइंटिफिक विंग के चेयरमैन एम्स नई दिल्ली के प्रोफेसर हरलोकेश ने कही'। वेब गोष्ठी में फार्मा वैज्ञानिक, प्रोफेसर, हॉस्पिटल, क्लीनिकल फार्मेसिस्ट और छात्रों ने भी भागीदारी की।

उन्होंने कहा कि 'अस्थमा के अटैक की संभावना शाम या रात को ज्यादा होती हैं इसलिए दवाएं शाम को अवश्य लेनी चाहिए दमा के मरीज को अपना इनहेलर हमेशा अपने साथ रखना चाहिए' जिससे जैसे ही उन्हें दमा के अटैक की शुरूआत पता चले तुरंत इनहेलर लेने से गंभीर स्थिति नहीं पैदा होगी।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए फेडरेशन के अध्यक्ष एवं स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पूर्व चेयरमैन सुनील यादव ने कहा कि अस्थमा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए श् विश्व अस्थमा दिवस मई के पहले मंगलवार को प्रतिवर्ष मनाया जाता है जिसका विषय ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा द्वारा निर्धारित किया जाता है। फार्मा वैज्ञानिकों, शिक्षकों ने कहा कि आजकल घरों में पालतू जानवर रखने का फैशन हो चला है जबकि शहरों में पालतू जानवरों के रखने की अलग जगह ज्यादातर नहीं होती है, जानवरों के गिरते बाल दमा पैदा कर सकते हैं। अस्थमा में आपके वायुमार्ग संकीर्ण हो जाते हैं, सूजन आ जाती है और अतिरिक्त बलगम भी पैदा हो सकती हैं जिससे सांस लेने में कठिनाई आती है।

अस्थमा के लक्षण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न होते हैं, कुछ के लिए यह मामूली समस्या हो सकती है, जबकि अन्य के लिए यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन सकती है। फेडरेशन ने देश की जनता से अपील की है कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर अपने आप को बीमारियों से बचायें, प्रकृति से छेड़छाड़ ना करें, चिकित्सक की सलाह के बगैर कोई औषधियां ना लें, साथ ही अपने फार्मेसिस्ट से सलाह लें, बर्फ सीधे खाना नुकसानदायक हो सकता है बदलते मौसम में सावधान रहें। गोष्ठी में महामंत्री अशोक कुमार, यूथ के अध्यक्ष आदेश, शरद मोहन , विवेक आदि ने अपने प्रश्न रखे जिसका जवाब सुनील यादव ने दिया।

# राजभवन में लगी केंद्रीय संचार ब्यूरो की प्रदर्शनी का समापन

## अफसरों और स्टाफ के साथ छात्र छात्राओं ने देखी प्रदर्शनी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**केंद्रीय** संचार ब्यूरो केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 30 अप्रैल से 2 मई तक तीन दिवसीय ÷मन की बात और आजादी का अमृत महोत्सव÷ विषय पर राजभवन, लखनऊ मे आयोजित प्रदर्शनी का समापन हो गया। राजभवन में तीन दिनों तक लगी प्रदर्शनी को वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी, विश्वविद्यालय, लामार्ट व बाल विद्या मंदिर छात्र छात्राओं ने देखा और ज्ञानवर्धन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया था जिसमे प्रधानमंत्री की मन की बात से संबन्धित विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया था। देश की आजादी मे जिन स्वतन्त्रता सेनानियो, महापुरुषों ने अपना योगदान



दिया था उनके बारे मे चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया ।राजभवन मे कार्यरत कर्मचारियो और मजदूरों ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शनी की सराहना की। प्रदर्शनी को देखने आयी छात्रा सुमन कुमारी ने कहा कि यदि हमें अपने देश को सारी दुनिया का सिरमौर बनाना है तो सभी नागरिकों का सहयोग जरूरी है। अगले पच्चीस साल भारत की प्रगति की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अमृतकाल में सभी अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे तो आजादी की शताब्दी के समय भारत निश्चित रूप से एक सशक्त और समृद्ध देश के रूप में सामने आएगा। इस अवसर पर केन्द्रीय संर्चा ब्यूरो के अपर महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि जिन विद्यर्थियों और युवाओं ने प्रदर्शनी को देखा आने वाले समय में अलग-अलग माध्यमों से ये ही देश का नेतृत्व करेंगे। इन युवाओं को एक दिशा देने का प्रयत्न इस प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि उन्हें ध्यानपूर्वक प्रदर्शित जानकारियों का अवलोकन करना चाहिए। भविष्य के भारत का रोडमैप की विस्तृत जानकारी दी गई है। प्रदर्शनी में महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए लागू की गई अनेक योजनाओं की जानकारी दी। महिलाओ और बच्चों को विभिन्न रोगों और कुपोषण से बचाने के लिए विभिन्न टीकों के साथ-साथ पोषाहार की जानकारी भी महिलाओं को दी गयी। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के संयुक्त निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने प्रदर्शनी देखने आये विद्यार्थियों से बातचीत में कहा कि कहा कि भारत देश मे बहुत महापुरुष पैदा हुए है, जिन्होंने देश की एकता अखंडता को बनाये रखने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल प्रमुख थे। सरदार पटेल के जीवन संघर्ष से सीखकर विद्यार्थी अपने जीवन मे उतारे।प्रदर्शनी देखने आये वरिष्ठ नागरिक मुनिराज ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी बहुत ही सुंदर है, जिसके माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल की सम्पूर्ण जीवनी को प्रदर्शित किया गया है। जिस तरह सरदार पटेल ने एक भारत बनाने में अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया और हम सब को उनके प्रति हमेशा कृतज्ञ रहना चाहिए। आज के युवाओं को उनके प्रारम्भिक जीवन से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए।

# भगवान श्रीराम का जीवन आज के सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ करने में बेहद उपयोगी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**अवध** खासतौर से लखनऊ की रामलीला गौरवशाली इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत को समेटे हुए है। दशहरा के समय आयोजित होने वाली लखनऊ की रामलीला में विभिन्न समुदायों की सहभागिता के साथ सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश रामलीला के साथ-साथ चलता है, इसीलिए इस रामलीला को लखनऊ की संस्कृति एवं सामाजिक सद्भाव का प्रतीक भी कहा जाता है। बदलते परिवेश में शहरीकरण, औद्योगीकरण तथा नगरीकरण के कारण जो पारिवारिक मूल्यों में जो क्षरण हो रहा है, उसको यह रामलीला पुनर्जीवित एवं संरक्षित करने का कार्य करती है। भगवान श्रीराम ने त्रेतायुग में जो आदर्श-मूल्य स्थापित किये थे उसका संदेश आज पारिवारिक एवं सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने में बेहद उपयोगी सिद्ध हो रहा है। यह विचार गत शनिवार को अयोध्या संस्थान द्वारा लखनऊ की रामलीला पर आयोजित परिचर्चा में वक्ताओं द्वारा उद्घाटित किये गये। वक्ताओं में लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो0 सूर्य प्रसाद दीक्षित, संस्कृति कर्मी उमा त्रिगुणायत, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप श्रीवास्तव, आकाशवाणी के सेवानिवृत्त कार्यक्रम प्रमुख प्रतुल जोशी तथा विभिन्न समाचार पत्रों के सांस्कृतिक संवाददाता मौजूद थे। बैठक में विचार व्यक्त करते हुए प्रो0 दीक्षित ने कहा कि जनश्रुति के अनुसार गोस्वामी तुलसीदास का आगमन लखनऊ हुआ था। उन्होंने रामकथा के प्रचार-प्रसार के लिए रामलीला की शुरूआत करायी थी। उन्होंने कहा कि लखनऊ की रामलीला में कथक परम्परा के अंश भी मिलते हैं। कथक का आरम्भ ही कथा कहने से हुआ है। कालांतर में कथक के साथ ही लखनऊ में रामलीला की शुरूआत हुई। उमा त्रिगुणायत ने कहा कि प्रख्यात कथक नर्तक पं0 बिरजू महाराज ने कथक के माध्यम से तुलसी कथा रघुनाथ की प्रस्तुतिकरण किया था जो काफी चर्चित रही। प्रतुल जोशी ने कहा कि लखनऊ के पर्वतीय समाज का रामलीला मंचन से गहरा जुड़ाव रहा है। पर्वतीय समाज की रामलीलाओं में शास्त्रीय रागों का प्रमुखता से प्रयोग होता है। प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि नवाब वाजिद अली शाह रामलीला के प्रेमी थे। उन्होंने इस विधा को बढ़ावा दिया। अयोध्या शोध संस्थान की पत्रिका साक्षी के को-आर्डिनेटर आलोक पराणकर ने कहा कि लखनऊ की रामलीला का डाक्यूमेंटेशन किया जा रहा है। इसी क्रम में साक्षी पत्रिका का विशेषांक लखनऊ की रामलीला पर निकाला जा रहा है।

# थमा चुनाव प्रचार मतदान के लिए तैयार जनता

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

बीते 9 अप्रैल को नगर निकाय चुनाव की सूचना जारी होने के पश्चात प्रदेश की सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में चुनावी डंका बजना शुरू हो गया था। अपनी-अपनी जीत का दावा ठोक रहे हजारों प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं। लगभग 1 महीने तक चला चुनावी समर का यह प्रचार-प्रसार अब थम गया। वही बात की जाए बछरावां नगर पंचायत की तो भारतीय जनता पार्टी से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के चुनाव प्रचार में पार्टी के कई दिग्गज नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी, वहीं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद चौधरी के लिए स्वयं क्षेत्रीय विधायक श्यामसुंदर भारती ने जनता के बीच घूम कर जनता से अपील की। बात की जाय कांग्रेस पार्टी की तो उनकी पार्टी से समर्थित प्रत्याशी नीरज साहू के लिए सांसद प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने नगर पंचायत क्षेत्र में बैठक कर लोगों से सहयोग मांगा। वही अन्य दलीय एवं निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपनी पुरजोर कोशिश के साथ अपना चुनाव प्रचार किया एवं जनता से अपार सहयोग मिलने की बात भी कही। परंतु शासन के निर्देशों के अनुसार 4 मई को पहले चरण में होने वाले चुनाव के लिए मंगलवार शाम चुनाव प्रचार थम गया। चुनाव प्रचार थमने के बाद जनता के बीच मतदान को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। वही नगर पंचायत क्षेत्र के चुनावी मठाधीश अभी से ही परिणाम की घोषणा भी करने लगे है। परंतु 13 मई की तारीख ही निश्चित करेगी कि आखिर अध्यक्ष पद का ताज किसके सिर सजेगा?




4 मई को पड़ेंगे वोट, प्रशासन अलर्ट

### सुबह 7 से शाम 6 तक पड़ेंगे वोट

निकाय चुनाव 4 मई को सुबह होगा सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक वोट पड़ेंगे नियमानुसार मतदान के 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार बंद करने का नियम है, जिसके तहत आज शाम 6:00 बजे चुनाव प्रचार को बंद कर दिया जाएगा। जिले की नगर पालिका में अध्यक्ष का एक और सभासद के 34 पदों के लिए मतदान होगा। इसके अलावा नौ नगर पंचायतों में अध्यक्ष के 9 और सभासद के 110 पदों के लिए 4 मई को मतदान होगा।

### तैयारियों में जुटा प्रशासन

जिला प्रशासन चुनाव को शांतिपूर्ण कराने की कवायद में तैयारियों में जुटा हुआ है। पुलिस और जवानों को जगह-जगह पर अलर्ट कर दिया गया है। सतर्क रहने के लिए निर्देश दिए गए और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। डीएम माला श्रीवास्तव ने बताया कि चुनाव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जगह-जगह पर जिला प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव को शांतिपूर्वक कराने की कवायद में प्रशासन लगातार चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगा और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव को करवाया जाएगा।

## डीएम-एसपी ने पोलिंग बूथों का किया मुआयना

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। आगामी 4 मई को मतदान के मद्देनजर प्रशासनिक अमला चुनाव से पहले अपनी तैयारियों के पेंच कसता दिख रहा है। बीते सोमवार जहाँ चुनाव पर्यवेक्षक वंदना वर्मा वा एसडीएम राजेंद्र कुमार ने तहसीलदार अभिनव पाठक के साथ कस्बे के सभी बूथों की व्यवस्थाओं को जाँचा वही आज जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव एसपी आलोक प्रियदर्शी के साथ कस्बे के तीनों मतदान केंद्रों, प्राथमिक विद्यालय बछरावां, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज वा श्री गाँधी विद्यालय इंटर कॉलेज में मतदान केंद्रों की व्यवस्थाये देखी और कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को इसको सही कराने के लिये निर्देशित भी किया। इस मौके पर एसडीएम राजेन्द्र कुमार क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार वा कोतवाल बृजेश कुमार राय पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।

# प्रचार के अन्तिम दिन प्रत्याशियो ने झोंकी ताकत

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।






नगर पालिका परिषद गंगाघाट में प्रत्याशियों ने प्रचार के अंतिम दिन पूरी ताकत के साथ प्रचार किया। किसी ने रोड शो किया तो किसी ने घर-घर जाकर वोट मांगे। सभी ने जीतने के बाद विकास का वादा किया। मतदाताओं ने भी प्रत्याशियों को निराश नहीं किया। उन्होंने सामने पड़ने वाले हर प्रत्याशी को वोट देने का आश्वासन दिया। चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो मतगणना के बाद ही पता चलेगा लेकिन सभी प्रत्याशी क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति का दावा ठोंक रहे हैं। ऐसे लगता है कि इससे मतदाताओं पर उनकी पकड़ और मजबूत होगी। भाजपा प्रत्याशी रंजना गुप्ता ने मंगलवार को अभिनेता अरुण गोविल व अभिनेत्री दीपिका चीखलिया और हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी समेत सैकड़ो समर्थकों के साथ रोड-शो किया। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ राजधानी मार्ग, पोनी रोड समेत कई स्थानों पर जनसंपर्क किया। कहा कि वोट का प्रतिशत बढ़ना पार्टी की विजय के संकेत है। जनता सुशासन के लिए भाजपा के साथ खड़े हो गए है। निर्दलीय प्रत्याशी कौमुदी पांडेय ने पोनी रोड, राजधानी मार्ग आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। कहा कि जीत के बाद नगर में बगैर भेदभाव के हर वार्ड का विकास सभी वर्गो को बराबरी का दर्जा मिलेगा। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी गीता शुक्ला ने समर्थकों के साथ शहर के कई स्थानों पर भ्रमण कर वोट मांगे। जनसंपर्क के दौरान दीपनारायण ने कहा कि एक-एक वोट कीमती है। कहा कि जनता कांग्रेस के साथ है और कांग्रेस का हाथ हमेशा आम आदमी के साथ रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### फिल्म प्यारा कुल्हड़ का ट्रेलर और पोस्टर लांच




रायबरेली, समृद्धि न्यूज। अभिनेता गौरव कुमार का एक और बॉलीवुड फिल्म ट्रेलर और पोस्टर हुआ लांच फिल्म का नाम है प्यारा कुल्हड़ उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के रहने वाले बॉलीवुड अभिनेता गौरव कुमार जो कि एक से बढ़कर एक फिल्म बना रहे हैं अभी गौरव कुमार की जल्द ही हिंदी फिल्म रायबरेली आई थी जो कि गौरव कुमार के जिले पर बनी है और इस फिल्म में गौरव कुमार ने बकायदा विलेन की भूमिका निभाई है गौरव कुमार को पर्दे पर देखकर अमरीश पुरी जी की यादे ताजा हो जाती हैं जिस तरह रायबरेली में गौरव कुमार जी ने शंकर की भूमिका निभाई है कोई भी देखकर भयभीत हो जायेगा और सीतापुर सिटी ऑफ गैंगस्टर में करन की भूमिका निभाई है और अब प्यारा कुल्हड़ का टीजर हुआ लांच प्यारा कुल्हड़ में गौरव कुमार जी एक नए अंदाज के साथ गुलशन ग्रोवर जी के साथ बतौर एक खालनायक की भूमिका में ही नजर आएंगे प्यारा कुल्हड़ में गौरव कुमार जी और गुलशन ग्रोवर जी आमने सामने टकराते हुए दिखेंगे, गौरव कुमार जी अपने उत्तर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं, गौरव कुमार जी बहुत बहुत बधाई।

### पोषण अभियान के अन्तर्गत पानी नहीं केवल स्तनपान अभियान 30 जून तक

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार द्वारा पोषण अभियान के अन्तर्गत समस्त कन्वर्जेंस विभागों के सहयोग से 01 मई से 30 जून 2023 की अवधि में पानी नहीं, केवल स्तनपान अभियान चलाया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाये जाने के दृष्टिगत शिशु के जन्म के 01 घण्टे के अन्दर स्तनपान प्रारम्भ कराये जाने एवं 06 माह की आयु तक शिशु को ''केवल स्तनपान'' कराने के सम्बन्ध में उक्त अभियान के अन्तर्गत बच्चे के लिए मां के दूध का महत्व तथा सघन स्तनपान के व्यवहार के प्रति जनसामान्य को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि उक्त अभियान में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायती राज, ग्राम्य विकास एवं नगर विकास विभाग, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, यूनिसेफ वर्ल्ड विजन, टी0एस0यू0 तथा अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सक्रिय सहयोग एवं योगदान प्राप्त किया जायेगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गभींर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के कुन्ना गांव निवासी राजू पुत्र उमाशंकर अपने मित्र अनुराग पुत्र अनूप के साथ किसी काम के लिए बाइक से मियागंज कस्बा आये थे जहां से दोनों वापस घर लौट रहे रहे थे। अभी दोनों कस्बा के पास ही पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर बाइक सवार युवक को पीछे से अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मौलाबाकीपुर गांव निवासी सचिन पुत्र गुरू प्रसाद बाइक से आसीवन थाना क्षेत्र के मकबूल खेड़ा गांव से मजदूरी करके वापस लौट रहा था। अभी वह किरमिली मोड़ के पास पहुंचा था कि बांगरमऊ से लखनऊ की ओर जा रहे अज्ञात वाहन चालक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मवेशियों की लड़ाई की चपेट में आने से महिला घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। आवारा मवेशियों की लड़ाई में रास्ते से गुजर रही महिला चपेट में आ कर गभींर रुप से घायल हो गयी जिसे परिजनों ने इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया है। औरास थाना क्षेत्र के सिधूर गांव निवासी मंजू पत्नी श्याम किशोर 40 मंगलवार को रास्ते से गुजर रही थी इसी बीच दो आवारा मवेशियों के बीच लड़ाई होने लगी पास से गुजर रही महिला मवेशियों के बीच फस गयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। ग्रामीणों ने लाठी डंडा पटक कर मवेशियों को दूर किया।

### भाजपा प्रत्याशी ने निकाला जुलूस

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बांगरमऊ नगर पालिका अध्यक्ष पद के बीजेपी प्रत्याशी पुनीत गुप्ता ने आज नगर के प्रमुख मार्गों पर जुलूस निकाला। जुलूस में भारी संख्या में समर्थक शामिल हुए। उन्होंने मतदाताओं से आगामी 4 मई दिन गुरुवार को आयोजित मतदान में कमल वाले खाने पर मोहर लगाकर भारी बहुमत से विजई बनाने की अपील की।

# कॉंग्रेस प्रत्याशी ने जनसम्पर्क कर वोट मांगे



रायबरेली, समृद्धि न्यूज

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस प्रत्याशी शत्रोहन सोनकर के साथ सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनसम्पर्क कर वोट मांगे. केन्द्रीय कार्यालय आंख अस्पताल से चन्दापुर कोठी, प्रभू टाऊन, बेलीगंज, मन्सा देवी, गुरू नानक नगर, बस स्टेशन होते हुए तिलक भवन में जनसम्पर्क समाप्त हुआ।

कांग्रेस प्रत्याशी शत्रोहन सोनकर ने जनता से हाथ के पंजे पर मोहर लगाने की अपील की, उन्होंने कहा एक और सत्ता पक्ष के बड़े-बड़े नेता और ठेकेदार है, दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी का आम कार्यकर्ता, शत्रोहन सोनकर ने नगर पालिका को ठेकेदारों और रसूखदारों से मुक्त कराकर आम जनता का खोया विश्वास पुनः बहाल करने की बात कही, उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में जो शहर की दुर्दशा हुई, उसका जवाब जनता भाजपा से पूछ रही है। और दोबारा धोखा खाने के लिए तैयार नही है कांग्रेस प्रत्याशी ने जनता से हाथ जोड़कर कांग्रेस पार्टी को वोट देने की अपील की।

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभ के लिए करें आवेदन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज




उत्तर प्रदेश शासन ने ''मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना'' लागू की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र प्राप्त/आमंत्रित किये जाने हेतु उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन उपायुक्त नेहा सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि निम्न शर्ते पूरे करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन-पत्र कार्यालय उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र से प्राप्त किये जायेंगे। अभ्यर्थी हाईस्कूल या समकक्ष उत्तीर्ण हो तथा उसकी उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य हो, आवेदक किसी वित्तीय संस्था/सरकारी संस्था/बैंक इत्यादि का चूककर्ता डिफॉल्टर नहीं होना चाहिए, आवेदक द्वारा पूर्व के संचालित प्रधानमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री रोजगार योजना अथवा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्य किसी स्वरोजगार योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त नही होना चाहिए, आवेदक द्वारा चयनित उद्यम यदि उत्पादन है तो परियोजना लागत 25.00 लाख से अधिक नही होना चाहिए तथा सेवा में 10.00 लाख से अधिक नही होना चाहिए, सामान्य जाति के अभ्यर्थी को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत व अनुसूचित जाति/ अनु0जनजाति/ पिछड़ी जाति/विकलांग /महिला/ अल्पसंख्यक वर्ग के अभ्यर्थी को परियोजना लागत का 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाया जायेगा, सभी लाभार्थियों को योजना लागत का 25 प्रतिशत मार्जिन मनी दी जायेगी, जो दो वर्ष उद्यम संचालन पर अनुदान में बदल जायेगी, योजना के अन्तर्गत मात्र उद्योग व सेवा क्षेत्र के उद्यम ही आच्छादित हैं एवं आवेदक को आवेदन पत्र व्द.स्पदम भरते समय निम्न प्रपत्र स्व प्रमाणित अपलोड करना होगा, (अ) शपथ-पत्र (निर्धारित प्रारूप पर), (ब) परियोजना प्रारूप (निर्धारित प्रारूप पर) विस्तृत परियोजना रिपोर्ट अलग से संलग्न करना होगा जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर होगा, (स) विशेष श्रेणी के लाभार्थियों को लाभ प्राप्त करने हेतु समक्ष प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्रों की स्व प्रमाणित प्रतियां संलग्न करना होगा, (द) आधार कार्ड की छायाप्रति, (य) शैक्षिक योग्यता व आयु के प्रमाण हेतु हाईस्कूल अथवा समकक्ष योग्यता का स्वहस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा, (र) निवास करने, आश्रितों की संख्या व कार्य के अनुभव के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान/सभासद का प्रमाण-पत्र, (ल) पैन कार्ड (व) बैंक पासबुक की छायाप्रति योजनान्तर्गत मात्र ऑनलाइन आवेदन पत्र ही मान्य होंगे। आवेदन-पत्र मैन्यूली स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इच्छुक आवेदक बेवसाइट www. diupmsme. upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन व अधिक जानकारी हेतु कार्यालय-जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र रायबरेली में सम्पर्क कर सकते है।

# सपा प्रत्याशी ने जुलूस निकाल किया शक्ति प्रदर्शन

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

चुनाव प्रचार के आज अंतिम दिन समाजवादी पार्टी से नगर पालिका परिषद उन्नाव की अध्यक्ष पद प्रत्याशी श्रीमती नीतू रमन पटेल के समर्थन में चुनाव कार्यालय से विशाल जुलूस निकला जिसमें सैकड़ों चौपहिया दोपहिया वाहनों के साथ हजारों की संख्या में सपाइयों ने भाग ले नगर की सड़कों पर अपनी जनशक्ति का प्रदर्शन किया।




इन्दिरा नगर स्थित चुनाव कार्यालय से सपा के जिलाध्यक्ष राजेश यादव पूर्व मंत्री सुधीर रावत पूर्व विधायक सुन्दरलाल यादव के नेतृत्व तथा प्रत्यासी नीतू रमन पटेल की अगुआई में पैदल तथा दोपहिया चारपहिया लम्बे काफिले के साथ शुरू जुलूस छोटा चौराहा बड़ा चौराहा होते हुए मोतीनगर पहुंचा। जहां भरत मिलाप गिरजाबाग रामनगर दुपरापुर होते हुए तालिब सरांय पहुंचा। जहां से छिपियाना चौराहा कसाई चौराहा से होकर नगर पालिका परिषद कार्यालय पर खत्म हुआ।

जुलूस में साधू यादव रमन पटेल रामबहादुर यादव जितेन्द्र कुशवाहा आनन्द मिश्रा, उमाशंकर यादव शिवबहादुर पटेल जितेन्द्र रावत दीपक मिश्रा अफजाल अहमद उमाशंकर यादव, मनीष सैनी अंशू रावत राज वर्मा महेश लोधी धनीराम वर्मा परवेज शकील अमन अंजुम सुबोध त्रिपाठी हेमन्त पाल आफाक सलमान आदि हजारों सपाइयों ने भाग लिया।

# बुधवार को दुकानें खुली रखें व्यापारी : अश्वनी सिंह

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



व्यापार प्रतिनिधिमंडल बग्गा गुट के महराजगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अश्वनी सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने बताया कि रायबरेली जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर 4 तारीख को मतदान होना है। जिसमें महराजगंज नगर पंचायत में भी 4 तारीख को मतदान होगा व्यापार मंडल अध्यक्ष ने बताया की महराजगंज नगर में साप्ताहिक बंदी बुधवार को होती है लेकिन 4 तारीख को मतदान होने के कारण महराजगंज में बंदी रहेगी अता व्यापारी अपनी दुकान 3 तारीख बुधवार को भी खुली रखें और आगामी 4 तारीख को बंदी होने के कारण अबकी बार बुधवार को सभी व्यापारियों से अपील है कि वह दुकान खुली रखें क्योंकि बुधवार को भी अगर बंद की जाएगी तो सप्ताह में 2 दिन व्यापार प्रभावित होगा इसको देखते हुए व्यापारियों से अपील की गई है कि वह अपनी दुकानें 3 तारीख दिन बुधवार को खुली रखें जिससे उन्हें 2 दिन की बंदी का सामना न करना पड़े।

# बेमौसम बारिश ने किसानों की तोड़ी कमर

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

बैसाख के महीने में सावन की तरह हुई बरसात ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में पड़े गेहूं के बोझ तेज बारिश के चलते भीग जाने के कारण गेहूं काले होने की आशंका से किसान परेशान हैं।

सोमवार देर शाम 7 बजे लगभग 1 घंटे हुई बारिश से जहां किसान परेशान रहे वहीं देर रात 12 से 1 तक हुई तेज बारिश ने किसानों के चेहरे पर शिकन ला दी है। खेतों में अभी लगभग 20 प्रतिशत किसानों की फसल खेतों में पड़ी हुई है। बारिश से लगभग 1 सप्ताह तक थ्रेसरिंग का कार्य प्रभावित रहेगा। नगर पंचायत बीघापुर के कृषक धुनारी वर्मा ने बताया कि उसके लगभग 400 बोझ खेतों में पड़े है, रोज हो रही हल्की



फुल्की बारिश के चलते थ्रेसरिंग की कटाई नहीं हो पा रही है। सोमवार को भी तेज बारिश से गेहूं काले होने की समस्या है। खेतों में पड़े बोझ में दीमक की वजह से ज्यादा नुकसान की संभावनाएं हैं। किसान कालिका यादव, ननकऊ यादव, कृष्ण कुमार, सुरेश ने बताया कि यदि इसी तरह बारिश का अभी और दौर चला तो गेहूं की फसल उग आने की भी संभावनाएं है।

# उन्नाव नगर पालिका में त्रिकोणीय संघर्ष के बने समीकरण

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उन्नाव के चल रहे चुनाव में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार नजर आ रहे हैं। यद्यपि सही परिणाम मतगणना के बाद ही घोषित होंगे लेकिन आज प्रचार के अन्तिम दिन तीनो दलो के प्रत्याशियों द्वारा किये गये शक्ति प्रदर्शन ने मुकाबले को काफी रोचक बना दिया है।

भाजपा के लिए चुनौती बनी अध्यक्ष उन्नाव नगर पालिका परिषद की सीट पर कब्जा जमाने के लिए इस बार भाजपा ने श्रीमती श्वेता मिश्रा पत्नी भानू मिश्रा पर दांव लगाया है जिनके पक्ष में प्रदेश के मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में जन सभा कर चुके हैं। गत निकाय चुनाव में सपा प्रत्यासी ऊषा कटियार से पराजय का स्वाद चख चुकी भाजपा हर कीमत पर यह सीट जीतना चाहती है जिसके लिए भाजपाई हर चुनावी करतब अजमा रहे हैं लेकिन भाजपा से विद्रोह कर बसपा से अपनी पत्नी अनीता द्विवेदी को चुनाव लड़ा रहे विमल द्विवेदी भाजपा की जीत में सबसे बड़े अवरोध बने हैं जबकि कांग्रेस ने सुमित गुप्ता की पत्नी सीमा गुप्ता पर दांव खेला है। वहीं सपा ने नीतू पटेल पत्नी रमन पटेल को चुनावी समर में उतारा है जबकि दो निर्दल कुल छः प्रत्याशी चुनावी समय में हैं और अपनी अपनी जीत के प्रति अश्वस्त है। एक लाख 42 हजार 438 मतदाताओ वाली नगर पालिका परिषद उन्नाव में 48 प्रतिशत मतदाता पिछड़े वर्ग के हैं शेष सामान्य मुस्लिम तथा अनूसूचित वर्ग के मतदाता हैं और हर वर्ग के बहुसंख्यक मतदाता अपने-अपने वर्गीय प्रत्यासी के पक्ष में खड़े नजर आ रहे हैं। सपा की एक बड़ी मतदाता संख्या उसके साथ है इससे इन्कार नहीं किया जा सकता जबकि कांग्रेस तथा बसपा प्रत्यासी दोनों सामान्य वर्ग से हैं, जिनके पक्ष में इनके सजातीय मतदाता जुड़े हैं, जो अन्ततः भाजपा को कमजोर कर रहे है, लिहाजा नगर के कुछ राजनीतिक पण्डित जो मूलतः भाजपा से है लेकिन एक सोची समझी रणनीति के तहत बसपा प्रत्यासी का समर्थन व प्रचार-प्रसार कर रहे हैं जिससे सपा समर्थक मुस्लिम मतदाता बिखर जांय और अन्ततः भाजपा प्रत्यासी को बढ़त मिल जाये लेकिन यह तो वक्त के हांथ में है। वैसे भी जन्मतः शासक वर्ग से ताल्लुक रखने वाली मुस्लिम जमात इन चन्द कूटनीतिज्ञों के झांसे में फंसकर बिखर जाय, ऐसा कुछ संभव नहीं लग रहा है फिर भी राजनीति में सब कुछ संभव है। लगभग एक पखवारे से चल रहे चुनाव प्रचार के आज अंतिम दिन सभी ने रामलीला मैदान से जुलूस निकाल अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है जिससे पूरे दिन नगर में जाम की स्थिति बनी रही। लोगो में चर्चा है कि अन्ततः नगर का बहुसंख्यक पिछड़ा वर्ग और मुस्लिम मतदाता ही हार-जीत का कारण बन सकता है। हालांकि जीत-हार का तो निर्णय 13 मई को मतगणना तय करेगी लेकिन वर्गीय समीकरण ने मामले को त्रिकोणीय संघर्ष के मोड़ पर खड़ा करके रोचक बना दिया है।

# अधिकारियो के आश्वासन पर अंतिम संस्कार को तैयार हुए परिजन

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

- युवक द्वारा विधायक पर आरोप लगा आत्मदाह करने का मामला
- मृतक के परिजनों की मांग पर गांव के ही तीन लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

मंगलवार को काफी जद्दोजहद के बाद एडिशनल एसपी शशि शेखर, एसडीएम हसनगंज देवेन्द्र प्रताप सिंह, एडीएम नरेंद्र सिंह, सीओ सफीपुर रिषिकांत शुक्ला द्वारा मृतक के परिजनों की मांग को मान लिया गया और तीन लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर कार्यवाही किये जाने के साथ आर्थिक सहायता, कृषि योग्य भूमि का पट्टा, दिव्यांग प्रमाण पत्र, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड बनावया जायेगा। जब प्रषासन ने इन मांगों को पूरा किए जाने का आष्वासन दिया तब जाकर मृतक के परिजन शव का अतिंम संस्कार करने के लिए तैयार हुए। पुलिस की मौजूदगी में परियर घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

मांखी थाना क्षेत्र के रनागढी गांव निवासी आनंद मिश्र 35 पुत्र राम सेवक ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास के बाहर खुद को आग लगा ली थी, जिसको गभींर हालत में लखनऊ स्थिति सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी हालत नाजुक होने पर केजीएमयू अस्पताल रेफर कर दिया गया था, जहां इमर्जेंसी वार्ड में इलाज चल रहा था।

रविवार की रात को उसकी मौत हो गयी। सोमवार को पीएम के बाद शव पुलिस की सुरक्षा में गांव पहुंचा जहां मृतक के भाइयों ने सफीपुर विधायक बम्बा लाल दिवाकर के खिलाफ आरोप लगाते हुए हत्या का मुकद्दमा दर्ज करने की मांग लगातार उठा रहे थे। सोमवार को ही परिजनों को अंतिम संस्कार करने के लिए समझाने का प्रयास किया जाता रहा लेकिन परिजन तैयार नहीं हुए तो शाम को एसडीएम हसनगंज देवेन्द्र प्रताप सिंह, एडीएम नरेंद्र सिंह, एडिशनल एसपी शशि शेखर ने समझाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए तो देर रात डीएम अपूर्वा दुबे परिजनों को एकांत में समझाती रही फिर भी परिजन विधायक के खिलाफ हत्या का मुकद्दमा दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे। अधिकारी रात भर गांव में रुके रहे। मंगलवार की सुबह फिर से समझाने की कवायद शुरू हुई और बात बनी भी लेकिन परिजन फिर से भड़क गए और विधायक के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज करने की मांग करने लगे। दोपहर बाद एक बार फिर से एडिशनल एसपी शशि शेखर, एसडीएम हसनगंज देवेन्द्र प्रताप सिंह ने ग्राम प्रधान राजू चौरसिया और प्रबुद्ध नागरिकों के साथ मृतक के भाई मनोज मिश्र और राजू मिश्र को समझाया और कहा कि जो जायज मांग होगी वो पूरी की जायेगी जिसपर मृतक के परिजनों ने गांव के शिव प्रसाद, नन्हके, महेंद्र सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज करना, परिजनों को आर्थिक सहायता, चारों भाइयों के नाम कृषि योग्य भूमि का पट्टा, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनेगा। दोपहर बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए और पुलिस की सुरक्षा के बीच शव को गंगा तट लेकर रवाना हो गए।

# अग्निकाण्ड के पीड़ितों को भिजवाई राहत सामग्री

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

बांगरमऊ क्षेत्र ग्राम मल्लाहनपुरवा में करीब एक दर्जन परिवारों गृहस्थी आग से जलकर स्वाहा हो गई थी। इस हृदय विदारक घटना की सूचना मिलते ही पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने अनाज, कपड़े, तिरपाल, बर्तन सहित अन्य राहत सामग्री आवंटित कराई।

पूर्व सांसद एवं सपा नेता अन्नू टंडन के प्रतिनिधि विवेक शुक्ला ने आज आग से प्रभावित ग्राम मल्लाहनपुरवा निवासी घासीराम निषाद, राजकुमार निषाद, रामदीन निषाद, राजेन्द्र निषाद, विनोद निषाद, त्रिलोकी निषाद, सर्वेश कुमार निषाद, पप्पू निषाद, ठाकुर प्रसाद, दिनेश



निषाद आदि परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। ज्ञात हो पूर्व सांसद अन्नू टंडन इस समय कोरोना जैसी घातक बीमारी से ग्रसित हैं। इसके बावजूद उन्होंने तत्काल ग्रामीणों की मदद को हाथ बढ़ाते हुए पीड़ितों को राहत पहुंचाई। राहत सामग्री आवंटन के समय रामचंद्र निषाद, अजय निषाद, सोनू सिंह, विजय द्विवेदी, डॉ विजय निषाद, अनुरुद्ध सिंह, जगदीश निषाद, रंजीत राजपूत आदि ग्रामीण मौजूद थे।

हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



# घृणा की भाषा

लंबे समय से राजनेताओं व कार्यकर्ताओं के अभद्र भाषा वाले बयान हर जिम्मेदार नागरिक को परेशान करते रहे हैं। देश का जनमानस यह देखकर परेशान तो था लेकिन कुछ करने की स्थिति में नजर नहीं आया। घृणा फैलाने वाले बयानों की लगातार हो रही आवृत्ति को देखकर चिंतित सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे घृणा फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज करें, अब चाहे इस बाबत कोई मामला दर्ज न भी करे। वैसे यह पहली बार नहीं है कि शीर्ष अदालत ने देश की गंगा-जमुनी संस्कृति को ठेस पहुंचाने की कोशिशों को लेकर अप्रसन्नता जाहिर की हो। यहां तक कि पिछले माह इस तरह की अभद्र भाषा को एक दुश्चक्र बताया था। साथ ही अचरज व्यक्त किया था कि अब तक देश के राज्य इस तरह की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिये कोई कारगर तंत्र क्यों विकसित नहीं कर पाये। निस्संदेह, किसी भी समृद्ध लोकतंत्र के लिये अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अपरिहार्य है। जो किसी समाज को जीवंत बनाये रखने तथा पुष्पित-पल्लवित करने के लिये जरूरी शर्त है। यह हमारा संवैधानिक अधिकार भी है। संविधान का अनुच्छेद 19(1)ए सभी नागरिकों को भाषण तथा अभिव्यक्ति की आजादी की गारंटी भी देता है। लेकिन यह आजादी स्वच्छंद व्यवहार की अनुमति नहीं देती। दूसरी ओर संविधान का अनुच्छेद 19(2) राज्य को सात आधारों पर निरंकुश अभिव्यक्ति पर जरूरी अंकुश लगाने के लिये कानून का उपयोग करने के लिये अधिकृत भी करता है। यदि किसी की अभिव्यक्ति से देश की संप्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्य के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, अदालत की अवमानना, मानहानि या किसी अपराध के प्रति उकसाने की कोशिश होती है तो राज्य को दखल देने का अधिकार मिला है। कहने का अभिप्राय यह है कि हमें अभिव्यक्ति की आजादी तो मिली है,लेकिन वह असीमित नहीं है। जरूरत पड़ने पर उसे नियंत्रित किया जा सकता है। दरअसल, हाल के दिनों में मुख्य समस्या धर्म व राजनीति के घालमेल से उत्पन्न हुई है। यह भी तथ्य है कि अभद्र भाषा की कोई सटीक परिभाषा नहीं होती, यही वजह है कि राजनेता अपने बयानों की सुविधानुसार व्याख्या करके अपने बचाव के रास्ते तलाश लेते हैं। विडंबना यह भी है कि अकसर राज्य भारतीय दंड संहिता और अन्य कानूनी प्रावधानों को लागू करने के लिये राजनीतिक हितों के चलते पक्षपातपूर्ण तौर-तरीकों का इस्तेमाल करते हैं। जिसके चलते नफरत फैलाने वाले बचाव के रास्ते निकाल लेते हैं। दरअसल, सही अर्थों में अभिव्यक्ति की आजादी के मायने हैं उन विचारों की आजादी जो एक स्वस्थ बहस और बौद्धिक विमर्श का संवर्धन करते हैं। वैसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का प्रयोग करने पर किसी पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। लेकिन यदि द्वेषपूर्ण भाषण की प्रकृति समाज में अलगाव के बीज बोती नजर आती है, तो उसे दंडात्मक प्रावधानों के जरिये नियंत्रित किया जा सकता है। निस्संदेह, इस तरह के बयान समाज में वैमनस्य और हिंसा को बढ़ावा देते हैं। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र की अभद्र भाषा पर रणनीति और कार्ययोजना के अनुसार, वह भाषण जो किसी व्यक्ति या समूह पर जातीय मूल, धर्म, नस्ल, विकलांगता,यौन स्वरूप पर हमला करता है तो वह अपराध की श्रेणी में माना जा सकता है। वहीं सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस बाबत दिया गया आदेश स्वागत योग्य है कि बिना शिकायत के प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। लेकिन दूसरी ओर पुलिस को बिना शिकायत के अभद्र भाषा का प्रयोग करने वालों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश कई तरह की चिंताओं को भी बढ़ाता है। आशंका जतायी जा रही हैं कि कहीं अपने विरोधियों को सबक सिखाने के लिये राज्य सरकारें इस छूट का दुरुपयोग न करने लगें। आशा की जानी चाहिए कि इस तरह की आशंकाओं को देखते हुए शीर्ष अदालत फैसले पर मंथन करेगी। विशेषकर इस साल होने वाले कुछ विधानसभा चुनावों और आम चुनाव से पहले ऐसी पहल होगी तो उसका सकारात्मक प्रतिसाद मिलेगा।

# सत्य की प्रासंगिकता निरंतर मजबूत होती है

संजीव ठाकुर

**आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म, अध्यात्म, अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण, ज्ञान विज्ञान, जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है। वैश्विक स्तर पर कुछ अमीर देश और मुट्ठी भर धनाढ्य व्यक्ति इस बात को मान्यता देते हैं कि जब ,धन बोलता है तो सत्यम मौन रहता है, पर सार्वजनिक रूप से ऐसा मानना तार्किक स्तर पर जरूर ठीक लगता हो पर दार्शनिक अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से यह पूर्ण रूप से असत्य भी है। पारिवारिक सामाजिक स्तर पर भी देखें तो समाज के नैतिक मूल्यों में आई गिरावट के परिणाम स्वरूप सामाजिक प्रतिष्ठा उसी को प्राप्त होती है जिसके पास पर्याप्त तथा अकूत धन हो। धनवान व्यक्ति की विचारधारा उसकी मान्यताओं को समाज महत्व देता है एवं उसे प्रेरणा का स्रोत माना जाता है। निर्धन व्यक्ति कितना भी विद्वान ऊर्जावान हो उसकी बातें सत्य पूर्ण सत्य तथा उदास बातें भी समाज में कई उदाहरणों में महत्वहीन हो जाती है। धन तथा बाहुबल के महत्व के अनेक उदाहरण राजनीतिक स्तर पर प्रतिदिन हमारे सामने आने लगे हैं। राजनीतिक जीवन में धन के बल पर किए जाने वाले भ्रष्टाचार, चुनाव में धांधली, मतदाताओं की खरीद-फ्रोख्त, पार्टियों पर अनुचित प्रभाव मीडिया चौनल न्यूज प्रिंट मीडिया आदि की खरीदारी सत्य के मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं। आज धन व सत्ता का अनुचित प्रयोग सत्य का दमन तथा उसे नकारने की शक्ति बन चुका है।**

यह तो सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है।

शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम, सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है।

वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि श्सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का श्सांच को आंच नहींश् जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित सत्यमेव जयते आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है। यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे।

आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म, अध्यात्म, अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण, ज्ञान विज्ञान, जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं।

धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है। वैश्विक स्तर पर कुछ अमीर देश और मुट्ठी भर धनाढ्य व्यक्ति इस बात को मान्यता देते हैं कि जब ,धन बोलता है तो सत्यम मौन रहता है, पर सार्वजनिक रूप से ऐसा मानना तार्किक स्तर पर जरूर ठीक लगता हो पर दार्शनिक अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से यह पूर्ण रूप से असत्य भी है। पारिवारिक सामाजिक स्तर पर भी देखें तो समाज के नैतिक मूल्यों में आई गिरावट के परिणाम स्वरूप सामाजिक प्रतिष्ठा उसी को प्राप्त होती है जिसके पास पर्याप्त तथा अकूत धन हो। धनवान व्यक्ति की विचारधारा उसकी मान्यताओं को समाज महत्व देता है एवं उसे प्रेरणा का स्रोत माना जाता है।

निर्धन व्यक्ति कितना भी विद्वान ऊर्जावान हो उसकी बातें सत्य पूर्ण सत्य तथा उदास बातें भी समाज में कई उदाहरणों में महत्वहीन हो जाती है। धन तथा बाहुबल के महत्व के अनेक उदाहरण राजनीतिक स्तर पर प्रतिदिन हमारे सामने आने लगे हैं। राजनीतिक जीवन में धन के बल पर किए जाने वाले भ्रष्टाचार, चुनाव में धांधली, मतदाताओं की खरीद-फ्रोख्त, पार्टियों पर अनुचित प्रभाव मीडिया चौनल न्यूज प्रिंट मीडिया आदि की खरीदारी सत्य के मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं। आज धन व सत्ता का अनुचित प्रयोग सत्य का दमन तथा उसे नकारने की शक्ति बन चुका है। कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सर्वे के अनुसार उसके सूचकांक में भारत का निम्न स्थान धन के बल पर सत्ता प्रतिष्ठानों को प्रभावित करने बढ़ती घूसखोरी, सरकारी गैर सरकारी, कारपोरेट जगत के बढ़ते नैतिक पतन को उजागर करता है। विधायिका, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका सभी स्तरों पर सत्य के मूल्य के दमन की घटनाओं से आज अखबार अटा पड़ा है।

आज की स्थिति में निचले स्तर से उच्च स्तर की अदालतों तक न्याय पाने के लिए महंगे वकील करने के लिए धन की अत्यंत आवश्यकता होती है, न्याय भी अब धन पर आधारित हो गया है। न्याय पाना अब गरीबों का हक नहीं रह गया है, यह केवल अमीर लोगों की मुट्ठी में बंद होकर रह गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिखने वाली बराबरी अनेक बार सत्य को दबाकर दादागिरी के बल पर अमीर देशों की जिद की भेंट चढ़ जाती है। अमीर देशों की धन के दम पर दादागिरी कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों में दिखाई देती है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन पर होने वाले वैश्विक सम्मेलन इसीलिए भी असफल होते दिखाई दिए हैं। क्योंकि अमीर देश कार्बन उत्सर्जन की मात्रा की जिम्मेदारी ज्यादा जनसंख्या वाले विकासशील देशों के सिर पर डाल देते हैं। सत्य की मनमानी व्याख्या आधुनिक युग की सच्चाई है सत्य का दमन इस स्तर पर पहुंच चुका है कि व्यक्ति अपने व्यक्तिगत स्तर पर दिन में कितनी बार धनबल के दबाव में अपने अंतःकरण से समझौता कर अपनी सहज प्रवृत्ति का दमन करने से नहीं चूकता है। और अंत में स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि सत्य में वह शक्ति है जो मानव को असीमित शक्ति और अतुल्य बल प्रदान कर सकती हैष् यदि तुम अखंड सत्य का पालन करो तो कोई भी तुम्हें रोकने में समर्थ नहीं है, यह तो सत्य है कि सत्य की शक्ति अत्यंत व्यापक एवं सर्वकालीन है।

विचार

# छत्तीसगढ़ में भाजपा को बड़ा झटका

आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ राज्य में इस वर्ष के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इस बार भी कांग्रेस की वापसी के आसार मजबूत हैं, जबकि भाजपा के लिए अपनी खोई सत्ता को दोबारा हासिल करना कठिन होता जा रहा है। इस कठिनाई के बीच भाजपा को एक जोरदार झटका लगा है। भाजपा के तीन बार विधायक, तीन बार सांसद, नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष रह चुके, कद्दावर आदिवासी नेता नंदकुमार साय ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद सोमवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। चुनावी मौसम में राजनेताओं का दलबदल करना अब मामूली बात हो गई है। पद और सत्ता के लोभ में बहुत से नेता विचारधारा को ताक पर रखकर उस दल में चले जाते हैं, जिसके सत्ता में आने की संभावनाएं अधिक होती हैं। दलबदलू नेताओं की साख और प्रभाव सवालों के दायरे में रहते हैं। लेकिन नंदकुमार साय का प्रकरण अलहदा है। वे राजनीति के शुरुआती दौर से भाजपा से जुड़े रहे। पहले अविभाजित मध्यप्रदेश और फिर छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद भाजपा की जड़ें मजबूत करने में उनकी अहम भूमिका रही। हिंदुत्व की राजनीति करने वाली भाजपा की पैठ आदिवासी इलाकों में बनाने के लिए नंदकुमार साय ने बहुत मेहनत की। जब छत्तीसगढ़ राज्य बना तो आदिवासी चेहरे को आगे करने के लिए कांग्रेस ने अजीत जोगी पर दांव लगाया। उनके सामने नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी भाजपा ने आदिवासी नेता नंदकुमार साय को दी। श्री साय ने अपनी भूमिका से पूरा न्याय किया। अजीत जोगी के मुख्यमंत्रित्व काल में नंदकुमार साय ने भाजपा नेताओं के साथ रायपुर में विशाल प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था जिसमें नंदकुमार साय भी घायल हुए। उनका पैर फ्रैक्चर हो गया था। इसके बाद उन्होंने जोगी सरकार के अत्याचार को पूरे प्रदेश में मुद्दा बनाया और इसका ऐसा असर हुआ कि अगले चुनाव में कांग्रेस की हार हुई। अजीत जोगी के हाथ से सत्ता तो गई ही, कांग्रेस को लगातार 15 साल तक विपक्ष में बैठना पड़ा। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा को खड़ा करने में नंदकुमार साय की अहम भूमिका रही। 2017 में मोदी सरकार में उन्हें राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का प्रमुख बनाया गया था। इस पद पर वे 2020 तक रहे। लेकिन बीते कुछ समय से वे खुद को पार्टी में उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उन्होंने कई बार पार्टी को लेकर अपनी नाराजगी सार्वजनिक तौर पर प्रकट की। रविवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को भेजे गए अपने इस्तीफे में भी उन्होंने लिखा कि पिछले कुछ समय से मेरी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से मेरे विरुद्ध अपनी ही पार्टी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों द्वारा षड्यंत्रपूर्वक मिथ्या आरोप एवं अन्य गतिविधियों द्वारा लगातार मेरी गरिमा को ठेस पहुंचाया जा रहा है। भाजपा के नेताओं ने इस इस्तीफे के बाद कहा तो था कि नंदकुमार साय को मनाने की कोशिश की जाएगी। लेकिन इस्तीफे के घंटे भर के भीतर ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने उन्हें कांग्रेस में आने का न्यौता दिया और सोमवार को नंदकुमार साय का राजनैतिक कायांतरण हो गया। अब वे भाजपाई से कांग्रेसी बन गए हैं और इस घटनाक्रम से राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है। श्री साय ने कांग्रेस प्रवेश के मौके पर कहा कि, अटल, आडवाणी की जो पार्टी थी, वो पार्टी अब उस रूप में नहीं है। परिस्थितियां बदल चुकी हैं। दल महत्वपूर्ण नहीं है, आम जनता के लिए काम करना है। मिलकर काम करेंगे तो छत्तीसगढ़ अच्छा होगा। उन्होंने भूपेश सरकार की नरवा गरुवा घुरवा बाड़ी जैसी योजनाओं की तारीफ की और कहा कि इस योजना के जरिए भूपेश सरकार ने गौ का सम्मान किया है। भूपेश बघेल राम वन गमन पथ का निर्माण कर रहे हैं। नंद कुमार साय के इस्तीफे से लेकर कांग्रेस प्रवेश तक की बातों को विश्लेषित करें तो कुछ बातें स्पष्ट होती हैं। पहली, भाजपा में पुराने नेताओं के सम्मान को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। जब मोदीजी प्रधानमंत्री बने थे तो कई कद्दावर नेता मार्गदर्शक मंडल के नाम पर किनारे कर दिए गए थे। इस उपेक्षा का नतीजा अब नजर आ रहा है। दूसरी, श्री साय ने राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों द्वारा षड्यंत्रपूर्वक आरोपों का जिक्र किया है, यानी पार्टी में अंदरूनी खींचतान चल रही है। कर्नाटक में इस बार भाजपा इसी खींचतान का शिकार होते दिख रही है। राजस्थान में भी यह गुटबाजी है। तीसरी, नंदकुमार साय राम और गाय का जिक्र कर यह संदेश अपने समर्थकों को दे रहे हैं कि वे पार्टी बदल रहे हैं, विचारधारा नहीं। उन्होंने पार्टी से अधिक जनता के काम करने को महत्वपूर्ण बताया है। नंदकुमार साय के भाजपा छोड़ने के पीछे वजहें जो भी रही हों, यह तय है कि भाजपा के लिए अब चुनावों में कठिनाइयां बढ़ेंगी। छत्तीसगढ़ में 32 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है और 90 में से 29 सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं। पिछली बार भाजपा को आदिवासी इलाके में एक भी सीट नहीं मिली थी, तो इस बार भी जीत के आसार दिख नहीं रहे। बल्कि विधानसभा के बाद आम चुनावों में भी भाजपा के लिए मुश्किल बढ़ सकती है। जबकि श्री साय के कांग्रेस प्रवेश से अब बस्तर से लेकर सरगुजा तक कांग्रेस को जो मुश्किलें पेश आ रही हैं, उन्हें दूर करने में मदद मिल सकती है। यानी कांग्रेस के लिए दोनों तरह से जीतने वाली स्थिति है, बशर्ते वह नंदकुमार साय जैसे वरिष्ठ और जमीन से जुड़े राजनेता का सही इस्तेमाल राज्य और आदिवासियों के हित में करे।

साहित्य



## खुद के सम्मान पाने के फेर में कुछ लोग...

**चुन्नू साहा**
**पाकूड़ झारखण्ड।**

खुद के सम्मान पाने के फेर में,
कुछ लोग अपनों से कटने लगे,
जहाँ भी मिलने लगा थोड़ा सम्मान,
वहीं जाकर खुद से जुटने लगे।
एकबार भी ये सोचा नहीं कि,
वो भला सम्मान मुझे क्यों देने लगे?
कल तक जो कभी देखता नहीं था
मुझे,
वो खुद से क्यों मेरे संग जुटने लगे?
स्वार्थी भरी ये दुनियाँ है, हे भद्रजनों
जरा संभल कर किसी का सम्मान
लेना,
सम्मान के फेर में बहुत कुछ होता है
गंवाना।

## झरोखा

इतनी सस्ती भी नहीं है यहाँ कुछ
कि?
निस्स्वार्थ तुम्हें कोई देगी भला,
जो कुछ भी तुझ पर खर्च करेगा,
वो पाई पाई वसुल भी कर लेगा।
ये इंसानो की बस्ती है भद्रजनों,
यहाँ अपने, पराये जैसे रहते हैं,
स्वार्थ में वशीभूत होकर कुछ लोग
यहाँ,
पराये होकर भी, अपनों से ज्यादा
लगाव रखते हैं।
खुद का मनोरथ पूर्ण होते ही,
वही भद्रजन दूध मे मिली मक्खी की
तरह,
बाहर फेक आते हैं।
चुन्नू कवि का काम था सचेत कर
देना,
अब मरजी आपके ऊपर छोड़ता हूँ,
सोच समझकर ही खुद का सम्मान
लेना,
ये बातें सुन दोहराता हूँ



# राशिफल

**मेष**:- कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभ**:- स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुन**:- किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्क** :- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंह**:- किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कार्य को समय से पूर्ण करें।

**कन्या**:- समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**तुला**:- मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा।

**वृश्चिक**:- सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनु**:- नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**मकर**:- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभ**:- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**मीन**:- क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

# स्वतंत्रता खो रही पत्रकारिता

डॉ. प्रियंका सौरभ

आज पेड न्यूज, मीडिया ट्रायल, गैर-मुद्दों को वास्तविक समाचार के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि वास्तविक मुद्दों को दरकिनार किया जा रहा है, वास्तविक और समाज हित के समाचार को नजरअंदाज किया जा रहा है और मुनाफे और राजनीतिक पक्ष के लिए तथ्य विरूपण, फर्जी समाचार, पीत पत्रकारिता की जा रही है पेड न्यूज के मामलों में वृद्धि के पीछे भारत में अधिकतर मीडिया समूह कॉरपोरेट के बड़े घरानों वाले हैं जो मात्रा लाभ के लिये इस क्षेत्र में है और लाभ के लिए ही कार्य करते हैं। पत्रकारों की कम सैलरी तथा जल्दी मशहूर होने की चाहत भी पीत पत्रकारिता के पीछे एक कारण है। मीडिया लोकतंत्र में जनहित के प्रहरी के रूप में कार्य करता है। यह एक लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और लोगों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व की घटनाओं की सूचना देने का काम करता है।

मीडिया को लोकतांत्रिक देशों में विधानमंडल, कार्यकारी और न्यायपालिका के साथ चौथा स्तंभ माना जाता है। पाठकों को प्रभावित करने में इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जो भूमिका निभाई थी, वह राजनीतिक रूप से उन लाखों भारतीयों को शिक्षित कर रही थी, जो ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में शामिल हुए थे। पत्रकारिता एक पेशा है जो सेवा तो करता ही है। यह दूसरों से प्रश्न का विशेषाधिकार भी प्राप्त करता है। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य निष्पक्ष, सटीक, निष्पक्ष और सभ्य तरीके और भाषा में जनहित के मामलों पर समाचारों, विचारों, टिप्पणियों और सूचनाओं के साथ लोगों की सेवा करना है। प्रेस लोकतंत्र का एक अनिवार्य स्तंभ है। यह सार्वजनिक राय को शुद्ध करता है और इसे आकार देता है। संसदीय लोकतंत्र मीडिया की चौकस निगाहों के नीचे ही पनप सकता है। मीडिया न केवल रिपोर्ट करता है बल्कि राज्य और जनता के बीच एक सेतु का काम करता है।निजी टीवी चौनलों के आगमन के साथ, मीडिया ने जीवन के हर क्षेत्र में मानव जीवन और समाज की बागडोर संभाली है। मीडिया आज चौथे एस्टेट के रूप में संतुष्ट नहीं है, इसने समाज और शासन में सबसे महत्वपूर्ण महत्व ग्रहण किया है। मुखबिर की भूमिका निभाते हुए, मीडिया एक प्रेरक और एक नेता का रूप भी लेता है।

मीडिया का ऐसा प्रभाव है कि यह किसी व्यक्ति, संस्था या किसी विचार को बना या बिगाड़ सकता है। इसलिए सभी व्यापक और सर्व-शक्तिशाली आज समाज पर इसका प्रभाव है। इतनी शक्ति और शक्ति के साथ, मीडिया अपने विशेषाधिकारों, कर्तव्यों और दायित्वों की दृष्टि नहीं खो सकता है। आज पेड न्यूज, मीडिया ट्रायल, गैर-मुद्दों को वास्तविक समाचार के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि वास्तविक मुद्दों को दरकिनार किया जा रहा है, वास्तविक और समाज हित के समाचार को नजरअंदाज किया जा रहा है और मुनाफे और राजनीतिक पक्ष के लिए तथ्य विरूपण, फर्जी समाचार, पीत पत्रकारिता की जा रही है पेड न्यूज के मामलों में वृद्धि के पीछे भारत में अधिकतर मीडिया समूह कॉरपोरेट के बड़े घरानों वाले हैं जो मात्रा लाभ के लिये इस क्षेत्र में है और लाभ के लिए ही कार्य करते हैं। पत्रकारों की कम सैलरी तथा जल्दी मशहूर होने की चाहत भी पीत पत्रकारिता के पीछे एक कारण है। आँकड़े ये राज भी खोलते है कि अधिकतर राजनीतिक दलों के कुल बजट का लगभग 40 प्रतिशत मीडिया संबंधी खर्चों में जाया होता है। चुनावों में प्रयुक्त होने वाला धन बल, शराब तथा पेड न्यूज की अधिकता आज बेहद गंभीर चिंता का विषय है। भारतीय प्रेस परिषद के अनुसार, ऐसी खबरें जो प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में नकद या अन्य लाभ के बदले में प्रसारित किये जा रहे हों पेड न्यूज कहलाते हैं। मगर सांठ-गाँठ कि गुच्छी को खोलकर ये साबित करना अत्यंत कठिन कार्य है कि किसी चौनल पर दिखाई गई विशेष खबर या समाचारपत्र में छपी न्यूज, पेड न्यूज ही है। वस्तुनिष्ठ पत्रकारिता की अनुपस्थिति एक ऐसे समाज में सत्य की झूठी प्रस्तुति को जन्म देती है जो लोगों की धारणा और विचारों को प्रभावित करती है। जैसा कि कैंब्रिज एनालिटिका मामले में देखा गया था, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पक्षपातपूर्ण समाचार कवरेज ने अमेरिकी चुनावों को प्रभावित किया। सनसनीखेज वाले और उच्च टीआरपी दरों का पीछा करने के लिए जैसा कि भारत में 26/11 के आतंकवादी हमलों के कवरेज में देखा गया था, ने राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा को जोखिम में डाल दिया था।

सनसनीखेज चालित रिपोर्टिंग ने न्यायालय के दिशानिर्देशों के बावजूद बलात्कार पीड़ितों और बचे लोगों की पहचान से समझौता किया। पेड न्यूज और फर्जी खबरें जनता की धारणा में हेरफेर कर सकती हैं और समाज के भीतर विभिन्न समुदाय के बीच नफरत, हिंसा, और असहमति पैदा कर सकती हैं। सोशल मीडिया, तकनीकी परिवर्तनों के आगमन के साथ, मीडिया की पहुंच गहराई से बढ़ी है। जनमत को प्रभावित करने में इसकी पहुंच और भूमिका ने पत्रकारिता नैतिकता के प्रवर्तन के लिए अपनी निष्पक्षता, गैर-पक्षपातपूर्ण कॉल को सुनिश्चित करने के लिए इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि मीडिया अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावी ढंग से और कुशलता से निभाने के लिए, मीडिया को अपनी स्वतंत्रता और संपादकीय स्वतंत्रता को बनाए रखते हुए एक अच्छी तरह से परिभाषित आचार संहिता के भीतर काम करना चाहिए। चूंकि गैर-जिम्मेदार पत्रकारिता प्रतिबंध को आमंत्रित करती है, मीडिया को अपनी स्वतंत्रता को लूटना, पेशेवर आचरण और नैतिक अभ्यास मीडिया की स्वतंत्रता की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि मीडिया में निवेशित जनता का विश्वास कायम है। बदलते दौर में मीडिया संबंधित शिक्षण संस्थानों में 'नैतिकता' को बढ़ावा दिया जाना चाहिये। एक 'स्वतंत्र जांच दल' का गठन किया जाना चाहिए जो पत्रकारिता के निष्पक्ष प्रसारण एवं संवेदनशील सूचनाओं के प्रसारण संबंधी कार्यों पर निगरानी रखे। नियमित अंतराल पर समाजविदों तथा मीडियाकर्मियों की बैठक होनी चाहिये जिससे सब मिलकर सामाजिक समस्याओं से संबंधित समाधान खोज सकें एवं रणनीति बना सकें। मीडिया को राजनीतिक दबाव से मुक्त किया जाना चाहिए साथ ही 'पत्रकारिता से संबंधित आचार-संहिता' का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिये।

वर्तमान दौर में खेमों में बंटी पत्रकारिता समाज को गलत दिशा में ले जा रहे है, चौथा खम्भा गिर चुका है। कुछ लोग पत्रकारिता,साहित्य में है क्यूंकि उनको इसकी अपनी स्वार्थ सीधी के लिए जरूरत है। जबकि कुछ लोग इसलिए है कि पत्रकारिता और साहित्य को उनकी जरूरत है, तभी आज समाज बचा हुआ है। ऐसे बहुत से है जो सच और संतुलित लिखने की बजाय सालों से घिस रहे है बसय उनको अपनी प्राथमिक इच्छा के साथ तो न्याय करना चाहिए। बाकी देखा जायेगा, आने वाली पत्रकार पीढ़ी को संतुलित फैसला करके आगे बढ़ना होगा तभी ते स्तम्भ मजबूती से खड़ा होकर तीन अन्यों की बराबरी कर सकता है। मीडिया ने एक-तरफ जहाँ लोगों की जागरूकता का सशक्त माध्यम है, वहीं दूसरी तरफ सरकार को देश की समस्याओं से रूबरू भी करवाती है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माने जाने के कारण उससे अपेक्षा रहती है की वह देशहित में अपना सकारात्मक योगदान दे। आज बदलते समय में मीडिया की भूमिका के साथ-साथ उसके रिपोर्टिंग करने का तरीका भी बदल चुका है। समय को देखते हुए मीडिया को अपने स्वार्थपूर्ति के गीत गाने की बजाय तटस्थ वाचडॉग की भूमिका निभानी चाहिये।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# डीएम-एसपी ने जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को पढ़ाया निर्वाचन का पाठ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को पुलिस लाइंस में जोनल मजिस्ट्रेटों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ ही पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि केवल एक त्रुटि से पूरा निर्वाचन कार्य प्रभावित हो सकता है। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट का दायित्व पूरी सुरक्षा के साथ पोलिंग पार्टियों को बूथों तक पहुंचाना, समय से मतदान प्रारंभ कराना और प्रत्येक 02 घंटे में हुए मतदान की सूचना से अवगत कराने के साथ मतदान संपन्न होने पर पोलिंग पार्टियों को सुरक्षित मतपेटी जमा कराने वाले स्थान तक लाना है। एजेंट आईकार्ड अवश्य लगायेंगे। बूथ पर मोबाइल पर पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा।

जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने समस्त बूथों का भ्रमण अवश्य कर लें। प्रशासन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने के लिए कटिबद्ध है।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने निर्वाचन के जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट से सौंपे गए दायित्वों का सजगता व सतर्कता पूर्वक निर्वहन करने को कहा। प्रत्येक मतदाता बिना भय, निर्विघ्न शांतिपूर्ण तरीके से अपना मतदान कर सके, इसके लिए भी जोनल व सेक्टर अधिकारी की जिम्मेदारी होगी।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव में जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। मजिस्ट्रेट समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं तथा निर्वाचन प्रबंधन के लिए उत्तरदायी रहेंगे। प्री-पोल, ड्यूरिंग द पोल, पोस्ट-पोल पर उनके उत्तर दायित्व समझाएं। मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि के भीतर कोई पोस्टर बैनर ना लगा हो।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने निर्वाचन की सभी बारीकियां से अवगत कराया। कोई भी एजेंट, मतदाता मतदान परिसर में मोबाइल नहीं रखेगा। एएसपी नेपाल सिंह ने भी अपने विचार रखे। बैठक में सीडीओ, एडीएम, एएसपी, 17 जोनल, 30 सेक्टर मजिस्ट्रेट, चुनाव से जुड़े पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



### वोट देने के लिए इनका कर सकते हैं इस्तेमाल

भारत निर्वाचन आयोग से निर्गत मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आयकर पहचान पत्र (पैन कार्ड), राज्य/ केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किये जाने वाले फोटोयुक्त पहचानपत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/ पोस्ट आफिस द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख यथा-भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक, पेंशन भुगतान आदेश, वृद्धावस्था पेंशन आदि, फोटोयुक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेन्स, फोटोयुक्त शारीरिक रूप से अशक्त होने का प्रमाणपत्र, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इण्डिया से जारी स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गये सरकारी पहचान पत्र, राशनकार्ड।

# अध्यक्ष पद के बैलेट का रंग होगा हरा व सफेद

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज़।**

निकाय चुनाव में मतदान के दौरान मिलने वाले बैलेट पेपर का रंग राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्धारित कर दिया है।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि नगरपालिका परिषद लखीमपुर, गोला गोकर्णनाथ, मोहम्मदी एवं पलिया के अध्यक्ष पद का बैलेट पेपर हरे रंग का व नगर पंचायत खीरी, ओयल ढकवा, बरबर, मैलानी, धौराहरा, भीरा, सिंगाही, निघासन के अध्यक्ष पद का बैलेट पेपर सफेद रंग का होगा। 12 नगरीय निकायों में सदस्य पद के लिए




मिलने वाला बैलेट पेपर गुलाबी रंग का होगा। जिले में निकाय चुनाव के लिए मतदान 04 मई को होना है। मतदान के लिए प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है।

एडीएम ने बताया कि मा. राज्य निर्वाचन आयोग के दिए निर्देशों से कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान अवगत करा दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### नगरीय क्षेत्र, नोटिफाइड एरिया की दुकान, वाणिज्य अधिष्ठानों में मतदान तिथि पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के सम्बन्ध में श्रम अनुभाग-3 उप्र शासन लखनऊ द्वारा जारी अधिसूचना के अनुक्रम में जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह ने मतदान की वास्तविक तिथि 04 मई को उप्र दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा 8 के अन्तर्गत् सार्वजनिक अवकाश का दिन घोषित किया है।उक्त जानकारी सहायक श्रमायुक्त डॉ महेश कुमार पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद के नगर पालिका क्षेत्र क्रमश लखीमपुर, गोला गोकर्णनाथ, मोहम्मदी, पलिया, नगर पंचायत क्षेत्र क्रमशः खीरी टाउन, ओयल, मैलानी, बरबर, धौरहरा, सिंगाही भिण्डौरा, निघासन, भीरा तथा नोटिफाइड एरिया क्रमशः तिकोनिया, मैगलगंज, मितौली में स्थित सभी दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों में मतदान की तिथि 04 मई 2023 को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित् किया जाये।

### अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध दर्ज होगी एफआईआर

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए 03 मई को पार्टी रवानगी के दौरान यदि किसी पोलिंग पार्टी का मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहता है तो उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। डीएम ने कहा कि किसी भी मतदान कार्मिक की पोलिंग पार्टी की रवानगी के दौरान गैरमौजूदगी को गंभीरता से लिया जाएगा। संबंधित कार्मिक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए विभागीय कार्यवाही भी की जायेगी। डीएम ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन राज्य निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने बताया कि यदि कोई कार्मिक अस्वस्थ है तो भी वह पार्टी रवानगी स्थल पर रिपोर्ट करेगा। रिटर्निंग ऑफिसर से संपर्क करेगे। आरओ के निर्देश पर वहां मौजूद चिकित्सीय दल उसके स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत ही अंतिम निर्णय लेगा।

### एलपीएस में सीनियर वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए काउंसिलिंग सेशन का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** शहर के लखनऊ पब्लिक स्कूल में सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया। साइको-शिक्षा सेशन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वर्तमान परिवेश में आने वाली विभिन्न समस्याओं का निवारण करना था। सेशन के काउंसलर डॉ. संजय कुमार, प्रोफेसर राजनीति शास्त्र, युवराज दत्त महाविद्यालय रहे। जिन्होंने युवा अवस्था में आने वाली समस्याओं यथा स्वाभाविक क्रोध पर नियंत्रण, तनाव-मुक्त शिक्षा एवं सामाजिक व व्यवहारिक समन्वय का उचित स्थापन आदि पर बल दिया। छात्र-छात्राओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं को डॉ. कुमार के सम्मुख रखा एवं उन्होंने इसका उचित मनोवैज्ञानिक निराकरण दिया। कार्यक्रम के समायोजक अनुराग मिश्र, ब्रांच काउंसलर लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर खीरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। विद्यालय के सीनियर इंचार्ज अखिलेश सक्सेना ने डॉ. संजय कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट किया एवं छात्र-छात्राओं के उचित मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### बकरी चराने गया युवक लापता

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** बकरी चराने के लिए गया युवक वापस घर नहीं लौटा। तलाश करने पर बकरियां तो मिल गई लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित की मां ने पुत्र के लापता होंने की सूचना कोतवाली में दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी रामवती पत्नी राकेश ने पुलिस को बताया कि उनका लगभग 22 वर्षीय पुत्र सोमवार को बकरियां चराने के लिए खेतों की ओर गया था। शाम तक न तो पुत्र घर लौटा और न ही बकरियां घर आई। जिसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई। जब तलाश करते हुए खेतों की ओर पहुंचे तो बकरियां तो मिल गई लेकिन पुत्र गायब था। सभी संभावित स्थानों पर तलाश करने के बाद भी पुत्र मोहित का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित मां ने पुलिस से पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

# निर्दल प्रत्याशी डॉ. इरा ने जारी किया संकल्प पत्र

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका परिषद लखीमपुर की 2012 से 2017 तक बीजेपी से अध्यक्ष रहीं डॉ इरा अब निर्दल प्रत्याशी है। भाजपा से त्यागपत्र भी दे दिया है। उधर बीजेपी का कहना है कि डॉ इरा को बीजेपी से 6 वर्ष के लिए निष्काषित कर दिया गया है। आज प्रेसवार्ता में डॉ इरा ने इस बिंदु पर बीजेपी पर हमला किया। कहा इस्तीफा के बाद निष्कासन कैसा? डॉ इरा ने संकल्प पत्र प्रस्तुत किया। सार्वजनिक भागीदारी के तहत नागरिकों की समिति बनेगी। नगर रक्षक बनेंगे।

पार्कों व सार्वजनिक स्थलों का विकास होगा। टाउन हॉल सभागार बनेगा। बिजली सप्लाई व्यवस्थित होगा। प्रकाश व्यवस्था उत्तम होगी।जल पाइप लाइन दुरुस्त होगी। मेन रोड के किनारे वृक्ष लगेंगे। प्राइवेट प्लाटिंग विधि सम्मत होगी। सड़क सुरक्षा, टैक्सी/ रिक्शा स्टैंड, रोड पक्कीकरण में गति आएगी। छुट्टा गोवंश निस्तारण, अवतल दर्पण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जलभराव की समस्या, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक बैन पर कार्य होगा। सीसीटीवी व पथप्रकाश बेहतर होगा।




### डॉ. इरा सहित तीन बीजेपी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नगर निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के विरोध में कार्य करने के आरोप में तीन को निष्कासित कर दिया। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि नगरपालिका परिषद लखीमपुर में अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ निर्दल चुनाव लड़ रही डॉ इरा को 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। राम जी गुप्ता गोला व कल्पना बाजपेयी मैलानी को भी पार्टी प्रत्याशी के विरोध में कार्य करने के आरोप में 6 वर्ष के लिए बीजेपी से निष्कासित कर दिया है।

# चुनाव में रोमांचक मुकाबला

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रचार के आखिरी दिन भाजपा की पुष्पा सिंह व सपा की रमा मोहन बाजपेई ने विशाल रोड शो निकाला जिसमें काफी जन सैलाब उमड़ा। बता दें कि 155 वर्ष पुरानी व ऐतिहासिक नगर पालिका परिषद लखीमपुर के अध्यक्ष व 30 सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान 4 मई को होगा। बीजेपी ने निवर्तमान अध्यक्ष निरूपमा बाजपेयी को टिकट नही दिया है। इसबार सत्तारूढ़ दल ने पुष्पा सिंह पर विश्वास व्यक्त किया है। वह अर्बन बैंक की अध्यक्ष है।वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश सिंह की धर्मपत्नी हैं। ब्लाक प्रमुख भी रह चुकी हैं। कमल का चुनाव चिन्ह लेकर समर्थको के साथ प्रचार कर रहीं हैं। यूपी के प्रमुख विपक्षी दल सपा ने रमा मोहन बाजपेयी धर्मपत्नी मोहन बाजपेयी को प्रत्याशी बनाया है। बाजपेयी बीटी ट्रेवेल्स का कारोबार करते है। एमएलए व अध्यक्ष का चुनाव पूर्व में भी लड़ चुके है। 2017 के अध्यक्ष नगरपालिका के चुनाव में बीजेपी को कड़ी टक्कर दी थी । रमा का हाईटेक प्रचार चल रहा है। कांग्रेस तकनीकी कारणों के चलते चुनाव से बाहर है। अंजू मिश्रा पत्नी सुबोध मिश्रा बीएसपी की प्रत्याशी है। सुबोध शिक्षा जगत से संबंध रखते है। प्रचार चल रहा है। सूत्र बताते है कि बीएसपी प्रमुख ने उन्हें बुला कर खुद कहा कि चुनाव लड़ना है। डॉ इरा श्रीवास्तव लम्बे समय से बीजेपी से जुड़ी है। टिकट न मिलने से नाराज होकर सितारा चुनावचिन्ह के साथ मैदान में है। एआईएमआईएम से पतंग चुनाव चिन्ह लेकर उजमा, आप का झाड़ू चिन्ह लेकर ज्योति गुप्ता मैदान में हैं। निर्दल विभा को पानी की बोतल, प्रेमलता को फूल और धारा चुनाव चिन्ह मिला है।

### अब प्रातः 7 बजे से खुलेंगे कोषागार, उप कोषागार

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्र में निर्गत निर्देशानुसार एवं आयुक्त झांसी मण्डल झांसी के कार्यालय ज्ञाप के अनुक्रम में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष जिलाधिकारी एवं उनके अधीनस्थ समस्त न्यायालयों एवं राजस्व अभिलेखागार, कलैक्ट्रेट, उरई का कार्य समय 1 मई से 30 जून 2023 तक की अवधि में प्रातः 7 से अपरान्ह 1 बजे तक निर्धारित किया जाता है जिसमें ''टी ब्रेक, लंच, रेसिस'' प्रातः 10:30 बजे से 11 बजे तक होगा। यह आदेश जिलाधिकारी कार्यालय एवं उससे संबद्ध कार्यालयों, कोषागार, उप कोषागारों तथा उप निबंधक कार्यालयों पर लागू नहीं होगा एवं उनका कार्य समय यथावत प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक ही रहेगा।

# साप्ताहिक बंदी : गंभीर नहीं दुकानदार 40 फीसदी से अधिक दुकानें खुली रहती हैं

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

नगर की साप्ताहिक बंदी इन दिनों मजाक साबित हो रही है हालत यह है कि मंगलवार के दिन 40 फीसदी से अधिक दुकानें खुली नजर आती है। फिलहाल प्रशासनिक आदेश की अवहेलना करने वाले दुकानदारों के खिलाफ विभागीय जिम्मेदार अमले भी चुप्पी साधे हैं। जिले में मुख्यालय सहित अन्य नगर क्षेत्रों में साप्ताहिक बंदी के दिन प्रशासन द्वारा सुनिश्चित किए गए हैं ताकि बाजार व्यवस्थाओं का संचालन सुचारू रूप से कराया जा सके यहां नगर उरई का साप्ताहिक बंदी का दिन मंगलवार निर्धारित है लेकिन हैरत की बात है कि इस दिन भी नगर के मुख्य बाजार सहित विभिन्न इलाकों में लगभग 50 फीसदी के आसपास दुकान है खुली नजर आती हैं नगर के मच्छर चौराहे से लेकर माहिल तालाब और इलाहाबाद बैंक के आसपास के क्षेत्र में दुकानें खुली रखने का सिलसिला हर मंगलवार को देखने को मिलता है जिससे साफ साबित होता है कि या तो दुकानदारों को प्रशासनिक कार्यवाही का भय नहीं है या फिर जिम्मेदार अमले इस दिशा में कोई कारगर कदम नहीं उठा रहे उल्लेखनीय है कि साप्ताहिक बंदी को लेकर पूर्व में कई बार दुकानें खुली होने के समाचार भी प्रकाशित किए गए इस सब के बावजूद भी जिम्मेदार विभागों ने कोई कारगर कदम नहीं उठाए फिलहाल जो भी हो लेकिन इतना साफ है कि प्रशासनिक आदेशों के बावजूद साप्ताहिक बंदी को लेकर यहां नगर के दुकानदारों में उदासीनता देखी जा रही है।

### श्रद्धा मिश्रा को सीतापुर की जनता चुनाव लड़ा रही है : आशीष मिश्रा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चुनाव सरगर्मी पर आखिरी दिन है और निर्वतमान चेयरमैन आषीश मिश्रा की पत्नी श्रीमती श्रध्दा मिश्रा का शहर के हर वर्ग का सहयोग प्राप्त हो रहा है जिससे भाजपा व सपा प्रत्यक्षियो की नींद उड़ गयी हैचुनावव पूरे उउठानन पर है और जनता की जुबान पर पूर्व चेयरमैन आशीष मिश्रा की पत्नी श्रद्धा मिश्रा का नाम जोर शोर से अपना परचम फहरा रहा और जनता द्वारा पूर्व मे आषीश मिश्रा द्वारा किये गये विकास कार्यो को देखकर उनके पाले मे गेंद डालती दिख रही है।जनता उनको विकास पुरूष के रूप मे भी देख रही है अब देखना यह है कि क्या उनके व्दारा पूर्व मे कराये गये विकास कार्य उनकी पत्नी श्रद्धा मिश्रा को नगर पालिका परिशद अध्यक्ष की कर्सी पर पहुँचा पायेगे।

# राजा बुंदेला को हॉल ऑफ फेम से किया गया सम्मानित

▸ फिल्म जगत और टीवी सीरियल की सबसे बड़ी संस्था ने किया सम्मानित

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बुंदेलखंड की मिट्टी में जन्मे बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष और फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला को सिंटा ने हॉल ऑफ फेम से सम्मानित किया। राजा बुंदेला राजनीति में आने से पहले फिल्मी दुनिया में। काफी लोकप्रिय थे और इन्होंने कई बड़े अदाकारों के साथ बड़े व छोटे पर्दे पर काम किया है। शोला शबनम की गई बेहतरीन अदाकारी आज भी लोगों के दिलों में बसी हुई है। राजा बुंदेला पिछले 8 वर्षों से लगातार खजराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन करते आ रहे है व जिसमें अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा जगत व बॉलीवुड की अनेक हस्तियां शिरकत करती है। राजा बुंदेला को टी वी सीरियल व सिनेमा में किये गए अभूतपूर्व योगदान के लिये सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा हॉल ऑफ फेम से सम्मानित किया गया। यह संस्था भारत के टीवी सिनेमा की सबसे बड़ी संस्था है। इस मौके पर राजा बुंदेला ने बॉलीवुड से अपील करी कि वह बुन्देलखण्ड की संस्कृति व बुंदेली फिल्मों को मुंबई में स्थान दें तो कला को राष्ट्रीय पटल पर पहचान मिलेगी। यह सिंटा 63 वं संस्करण था। राजा बुंदेला को मिले उक्त सम्मान की जानकारी जैसे ही बुंदेलखंड के लोगों को पता चली तो उन्होंने कहा कि बुंदेलखंडी को किसी भी मायने में कमतर नहीं आंका जा सकता है। जहां कहीं भी बुंदेलखंडी को मौका मिलता है तो वह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में पीछे नहीं रहता।



# चुनाव जीती तो दूंगी साफ सुथरा शहर और नगर पालिका में स्वच्छ प्रशासन : नेहा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

आज नगर की जो स्थित है आप लोग देख ही रहे है पूरे शहर को कूड़े का ढेर बना दिया गया है न साफ पानी पीने को मिल रहा है और न ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था हल्की बारिश से ही नालिया चोक हो जाती है और लोंगो के घरो मे पानी भर जाता है। वादा करते हैं कि यदि हम चुनाव जीते तोएक साफ सुथरा नगर आपको मिलेगा इसके साथ साथ नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों की कार्य के प्रति जवाब देही भी तय की जायेगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी नेहा अवस्थी ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ नगर भर्मण के दौरान मतदान करन की अपील करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि क्षेत्र की साफ सफाई कूड़े का सही तरीके से निस्तारण का व्यापक प्रबंध किया जाएगा। जनता कि समस्या और उसके समाधान के लिए हर वार्ड मे केम्प लगाया जाएगा दाखिल खारिज की समस्या का तत्काल समाधान कराया जाएगा। वही नेहा अवस्थी के जनसंपर्क के दौरान भारी रुझान उनकी तरफ देखा गया लोगों ने नेहा अवस्थी का बड़े ही गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए उन्हें पूर्ण रूप से समर्थन देने की बात कही तथा कहा कि हम लोगों की भी इच्छा है कि कोई अच्छा प्रत्याशी ईमानदार प्रत्याशी हम लोगों के बीच आए जो आज हमारे बीच नेहा अवस्थी आई हैं अगर इनको हम लोग नगर पालिका सीतापुर की अध्यक्ष पद की कुर्सी देते हैं तो निश्चित नगर का चहुमुखी विकास होगा।

# अजीबोगरीब खेला : समर्थक किसी के समर्थन किसी को

▸ अंदर ही अंदर गुणा भाग लगाकर वोट के लिए जिताऊ कैंडिडेट पर निगाहें

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

चुनाव प्रचार समाप्त होने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के समर्थकों और आम मतदाताओं में अब कशमकश के हालात देखने को मिल रहे हैं सूत्रों की माने तो आम मतदाता ही नहीं बल्कि विभिन्न पार्टियों से जुड़े कार्यकर्ता भी अब मान चुके हैं कि उन्हें अब अपना वोट जिताऊ कैंडिडेट के पक्ष में ही करना है फिर चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल से वास्ता क्यों न रखते हो अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए तो स्थितियां लगभग साफ हो चुकी हैं जिस तरह से संकेत मिल रहे हैं उससे स्पष्ट है कि मुख्य मुकाबला बहुजन समाज पार्टी और भाजपा के बीच हो सकता है। निकाय चुनावों में इस बार बड़े ही अजीबोगरीब हालात देखने को मिल रहे हैं यूं तो सभी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने प्रत्याशी उतारे हैं लेकिन अब तक के जो संकेत मिल रहे हैं उससे इतना साफ होने लगा है कि पालिका अध्यक्ष पद की लड़ाई में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी गिरजा चौधरी और भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी रेखा वर्मा के बीच मुकाबला देखा जा रहा है यहां आम जनमानस की नब्ज टटोली जाए तो बड़ी संख्या में ऐसे लोगों की प्रतिक्रियाएं भी मिल रही हैं जो सर्व सुलभ होने वाले और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने वाले प्रत्याशी के समर्थन में वोट करने का मन बनाए हैं वही दूसरी ओर आम जनमानस में ही भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश स्तरीय नेतृत्व की लहर को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फिलहाल इतना साफ है कि मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों राजनीतिक दलों के बीच होने की अटकलें सर्वाधिक तौर पर हैं ऐसी स्थिति में यह भी देखा जा रहा है कि अन्य राजनीतिक दलों के समर्थकों में जिताऊ कैंडिडेट की तरफ रुझान होना और उसके समर्थन में वोट दिए जाने की भी अटकलें आम जनमानस में जोर पकड़ने लगी हैं लोग यह मान बैठे हैं कि उन्हें यदि अपने वोट की सार्थकता लेनी है तो वह जिताऊ कैंडिडेट के पक्ष में वोट देने से ही मिलेगी हालांकि यह सब महज अटकलें ही हैं फिर भी जिस तरह से चर्चा का बाजार गर्म है उससे तो यही माना जा रहा है कि अब अधिकांश मतदाताओं का रुझान जिताऊ प्रत्याशियों की तरफ केंद्रित होने लगा है।

# सपा ने जुलूस निकालकर दिखाई ताकत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को चुनावी प्रचार प्रसार का आखरी दिन यूं तो सभी राजनीतिक दलों के लिए जोर आजमाइश बाला रहा लेकिन समाजवादी पार्टी ने तो इस दिन को विशाल जुलूस निकालकर अपनी समूची ताकत झोंक दी कई दिग्गज नेताओं सहित पूर्व पदाधिकारियों ने भी प्रत्याशी के सात कदम से कदम मिलाकर नगर में अपनी ताकत का एहसास कराया जुलूस सपा कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ गुजरा इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उपस्थित रहकर प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगे। चुनाव प्रचार प्रसार के आखिरी दिन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी कुशमा रानी के समर्थन में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विशाल जुलूस निकाला जुलूस का प्रारंभ समाजवादी पार्टी के कार्यालय से किया गया तत्पश्चात यह नगर के मुख्य राजमार्ग से होता हुआ विभिन्न चौराहों पर पहुंचा शहीद भगत सिंह चौराहा घंटाघर माहिल तालाब बजरिया होते हुए दल गंजन सिंह चौराहा अंबेडकर चौराहा पर जुलूस ने विशाल रूप ले लिया इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर, पूर्व मंत्री नारायणदास अहिरवार, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह दादी, सुरेंद्र बजरिया, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुदामा दीक्षित, जीवन प्रताप बाल्मिक, जमालुद्दीन नत्थू सिंह कुशवाहा, चुन्ना हुसैन, जमील हाजी, अशरफमंसूरी, मैयादीन पांचाल कढ़ोरे बुखारी, शिवदास श्रीवास, महेश द्विवेदी, विवेक यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विनय को मिला मतदाताओं का खुला समर्थन

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला चौधरयाना जोशियाना आंशिक वार्ड नंबर 11 से सपा प्रत्याशी विनय श्रीवास्तव समाजवादी पार्टी की ओर से चुनाव लड़ रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने विनय श्रीवास्तव को चुनावी मैदान में डटे समाजवादी पार्टी के लिए मजबूत माने जाने वाले चौधरयाना, जोशियाना आंशिक वार्ड नम्बर 11 की सीट अनारक्षित है, जिस पर समाजवादी पार्टी ने सपा नेता एवं कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव को चुनाव मैदान में उतारा है। विनय श्रीवास्तव को विजयी बनाने के लिए प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता मोहल्ले में लगातार जनसंपर्क करने में जुटे हुए हैं, जिसमें उन्हें भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है। विनय श्रीवास्तव ने कहर कि वे मोहल्ले की मूलभूत समस्याओं से वाकिफ हैं। कई समस्याओं का उन्होंने निस्तारण कराया है, कुछ समस्याएं बाकी हैं। यदि जनता उन पर विश्वास जताती है तो निश्चित मोहल्ले की सभी समस्याओं का समयबद्ध निस्ताराण कराया जाएगा। मोहल्लेवासियों द्वारा सभासद बनाए जाने पर वार्ड में विकास के नए आयाम स्थापित कराए जाएंगे। जरूतमंदों की हर प्रकार से मदद की जाएगी।

# रश्मि जायसवाल के समर्थन में सड़कों पर उमड़ा जन सैलाब

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिशद सीतापुर से अध्यक्ष पद की सपा उम्मीदवार रश्मि जायसवाल के समर्थन में मंगलवार को सीतापुर की सड़को पर भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा। सपा प्रत्याशी ने रोड शो के बहाने सियासी ताकत दिखाई।

रोड शो में शामिल लोगों ने सपा प्रत्याशी के पक्ष में भारी मतदान करने का संकल्प लिया। शहर के बड़ी लाइन माल गोदाम स्थित सपा प्रत्याषी के जनसम्पर्क कार्यालय पर हजारों की तादात में आये समर्थकों और सपा कार्यकर्ताओं ने ढोल.नगाड़े के साथ शहर में रोड शो निकाला। रोड शो शहर के ट्रांसपोर्ट चौराहा ग्रीकगंज घण्टाघर तामसेनगंज बाजार और लालबाग चौराहे का भ्रमण करने के बाद वापस मालगोदाम कैम्प कार्यालय पहुॅचा।

रोड शो का नेतृत्व सपा प्रत्याशी रश्मि जायसवाल तथा वरिष्ठ सपा नेता सचिन जायसवाल कर रहे थे। रास्तें जगह.जगह व्यापारियों दुकानदारों व आम नागरिकों ने सपा प्रत्याशी रश्मि जायसवाल का फूल.माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें चुनाव में जीत का आशीर्वाद दिया।रोड षो में सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव वरिष्ठ सपा नेत्री आशुतोश सिंह यादव शिवम सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह ने दावा किया कि चुनाव में सपा के पक्ष में लहर चल रही है। भाजपा कुशासन से त्रस्त मतदाताओं ने सपा प्रत्याशी को जिताने का मन बना लिया है। पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल ने कहा कि सपा प्रत्याशी के पक्ष में सड़क पर उमड़ी हजारों की भीड़ इस बात की गवाह है कि निकाय चुनाव में भाजपा का सूपड़ा पूरी तरह से साफ होने वाला है।

सपा प्रत्याशी इस चुनाव में ऐतिहासिक और रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कराने जा रहीं है। उन्होनें प्रशासन से अपील की कि वह स्वतंत्र निष्पक्ष शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से मतदान कराने के लिए पोलिंग बूथों पर कड़े बन्दोबस्त करें। अराजक तत्वों के साथ पुलिस और सुरक्षा बल सख्ती से पेष आये। उन्होनें मतदाताओं से अपील की कि वह लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए धर्म निरपेक्षता की प्रतीक सपा उम्मीदवार को अपना कीमती वोट देकर विजयी बनाये और भाजपा की हर साजिशों को बेनकाब करें।

सपा नेता सचिन जायसवाल ने कहा कि मतदान के दिन कार्यकर्ता घरों पर जाकर मतदाताओं को पोलिंग बूथों पर ले जाकर उनका वोट डलवायें। उन्होनें कहा कि सपा प्रत्याशी चुनाव जीतने के बाद सीतापुर की तकदीर और तस्वीर बदल देगीं। इससे पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल ने समर्थकों के साथ शहर के पक्के पुल से बड़ी लाइन रेलवे स्टेशन तक पैदल भ्रमण कर पुराने सीतापुर के मुस्लिम समाज के लोगों से मुलाकात की और 04 मई को पालिकाध्यक्ष पद के चुनाव में सपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताकर भाजपा जैसी साम्प्रदायिक ताकतों को कड़ी शिकस्त देने की अपील की। इस दौरान सचिन जायसवाल भी उनके साथ रहे। सपा प्रत्याशी रश्मि जायसवाल ने सैकड़ो महिला समर्थकों के साथ शहर के दुर्गापुरवा वार्ड का भ्रमण कर मतदाताओं से जीत का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के चौमुखी विकास का वादा भी किया।

# समाजवादी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें : अनूप गुप्ता

**महोली-सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत महोली में समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री रामहेतु भारती पूर्व विधायक अनूप गुप्ता विधायक अनिल वर्मा ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर डोर टू डोर कैंपेन कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी केतुका के पक्ष में दौरा कर समाजवादी पार्टी को मत देने की अपील की वही भव्य बाइक रैली भी निकाली गयी।

दिनेश गुप्ता ने कहां की अगर मेरा प्रत्याशी जीतेगा तो क्षेत्र का जो भी अधूरा कार्य रह गया है उसे पूरा किया जाएगा स्वच्छ एवं सुंदर महोली बनाने का सपना पूरा किया जाएगा निवर्तमान चेयरमैन सरिता गुप्ता मोनू दीक्षित राजेश चौरसिया रमेश शुक्ला सहित समाजवादी के जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव पार्टी संगठन के लोग मौजूद रहे क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और महिलाओ ने भी भाग लिया हर दिल अजीज समाजसेवी दिनेश गुप्ता टीटू भैय्या और सरिता गुप्ता व्दारा तन मन धन से पूर्व कई वर्षो से क्षेत्र की जनता के सुख दुख मे साथ रही और सेवा की और समाजवादी प्रत्याशी केतुका की अन्य प्रत्याशियो से काफी आगे है और जनता का भारी सहयोग व समर्थन प्राप्त हो रहा है।

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हिमांशु वर्मा व उनकी पत्नी शिल्पी वर्मा के गलत चाल चलन से परेशान होकर अपनी पुत्रवधू एवं पुत्र को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं अगर वह मेरे परिवार के किसी सदस्य से किसी भी प्रकार का कोई लेन देन व सरोकार रखते हैं तो मेरी कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी। वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

प्रार्थी
हरेश वर्मा पुत्र प्रभु दयाल वर्मा
निवासी- निजामाबाद मजरा महमूदपुर, पोस्ट- कोटरा, थाना- बिसवां, जिला- सीतापुर

# दिनेश प्रसाद अग्रहरि को मिला प्रशस्ति पत्र

## अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ ने किया सम्मानित

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



**अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन आशुतोष पांडेय ने अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी दिनेश प्रसाद अग्रहरि को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित।**

**● लगातार तीसरी बार मिले सम्मान पर अधिवक्ताओं ने हर्ष जताया, दी बधाई**

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी दिनेश प्रसाद अग्रहरि को लगातार तीसरी बार उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ आशुतोष पांडेय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिससे सोनभद्र जिले के अधिवक्ताओं ने हर्ष जाहिर करते हुए बधाई दी है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से 19 सितंबर 2020 को वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश प्रसाद अग्रहरि को अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी के पद पर नियुक्त किया गया था।

श्री अग्रहरि अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करने लगे। जिसकी वजह से माह दिसंबर 2021 में उत्कृष्ट कार्य करने की वजह से पहली बार 8 जनवरी 2022 को अभियोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 25 मार्च 2022 से 25 सितंबर 2022 के बीच पाक्सो एक्ट में सघन पैरवी कर 19 मामलो में अभियुक्तों को सजा दिलाकर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त करने पर एक नवंबर 2022 को दूसरी बार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। वहीं एक जनवरी 2023 से 28 फरवरी 2023 के बीच 404 गवाहों का बयान दर्ज कराकर उत्कृष्ट कार्य करने पर 9 मार्च 2023 को अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ आशुतोष पांडेय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। लगातार तीसरी बार सम्मानित किए जाने पर अधिवक्ता राजेश कुमार पाठक, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, नीरज कुमार सिंह, धनंजय शुक्ला, शशांक शेखर मिश्र, नीरज मिश्र,राजीव कुमार सिंह गौतम, राजीव मिश्र, संतोष पांडेय, पवन कुमार सिंह आदि ने हर्ष जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# विस्तारित क्षेत्र में भाजपा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

**चोपन/सोनभद्र।** मंगलवार को चोपन नगर पंचायत विस्तारित क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 एवं 9 में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप से समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गोण , पूर्व एमएलसी जयप्रकाश चतुर्वेदी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत चौबे ने कार्यकर्ता सम्मेलन में आए हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक और अनुशासित पार्टी है जिसके नेतृत्व मे एक एक कार्यकर्ता दिन रात एक कर के काम करता है एवं प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाता है वहीं विकास की गति को और तेज करने के लिए चोपन नगर पंचायत के प्रत्याशी उस्मान अली व सभी सभासदों को भारी मतों से विजई बनाकर ट्रिपल इंजन की सरकार के साथ चोपन का सर्वांगीण विकास कराना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष साहनी ने कहा श्री राम की नैया पार करने वाली निषाद राज के पद चिन्हों पर चलने वाले सभी कार्यकर्ता उस्मान अली एवं सभी भाजपा सभासदों को विजई बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं।




# जिला बदर का संदिग्ध परिस्थितियों में गड्ढे में मिला शव

सिद्धौर बाराबंकी। असंद्रा थाना क्षेत्र में बीते सोमवार को देर शाम घर से दूध देने निकले एक जिला बदर हिस्ट्रीशीटर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गड्ढे में पड़ा मिला ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के हिमांचल पुरवा मजरे किठैया निवासी समर बहादुर सिंह बीते सोमवार को देर शाम घर से दुर्गापुर पुलिया स्थित डेयरी पर दूध देने गया था ।दूध देने के बाद बर्तन गांव के एक लड़के को देकर वह इमिलिहा स्थित मस्तान शाह आश्रम की ओर चला गया था ।रात में उसके घर न लौटने पर चिंतित परिजन उसका पता लगा रहे थे कि आश्रम के पास स्थित दुकानों के पीछे स्थित एक गड्ढे में उसकी लाश पड़ी होने की सूचना मिली ।सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया ।रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।पुलिस के अनुसार मृतक का आपराधिक इतिहास रहा है ।उसके खिलाफ विभिन्न थानों में दस मुकदमे दर्ज हैं ।उसकी हिस्ट्रीशीट खोली गई थी ।वर्ष 2003 में उसने अपने भाई मानबहादूर सिंह के साथ मिलकर गांव के ही निवासी पत्रकार प्रेमचंद सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी ।इस मामले में दोनों भाई जेल गए थे ।इनके आपराधिक इतिहास को देखते हुए वर्ष 2016 में जिला बदर किया गया था। करीब बीस वर्ष की ही उम्र में वह अपराध के रास्ते पर चल पड़ा था। वर्ष 1990 में उसके खिलाफ पहला आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ था।

# न्यायालय के अदेश को दरकिनार कर जमीन हड़पने का आरोप

**सिद्धौर बाराबंकी।** क्षेत्र के शेषपुर जाहिद अली गांव के आशीष तिवारी ने क्षेत्रीय लेखपाल और उनके मुंशी पर न्यायालय के आदेश को दरकिनार कर जमीन को विपक्षी की घरौनी में दर्ज करने का षड्यंत्र करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की गुहार लगाई है। सरकार द्वारा जहां गांव गांव घरौनी बनवाई जा रही है वहीं लेखपाल व उनके मुंशी द्वारा न्यायालय के आदेशों को नजरअंदाज करते हुए कूट रचित दस्तावेजो द्वारा घरौनी मे गोलमाल करने का मामला प्रकाश मे आया है। तहसील हैदरगढ़ क्षेत्र की पंचायत शेषपुर जाहिद अली निवासी आशीष तिवारी ने गांव सभा के हल्का लेखपाल व उनके मुंशी अमरकेश पर आरोप लगाया है कि माननीय न्यायालय के आदेशो को नजर अन्दाज करके विपक्षी से मिली भगत कर कूटरचित दस्तावेजो से घरौनी मे पीड़ित की भूमि को विपक्षी की घरौनी मे दर्ज करने का षडयंत्र रच रहे है पीड़ित ने सूबे के मुख्यमंत्री सहित जनपद के उच्चधिकारियो को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है । साथ ही दोषी लेखपाल व उनके मुंशी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# रामशरण पाठक ने अपने कार्यकाल के कामों को गिनाकर मांगे वोट

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



जो नाली खडन्जा इण्टर लाकिग के कार्य मेरे कार्यकाल मे हुये थे उसके बाद से यहा कोई कार्य नही हुआ।यह बात अलग है पिछले कार्यो पर नया बोर्ड लगाकर खेल हुआ है।यह बात नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर पंचायत रामनगर के मोहल्ला केशरीपुर मे आयोजित चुनावी नुक्कड सभा मे पूर्व चेयरमैन रामशरण पाठक ने व्यक्त की।उन्होने कहा कि गौशालाओ का निवाला गो वंशो को शुलभ नही हो रहा है गौ वंश और किसान दोनो पीडित है।आप लोगो ने मौका दिया तो एक भी छुट्टा मवेशी नगर क्षेत्र मे घूमते हुये नही मिलेगे।मेरे दो बार के कार्यकाल मे जो भी वादे किये गये वह पूरे सौ प्रतिशत पूर्ण हुये है।नगर के किसी कर्मचारी ने एक पैसे की रिश्वत आवास शौचालय आदि सरकारी योजनाओ मे लिया हो आज एक व्यक्ति साबित कर दे तो मुझे वोट नही चाहिये मै घर बैठ जाऊगा।व्यापार मंडल के अध्यक्ष एंव समाज सेवी रविकान्त पाण्डेय ने उपस्थित लोगो से मुखातिब होते हुये कहा कि आगामी ग्यारह तारीख को रिक्शे वाले खाने मे मुहर लगाकर पाठक जी को विजयी बनाये।पाठक जी समाज के प्रति पूरी तरह से जनहित मे समर्पित नेता है वह जो कहते है वह करते है।शिक्षक घनश्याम शर्मा ने अटौटा के निवासियो की ओर मुखातिब होते हुये कहा कि आप सभी लोग अब नगर के निवासी हो गये।पाठक जी ने जैसे नगर को चमकाया है वैसे ही आपका गांव भी चमकेगा।पाठक जी अन्याय के विरुद्ध सदा खडे मिलते है आज क्षेत्र छोडिये जिले मे पाठक जी जैसे सच्चे रहनुमा दिन मे चिराग लेकर ढूढने से भी नही मिलते।मोहम्मद अंसार ने कहा कि हमारे नगर का काया कल्प सिर्फ और सिर्फ रामशरण पाठक के चेयरमैन बनने के बाद हुआ।सभी लोग जानते है नाली खडन्जा इण्टर लाकिग सौर लाईट आदि चहुमुखी विकास कार्य हुआ।मोहम्मद मुस्लिम ने कहा कि पाठक जी के साथ जो हुजूम दिखाई पड रहा है यह पिछले चुनाव मे हुई भूल का नतीजा है।शमशान घाट पानी की सप्लाई से लेकर जो आपको नगर मे दिखाई पड रहा है वह सब पाठक जी देन है।

# भाजपा प्रत्याशी का ताबड़तोड़ जनसम्पर्क जारी


**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



भारतीय जनता पार्टी के मेयर पद प्रत्याशी महंत गिरीश पति त्रिपाठी का जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ताबड़तोड़ जनसंपर्क जारी है।इस क्रम में श्री त्रिपाठी ने मंगलवार को शहर के बड़ी देवकाली व कचहरी सहित शहर के मऊ शिवाला के यदुवंशपुर, शाह वदी व चांदपुर हरवंश में ताबड़तोड़ जनसम्पर्क किया।बड़ी देवकाली क्षेत्र में श्री त्रिपाठी ने जन संपर्क करते हुए मुख्य रूप से जिले की लोकप्रिय और वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ निशी सिंह और प्रख्यात समाजसेवी सुदीप सिंह से मुलाकात की।इस दौरान यहां इन दोनों लोगों की ओर से श्री त्रिपाठी का भव्य स्वागत किया गया।यहां से निकलने के बाद श्री त्रिपाठी ने पार्षद प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन भी किया।महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार के प्रयासों की बदौलत अयोध्या विश्व पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित हो गयी है,जिससे वृहद रोजगार सृजन की सम्भावनाओं को सम्बल मिला है,जल्द ही राम नगरी अयोध्या देश के प्रमुख व्यापारिक केन्द्रों में एक होगा जिसका लाभ अयोध्या की जनता को मिलेगा और यहां निवेश भी बढ़ेगा।

# धोखाधड़ी से बाइक बेचने का मामला हुआ उजागर

**हैदरगढ़ बाराबकी, समृद्धि न्यूज़**



फाईनेन्स पर ली गयी मोटरसाइकिल को विना लोन जमा किये ही दूसरे के हाथ बेच कर धोखाधडी करने का मामला प्रकाश मे आया है ।पीडित युवक ने स्थानीय पुलिस से मामले की शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है । जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पूरे पलिहारन वार्ड नगर पंचायत सुबेहा निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र स्व धर्मराज ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र मे बताया है मेरे पिता धर्मराज ने इसी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पूरे जवाहर मजरे शुकुलपुर गांव निवासी लव कुमार सिंह पुत्र राम सिंह से बजाज कम्पनी की सिटी 100 मोटरसाइकिल तेइस हजार रुपये मे खरीदी थी जिसका नम्बर यू पी 41 ए बी 5957 है मोटरसाइकिल खरीदने के बाद बकायदा शपथपत्र पर गवाहो के समक्ष इसकी लिखा पढी भी हुई थी और बेचनामा मे साफ साफ शब्दो मे लिखा है की उक्त मोटरसाइकिल पर कोई मुकदमा व लोन नही है विक्रेता युवक के झासे मे आकर मेरे पिता ने मोटरसाइकिल खरीद ली और घर लेकर चले आये इसके बाद ट्रांसफर कराने के लिये कई बार लवकुमार सिंह के घर भी गये युवक आज कल का हवाला देकर टाल मटोल करते रहे लेकिन मोटरसाइकिल का ट्रांसफ़र नही कराया। कुछ दिन बाद ही पिता धर्मराज की मौत हो गयी और मुझे इस मामले की कोई जानकारी नही थी। रविवार को मोटरसाइकिल लेकर अपने निजी कार्यवश हैदरगढ गया हुआ था और वापस अपने घर आ रहा था की पुलिस बूथ से थोडा आगे पहुचा ही था की पहले से खडे कुछ लोगो ने मुझे हाथ देकर रुकने के लिये कहा जिसके बाद वही पर रुक गया तो उक्त लोगो ने बताया की हम लोग बाजाज कम्पनी फाइनेंस के कर्मचारी है और इस मोटरसाइकिल पर पैतालिस हजार रुपये का लोन बकाया है।

# प्रतिभा कोचिंग क्लासेज में आयोजित हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी।** कृष्णा कोचिंग क्लासेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2023 में अपनी मेहनत और लगन से शानदार सफलता प्राप्त करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया।इण्टरमीडिएट में रश्मि मिश्रा 93.6 प्रतिशत मुस्कान मौर्या 91प्रतिशत श्रेया सैनी 89 प्रतिशत शालिनी कनौजिया 88 प्रतिशत खुशी सोनी तथा हाईस्कूल में शैलेन्द्र यादव मुस्कान मौर्या 9 सौम्या मौर्या दिशा शिखा वर्मा विदुषी मिश्रा साक्षी सैनी एकता सोनी काजल यादव अमित कुमार मो0 अर्श अली अदनान सौरभ यादव आदित्य वर्मा दुर्गेश यादव शिवम आसिफा सिद्दीकी अंको से उत्तीर्ण हुए।

# नहाने गए युवक की डूबकर मौत

**सिद्धौर बाराबंकी।** कोठी थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह गोमती नदी में नहाने गए युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के इलिचपुर गांव निवासी संजय कुमार मंगलवार सुबह करीब नौ बजे घर से गोमती नदी में नहाने गया था । उसके देर तक घर न लौटने पर उसकी तलाश करते हुए ग्रामीण जब करीब एक किलोमीटर दूर गोमती नदी के किनारे पहुंचे तो वहां नदी के किनारे उसके कपड़े व चप्पल पड़े मिले। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर कोठी अनिल कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से शव को घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर पानी से खोज निकाला। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।युवक की नदी से लाश मिलते ही परिवार में कोहराम मचा है ।परिजनों के मुताबिक मृतक बीएड का छात्र था ।पुलिस के अनुसार युवक के नदी में नहाने के दौरान घटना घटी है।

# राष्ट्रीय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्रों का हुआ सम्मान



हैदरगढ़ बाराबंकी। राष्ट्रीय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में बाजी मारने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय दहिला के छात्र छात्राओं के सम्मान में मंगलवार को विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें इन छात्राओं के साथ साथ विद्यालय के पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया गया।विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी त्रिवेदीगंज अर्चना द्वारा मां वीणापाणि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसके बाद छात्रवृत्ति परीक्षा पास करने वाले अभिजीत कुमार सुधीर कुमार एवं हरिकांत के अलावा विद्यालय के पूर्व छात्रों में शामिल राजू रावत राजिता असरा जया गुप्ता रीना आदि को हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान पाने पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया एवं ट्राफी प्रदान की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश वर्मा ने कहा कि सम्मान से बच्चो के अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। वही सहायक अध्यापक हेमन्त कुमार ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अंदर जोश भरते हुए कहा की आप सभी मेहनत से पढ़ो आगे आने वाली परीक्षा में अच्छे अंकों से पास करो। आपका भी स्वागत इससे बेहतर होगा ।इस मौके पर एआरपी सुभाष चंद सत्यदेव त्रिपाठी सुनील कुमार मृदुला सागर मौजूद रही कार्यक्रम का संचालन हरिकेश द्विवेदी ने किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा परिणाम में चयनित होने वाले छात्र छात्राओं को अगले 4 सालों तक ?1000 प्रति माह के हिसाब से पढ़ाई के लिए सरकार से छात्रवृत्ति मिलती रहेगी।

## एमजी मोटर इंडिया ने एमजी कॉमेट ईवी - स्मार्ट इलेक्ट्रिक वाहन के साथ अर्बन मोबिलिटी का एक नया युग शुरू किया

**लखनऊ समृद्धि न्यूज़।** एमजी मोटर इंडिया, 99 साल पुरानी विरासत वाली ब्रिटिश ऑटोमोबाईल ब्रांड, ने आज अपने स्मार्ट इलेक्ट्रिक वाहन, एमजी कॉमेट का अनावरण किया, जिसने भारत में अर्बन मोबिलिटी सॉल्यूशंस के एक नए युग की शुरुआत कर दी। यह बहुउपयोगी जीएसईवी-प्लेटफॉर्म-बेस्ड इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मिनिमलिस्ट डि?ाईन के साथ है, फिर भी इसमें विशाल स्पेस है, और इसकी अंतर्निहित एजिलिटी (फुर्ती) के



कारण शहर में बहुत सुगम और बिना थकान के आवागमन संभव बनता है। कॉमेट ईवी एमजी मोटर इंडिया के पोर्टफोलियो का दूसरा इलेक्ट्रिक वाहन है और इसमें फ्यूचरिस्टिक एवं यू?र-फ्रेंडली स्मार्ट टेक्नॉलॉजी हैं। स्मार्ट ईवी - एमजी कॉमेट 7,98,000 रु. (एक्स-शोरूम) के विशेष इंट्रोडक्टरी मूल्य में उपलब्ध होगा इस अवसर पर राजीव छाबा, प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, एमजी मोटर इंडिया ने कहा, ''हमें भारत में एमजी कॉमेट ईवी लॉन्च करने की खुशी है। यह अर्बन मोबिलिटी के विकास की ओर एक महत्वपूर्ण क्षण है। कॉमेट ईवी कार से ब?कर है, यह शहरों में आवागमन के तरीके में परिवर्तन लाने की हमारी इच्छाशक्ति का प्रतिनिधित्व करता है।''

# नगरवासियों के सपनों का नगर बनाएगी समाजवादी चेयरमैन वोट देकर जिताएं : शीला सिंह



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

नगर वासियों के वह सब सपने पूरा करने का काम होगा जिन सपनों को साकार होते देखने के लिए शहरवासी वोट करते हैं। यह सभी बातें समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती शीला सिंह वर्मा ने आज नगर पालिका परिषद नवाबगंज के गुलरिया गार्द, कटरा बारादरी एवं लखपेड़ाबाग वार्ड में जनसंपर्क के दौरान मोहल्ले वासियों द्वारा अपनी रोजमर्रा की समस्याएं गिनाए जाने पर कहीं श्रीमती शीला सिंह ने उपस्थित लोगों को भरोसा और विश्वास दिलाते हुए कहा कि हम हर नगरवासी के सपने को साकार करने लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे, जैसा साफ सुथरा सुंदर सुविधा युक्त नगर आप सभी लोग चाहते हैं बिल्कुल वैसा ही सुसज्जित शहर बनाकर आपके सपने को साकार कर के दिखाएंगे। शहर में सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय, पीने के पानी, मार्ग प्रकाश के साथ चौराहों का सुंदरीकरण एवं रास्ते के बीच में पडने वाले बिजली के पोलो को किनारे करने का काम प्राथमिकता पर किए जाएंगे। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए जरूरतमंदों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा उसके लिए स्थान निर्धारित करते हुए एक हफ्ते मे जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का काम करेंगे। जनसंपर्क की इसी कड़ी में सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने अभय नगर, बाल्मीकि नगर, कटरा बारादरी एवं सट्टी बाजार सहित कई मोहल्लें में सपा प्रत्याशी श्रीमती शीला सिंह वर्मा के लिए वोट और समर्थन की अपील करते हुए समाजवादी पार्टी को भारी बहुमत से विजय दिलाने के लिए मतदाताओं से निवेदन किया। नगर पंचायत फतेहपुर से समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में आज समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने नगर पंचायत के कई वार्डों में नुक्कड़ सभाएं करते हुए प्रत्याशी और पार्टी को जिताने की अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है यह चुनाव हमारी रोजमर्रा की जरूरतों का चुनाव है अपने वोट का इस्तेमाल इस चुनाव में बहुत सोच समझकर करना। जनसंपर्क में मुख्य रूप से पूर्व सभासद दीपक गुप्ता, संतोष जयसवाल, श्रीमती लवली रावत, कामता प्रसाद यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, प्रीतम सिंह वर्मा, दिनेश भाई आज तमाम पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लखनऊ की सौम्या मिश्रा ने टोरोन्टो में भारतीय कला संस्कृति का परचम लहराया

**लखनऊ समृद्धि न्यूज़**



लखनऊ । राजधानी के रिवर बैंक कालोनी में रहने वाली सौम्या मिश्रा ने कनाडा के शहर टोरोन्टो में भारतीय कला संस्कृति का परचम लहराया।टोरोन्टो में रेडियो ढिशुम के तत्वावधान और कॉउन्सलेट जनरल ऑफ इंडिया, टोरोन्टो के सहयोग से पहली बार मिलेट मेला और स्वराज - स्वतंत्रता की गाथा नाटक का (मंचन) आयोजन विगत दिनों किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर की गई। लखनऊ की सौम्या मिश्रा के संयोजन में आयोजित हुए मिलेट मेले में भारत के 28 राज्यों और दो केंद्रीय शासित प्रदेशों के 40 प्रकार के मिलेट से बने पारंपरिक व्यंजन शामिल थे। सभी होम कुक्स अपनी परंपरागत पोशाक में सुसज्जित थे और सभी के खाने की प्रस्तुति में भारत का क्षेत्रीय प्रभाव दिखाई दिया। लगभग 500 से ?यादा आमंत्रित अतिथियों ने खाने - पीने की चीजों का आनंद लिया। सभी लोग मिलेट से बने व्यंजन और विभिन्न राज्यों की इतनी सारी डिशेज देख और खा कर बहुत ही हैरान थे। इस अवसर पर 2 वर्ष से 65 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने अनोखे भारत के 'स्वतंत्रता संग्राम एक गाथा' नाटक की प्रस्तुति दी, जिसका निर्माण और निर्देशन लखनऊ की सौम्या मिश्रा ने किया। मंत्र मुग्ध हो पूर्ण निस्तब्धता से इस नाट्य मंचन को देख दर्शक भाव - विभोर हो उठे। पूरा हॉल भारत माता और वंदे मातरम के जयकारे से गूंजने लगा। सौम्या ने बताया कि इस नाटकीय - कथा के सम्पादन में लगभग तीन साल का समय लगा। इसमे 80 स्वतंत्रता सेनानियों का उल्लेख था और अधिकतर वह अगेय संग्राम के हीरो शामिल थे ।

# हर जाति और धर्म का सम्मान करते हैं कांग्रेस पार्टी : प्रमिला

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

कांग्रेस पार्टी से महापौर पद प्रत्याशी प्रमिला राजपूत ने मंगलवार को रामचंद्र परमहंस, अवैध नाथ तथा विवेकानंद वार्ड का भ्रमण कर वोट मांगा।इस अवसर पर पार्षद प्रत्याशी संजय कुमार तथा मुगीष कुरैशी भी मौजूद रहे।जनता से कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए महापौर पद प्रत्याशी राजपूत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर जाति और धर्म का सम्मान करती है तथा कांग्रेस पार्टी का विश्वास विकास करने में है।महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी नगर निगम चुनाव में विजय प्राप्त करती है तो हम सभी जातियों और धर्मों को समान रूप से लेकर चलेंगे और महंगे हाउस टैक्स और वाटर टैक्स जनता को निजात दिलाने का प्रयास करेंगे।इस अवसर पर मूल रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा,शैलेंद्र मणि पांडेय जय मंगल दास,मो.आरिफ,जिओ हैदर आदि सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।



# चेयरमैन प्रत्याशी के समर्थन में राज्यमंत्री ने मांगे वोट

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



नगर पंचायत टिकैतनगर के विभिन्न वार्डो में खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने चेयरमैन पद के प्रत्याशी जगदीश प्रसाद गुप्ता के लिए वोट मांग कर भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के साथ नगर के वार्डो में डोर टू डोर संपर्क करके लोगों को भाजपा की नीतिया बताकर वोट मांगे। राज्यमंत्री ने नगर पंचायत के नूरवाफ पूर्वी व व सरावगी मोहल्ले में मतदाताओं के घर-घर जाकर उनको भाजपा की नीतियां बताकर वोट मांगे। डोर टू डोर संपर्क के दौरान राज्यमंत्री ने कहा कहा कि 70 साल में जितना नगर का विकास हुआ था उससे दो गुना विकास भाजपा प्रत्याशी जगदीश प्रसाद गुप्ता ने सिर्फ पांच साल में ही कर दिया। उन्होंने कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी का सबका साथ सबका विकास वाला नारा पूरी तरह से साकार हो रहा है आज सभी वर्ग बीजेपी के साथ खड़े हैं । उन्होंने दावा किया कि पूरे जिले के भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीतने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों, किसानों व मजदूरों के विकास के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। भाजपा की कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं है। जो भी वादे चुनाव के समय पार्टी ने किए उसे एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी जगदीश प्रसाद गुप्ता ने कहा हर मोहल्ले में एक सामुदायिक शौचालय बनाया गया। सभी घरों को बिजली कनेक्शन, गैस कनेक्शन दिए गए। प्रतिमाह राशन की योजना, पात्र व्यक्तियों को पेंशन ,तथा नगर पंचायत कार्यालय में दो शादी घर बनाए गए हैं। नगर पंचायत की आय बढ़ाने के लिए 38 दुकानों का निर्माण किया गया है जिससे गरीब बेरोजगारों को रोजगार मिला तथा नगर पंचायत की आय बढ़ी । भविष्य के लिए उन्होंने बताया कि अवसर मिलता है तो नगर पंचायत नगर में एक कन्या महाविद्यालय तथा बड़े मैदान में वृहद शादी घर की योजना प्रस्तावित है। ब्लाक प्रमुख रत्नेश सिंह मिंटू, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, प्रवेश मौर्या, पंकज मिश्रा, हरीश बिहारी द्विवेदी, रामजस शुक्ला, बंटी जैन, अवध बिहारी द्विवेदी, मनोज कुमार शर्मा, गंगाबक्स सिंह, पुरुषोत्तम तिवारी, राकेश शुक्ला मौजूद रहे।

# चुनाव में आदर्श आचार संहिता का कराया जाए पालन : विपिन कुमार मिश्र

- पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा की गयी समीक्षा बैठक
- निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराने के दिये निर्देश




**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**पुलिस** उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा विपिन कुमार मिश्र द्वारा जिले में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की सहअध्यक्षता में नगर निकाय निर्वाचन 2023 की तैयारियों को परखने के लिये पुलिस अधिकारियों अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, प्रभारी चुनाव प्रकोष्ठ के साथ समीक्षा गोष्ठी की गयी। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से चुनाव को सम्पन्न कराने पर जोर देते हुये चेताया कि यदि किसी तरह की लापरवाही मिली तो सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। कहा कि चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराना पुलिस-प्रशासन की जिम्मेदारी है, इसलिये पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, संवेदनशीलता के आधार पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायें, ताकि किसी तहर की आशान्ति फैलाने वालों के मंसूबे कामयाम न होने पायें, स्थानीय स्तर पर सूचना तंत्र को विकसित किया जाये, थानाक्षेत्र में जेल से छूटकर आये अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों पर नजर रखी जाये, इसके अलावा शराब व मादक पदार्थों की तस्करी में रोक लगायी जाये, मध्य प्रदेश राज्य व अन्य सीमावर्ती जनपदों में विशेष सतर्कता बरती जाये। आदर्श अचार संहिता का हर हाल में अनुपालन सुनिश्चित किया जाये उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्सा न जाये उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाये

# बसपा प्रत्याशी गुलनाज व इदरीस अंसारी ने किया तूफानी जनसम्पर्क

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**बहुजन** समाज पार्टी की नगर पालिका परिषद इटावा की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी गुलनाज ने आज मोहल्ला पक्की सराये से अपना जनसम्पर्क अभियान शुरू किया और डोर टू डोर जाकर मतदाताओं से वोट मांगे।

बसपा प्रत्याशी गुलनाज ने महिलाओं सहित जनसमूह के साथ पक्की सराये, सराये शेख, सैदबाड़ा, मकसूदपुरा, मुफ़्ती टोला, काली कबरें, मामा मील, गौशाला, रामगंज, कबीरगंज में जनसम्पर्क किया जहां सर्व समाज के मतदाताओं ने उनका पुष्प वर्षा व मालाओं से लादकर अभूतपूर्व स्वागत किया। बसपा प्रत्याशी गुलनाज को मतदाताओं ने भरोसा दिलाया कि सर्व समाज उनके साथ है और उनकी जीत सुनिश्चित है। इसी क्रम में बसपा नेता एंव पूर्व सभासद इदरीस अंसारी ने अपने समर्थकों व बसपा नेताओं के हुजूम के साथ आनन्द नगर, दरी मोहल्ला, कटरा फतेह महमूद खां, करम गंज आदि मोहल्लों में डोर टू डोर जनसम्पर्क किया और मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। सर्व समाज के मतदाताओं ने इदरीस अंसारी का फूल मालाओं से लादकर अभूतपूर्व स्वागत किया। जनसम्पर्क के दौरान बसपा नेता मो. निजाम, इमरान अहमद, आसिफ अंसारी, नबी मंसूरी, प्रदीप जाटव, इलियास अंसारी, शायर साबिर इटावी, माहिर अंसारी, इरशाद पहलवान, नजीर अहमद अंसारी, मुमताज अंसारी, हबीबुल्ला, राज कुमारी, शबाना, फरजाना, गोमा, हुस्ना, फ़ातिमा सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।




## खबरें एक नजर में

### पोला सरकार कॉलोनी निवासियों को वोट न देने पर दी गई बेघर करने की धमकी, पीड़ित परिवारों ने भाजपा प्रत्याशी से लगाई न्याय की गुहार

कुलपहाड़ महोबा। भाजपा प्रत्याशी ने दिया आश्वासन कि आप लोगों के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा धमकियां देने वालों पर कराई जाएगी कार्रवाई। कुलपहाड़ में इस समय राजनीतिक घमासान मचा हुआ है नगर पंचायत चुनाव में एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं इसके साथ साथ तथाकथित प्रत्याशी के द्वारा पोला सरकार कॉलोनी में बरसो से निवास करने वाले लोगों को धमकाया जा रहा है कि चुनाव में हमारा सहयोग नहीं किया तो तुम लोगों के मकानों के ऊपर मुकदमे लगवा कर बेदखल करवा दिया जाएगा। कॉलोनी के निवासियों ने दबी जुबान से बताया कि हमें आए दिन धमकाया जा रहा है जबकि हम लोग यहां कई वर्षों से मकान बनाकर रह रहे हैं यदि हम लोगों को इसी प्रकार से धमकियां मिलती रहे तो हम लोग जिलाधिकारी के यहां नाम दर्ज शिकायत करेंगे लगभग एक सैकड़ा परिवार इस समय मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं।

### पीठासीन व मतदान अधिकारी 4 व 5 को लेंगे प्रशिक्षण

**इटावा।** मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी अधिकारी कार्मिक प्रणता ऐश्वर्या ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को निर्विघ्न, शान्तिपूर्ण एवं सुचारू रूप से समयान्तर्गत सम्पन्न कराने हेतु एचएमएस इस्लामियां इण्टर कालेज इटावा में पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी का 4 मई एवं 5 मई को दो पाली में द्वितीय प्रशिक्षण (प्रथम प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक, द्वितीय 2 से 5 बजे तक 12 कक्षों में आयोजित किया गया है। उन्होंने प्रशिक्षण स्थल एवं कक्षों में समस्त व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कराये जाने हेतु अधिकारियों को कार्य आवंटित किये हैं। जिसमें अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को प्रशिक्षण कैम्पस/शौचालय की साफ सफाई व्यवस्था, प्रशिक्षण स्थल एवं कक्षों/शौचालय की साफ सफाई व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, अधि. अभि. प्रान्तीय खण्ड लोक नि.वि. एवं अधि. अभि. उ.प्र. पावर कारपोरेशन विद्युत वितरण खण्ड प्रथम को पूर्वाभ्यास, प्रशिक्षण (टेन्ट, बैरीकेटिंग,ध्वनि, प्रकाश आदि) की व्यवस्था, जिला पूर्ति अधिकारी को स्वल्पाहार एवं खानपान व्यवस्था, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (न.नि.) को प्रशिक्षण बैनर/फलैक्सी कक्षों हेतु संकेतक फलैक्सी की व्यवस्था एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को प्राथमिक चिकित्सा/कोविड-19 के बचाव हेतु सेनेटाइजर/मास्क आदि की व्यवस्था हेतु नामित किया है। उन्होंने नामित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त व्यवस्थाओं को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

### बाइक सवार मजदूरों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर एक मौत, एक घायल

**इटावा।** जसवंतनगर क्षेत्र के भगवतीपुर गांव के रहने वाले दो मजदूर मोटरसाइकिल पर सवार होकर रविवार की देर शाम नगर से वापस अपने गांव लौटते समय छिमारा रोड़ पर गांव हरकूपुर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी,जिसमें दोनों मजदूर की घायल हो गए और घायलो को सैफई पीजीआई के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। विवरण के अनुसार क्षेत्र के थाना बैदपुरा के गांव भगवतीपुर के रहने वाले 32 वर्षीय सद्दाम हुसैन पुत्र नसीर अली की इलाज़ के दौरान मौत हो गई सद्दाम हुसैन रविवार की सुबह अपने पड़ोसी 24 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र सतराम के साथ मोटसाइकिल पर सवार होकर मजदूरी करने के लिए जसवंतनगर थाना क्षेत्र में गया हुआ था। वहां से देर शाम लगभग 7¬30 बजे के करीब बाइक पर सवार होकर दोनों युवक अपने घर पर वापस जा रहे थे। उसी दौरान जसवंतनगर थाना क्षेत्र के छिमारा रोड़ पर स्थित गाँव हरकुपुर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमे दोनों युवकों को गम्भीर हालत में सैफई पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां इलाज़ के दौरान सद्दाम हुसैन की मौत हो गई और मुकेश का इलाज जारी है। सैफई पीजीआई मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक भगवान सिंह ने सद्दाम हुसैन के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराया है।

### दो सभासद निर्विरोध सभासद हुए निर्विरोध

**जसवंतनगर।** नगर निकाय चुनाव में नाम वापसी के दिन 25 वार्ड में सभासद पद हेतु केवल दो वार्ड में नाम वापसी के साथ एक-एक प्रत्याशी रह गया था जिससे उनके निर्विरोध सभासद बनने की स्थिति साफ हो गई थी। सोमवार को चुनाव प्रक्रिया के तहत रिटर्निंग ऑफिसर/ उप जिलाधिकारी कौशल कुमार ने वार्ड नंबर 8 से निर्विरोध सभासद प्रमोद कठेरिया और वार्ड नंबर 10 से निर्विरोध दिलीप कुमार को निर्विरोध घोषित कर निर्विरोध सभासदी के प्रमाण पत्र दिएद्ध दोनों निर्विरोध सभासदों ने वार्ड के विकास का वादा और जनता जनार्दन के लिए कृतज्ञता जाहिर की। प्रमाण पत्र दिए जाने के समय रतन पांडे ,निखिल गुप्ता, राज किशोर दिवाकर आदि मौजूद रहे।

### तमन्चा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी को अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया। आगामी नगर निकाय चुनाव-2023 के दृष्टिगत जनपद में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा पुलिस लाइन तिराहे पर पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि एक व्यक्ति जिसके पास अवैध असलाह भी है, वाइस ख्वाजा रोड पर खड़ा है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा रज्जन यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी रामलीला पक्का बाग थाना कोतवाली इटावा को असलाह सहित वाइस ख्वाजा रोड पर कबरिस्ता गेट के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति की तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से तमन्चा 315 बोर व 3 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। इस सफलता में विजय बहादुर वर्मा प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ.नि. मिलन सिरोही, का. टिंकू, का. आर्य चिकारा, का. सुशील कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# साफ सफाई स्वच्छता एवं अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करेंगे भाजपा प्रत्याशी संतोष कुमार चौरसिया

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**चुनावी सीजन** में नगर पालिका अध्यक्ष की दावेदारी कर रहे प्रत्याशियों द्वारा जनता को तरह-तरह के लुभावने वादे किए जा रहे हैं जहां विभिन्न दलों के प्रत्याशियों द्वारा जनता के बीच अपनी दावेदारी दर्ज कराने को लेकर पेयजल स्वच्छता सड़क बिजली मूलभूत सुविधाओं एवं जन समस्याओं को लेकर अपनी अपनी पार्टी की ओर से जनता के बीच पहुंचकर वोट देने की अपील की जा रही है। आपको बता दें कि महोबा भाजपा की ओर से घोषित प्रत्याशी डॉक्टर संतोष चौरसिया द्वारा आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों से रूबरू होकर महोबा में पेयजल साफ-सफाई तालाब सफाई सड़कों नालियों एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा अधूरे छोड़े कार्यों को पूरा कर वीर भूमि को महोत्सव नगर बनाने का वादा किया गया है।

इस दौरान डॉ संतोष चौरसिया ने हर घर नल योजना एवं नगरपालिका की जमीनों को कब्जा मुक्त कराने के साथ-साथ सुंदरीकरण की आवश्यकता को धरातल पर साकार करने की बात कही है उन्होंने कहा व्यवस्थित साल के व्यवस्थित बाजार दोस्त गल्ला मंडी बना कर एक मिसाल कायम करेंगे और पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ महोबा को महोत्सव नगर में बदलने का काम करेंगे।



## अज्ञात चोरों ने पार की दो भैंसें

**इटावा।** जसवंतनगर क्षेत्र के गांव मुहब्बतपुर में बीती रात घर के बाहर बंधी दो भैंस को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए जिनकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए के करीब है। विवरण के अनुसार मुहब्बतपुर गांव के रहने वाले 38 वर्षीय भानु प्रताप पुत्र रामवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है जिसमें उन्होंने लिखा है कि प्रार्थी की दो भैंस को रात्रि में लगभग 1.00 बजे के बाद चोरी किया गया है क्योंकि रात्रि 1.00 बजे तक हम सभी परिवारी जन आपस में बैठकर बातचीत करते हुए जागते रहे थे प्रार्थी जब सुबह 5.00 बजे जागा तब घटना का पता चला प्रार्थी के द्वारा काफी खोजबीन के बाद पता चला है कि क्षेत्र के अलग-अलग गांव के रहने वाले 3 नामजद लोगों द्वारा मेरी दोनों भैंसों को चोरी कर ले जाने की जानकारी हुई है अतः पुलिस को दी गई तहरीर में तीनों नामजद लोगों के नाम और पता सहित रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए लिख कर दिए हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि हुई परिवर्तित, 21 को होगा आयोजन

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**राष्ट्रीय** विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, के आदेशानुसार 13 मई को जनपद व प्रत्येक तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना था, परंतु उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव होने के कारण लोक अदालत की तिथि मे परिर्वतन करते हुये 21 मई दिन रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जायेगी। राष्ट्रीय लोक अदालत मे समस्त शमनीय आपराधिक वाद, परक्राम्य लिखत की धारा-138 के वाद, वाहन दुर्घटना प्रतिकर के वाद, वैवाहिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण के वाद, दीवानी वाद, बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, राजस्व वाद, वन अधिनियम के वाद, दीवानी/आपराधिक अपील, उपभोक्ता वाद, ट्रैफिक चालानी वाद, शॉप एडजस्टेबलिशमेंट एक्ट के चालानी वाद, वेट एण्ड मेजरमेंट एक्ट के चालानी वाद, नगर पालिका चालानी वाद, पुलिस एक्ट के चालानी वाद, विद्युत अधि. के वाद, शहरी विकास अधि. के वाद, सिनेमेटोग्राफी एक्ट के चालानी वाद व आबकारी अधि. के चालानी वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या मे निस्तारण किया जाना है। यह जानकारी राकेश कुमार गौतम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी है।उन्होंने लोगों से अपने वादो को सुलह समझौते के आधार पर उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत मे अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित कराकर इस अवसर का लाभ प्राप्त करने का आवाहन किया है।

# उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का दौरा हुआ तय, आज जनसभा को संबोधित करेंगे




- डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर भाजपाईयों में उत्साह

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को लेकर भाजपाईयों में उत्साह नजर आ रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि डिप्टी सीएम के आगमन से भाजपा के पक्ष में माहौल बन सकता है। गर्मी के मौसम में सियासत भी उफान मार रही है। सियासत की तस्वीर साफ होते ही अब भाजपा अपनी जीत के लिए जी जान से जुट गई है और भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ ही प्रत्याशी व उनके समर्थक लगातार जनसंपर्क करते हुए पसीना बहा रहे है। कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए भाजपाई कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में लगे हुए है। अब उप्र के डिप्टी सीएम का कार्यक्रम तय हो गया है और इससे भाजपाईयों में उत्साह नजर आ रहा है। वहीं सपा, बसपा, कांग्रेस के वीवीआईपी का अभी तक कोई कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। बता दें कि उप्र के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का महोबा आगमन कार्यक्रम तय हुआ है। वह तीन मई को दोपहर 12.55 बजे हेलीकाप्टर से डाकबंगला मैदान चरखारी आएंगे। बाद में वहां से सदर बाजार ड्योढ़ी दरवाजा चरखारी में दोपहर एक बजे से चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर करीब 1.45 पर वह चरखारी से हमीरपुर के लिए रवाना होंगे। डिप्टी सीएम को लेकर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। हालांकि डिप्टी सीएम का यह दौरा कितना फायदेमंद होगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुये हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया





**महोबा। समृद्धि न्यूज**

- नगर निकाय निर्वाचन के प्रथम चरण में जिले से लगी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन स्थित प्रांगण में जनपद फतेहपुर में होने वाले नगर निकाय निर्वाचन 2023 के प्रथम चरण के मतदान हेतु निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत से नामित पुलिस कर्मियों को सकुशल चुनाव संपन्न कराये जाने हेतु ब्रीफिंग कर आवश्यक निर्देश दिये गये, पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी बस ड्राइवरों को भी ब्रीफ किया गया कि वह यातायात नियमों का पालन करते हुये बस चलायें तथा किसी बाहरी व्यक्ति को बस में प्रवेश न दें। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा आवंटित जनपद रवाना करते हुये पुलिस बल (निरीक्षक/उ0नि0-29 एवं मुख्य आरक्षी/आरक्षी-156) से पार्टीवार वार्ता की गयी एवं मतदान कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुये जनपदीय पुलिस बल को हरी झण्डी दिखाकर पार्टीवार/बसवार रवाना किया गया तथा सभी को शुभकामनायें देते हुये अपेक्षा की गयी कि सभी अपनी ड्यूटी में साफ-स्वच्छ वर्दी धारण करते हुये ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, क्षेत्राधिकारी चरखारी / पुलिस लाइन उमेश चन्द्र, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी चुनाव प्रकोष्ठ सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**अपर पुलिस** महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइन पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार किये।

आगामी नगर निकाय चुनाव-2023 के दृष्टिगत जनपद में अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा आईटीआई चौराहे के पास आगरा की ओर जाने वाले सर्विस रोड पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी 2 व्यक्ति आते दिखायी दिये जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा जीशान पुत्र नशीर निवासी गाडीपुरा थाना कोतवाली इटावा, फरमान पुत्र महमूद हसन निवासी रानी का बाग मस्जिद वाली गली थाना कोतवाली इटावा को आवश्यक बल प्रयोग करते हुये पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्तियों की तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से अवैध डायजापाम नशीला पाउडर, चरस तथा तमन्चा मय कारतूस बरामद किया गया। बरामद नशीले पाउडर व तमन्चे के सम्बन्ध में आरोपियों से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग बस अड्डे व रेलवे स्टेशन के पास यात्रियों को चाय व कोल्ड्रिंक में नशीले पदार्थ को मिलाकर पिला देते हैं और उनका सामान चोरी कर लेते हैं और बताया कि नशीले पदार्थ का सेवन करने वाले व्यक्तियों को उक्त नशीला पदार्थ बेचकर भी धन कमाते हैं तथा अवैध असलाह अपनी सुरक्षा के लिये अपने पास रखते हैं। इस सफलता में विजय बहादुर वर्मा प्रभारी थाना सिविल लाइन, निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, उ.नि. राजेन्द्र सिंह, का. नरेश बाबू, का. कमरूद्दीन, हे.का. चालक राहुल का सराहनीय योगदान रहा।



# गांव की सड़कों पर फैली गंदगी से ग्रामीण परेशान

इटावा। विकासखंड क्षेत्र महेवा के कस्बा एवं ग्रामीण अंचलों में शासन के निर्देश पर पिछले दिनों संचारी रोग अभियान चलाया गया लेकिन ग्राम पंचायत अन्दावा की मल्लाह की मड़ैया में सफाई कर्मी के न आने से गांव की सड़कों पर जगह-जगह जलभराव गंदगी का अंबार लगा हुआ है इसकी शिकायत ग्रामीण कई बार अधिकारियों से कर चुके हैं फिर भी कोई समाधान नहीं कराया जा रहा है। जिससे बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है और लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

मड़ैया मल्लाह में यमुना को जाने वाली मुख्य सड़क पर लोग अंत्येष्टि के लिए सैकड़ों की संख्या में आवागमन रहता है। कई वर्षो से जल निकासी ना होने के कारण सड़क पर गंदा पानी भरा रहता है गंदगी से नालियां पटी पड़ी है और गंदा पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है वहीं कुछ जगहों पर नालियां न बनने व पानी की निकासी की व्यवस्था ना होने से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है। जिससे गंदगी व जलभराव के बीच मच्छर पनप रहे हैं। और संक्रामक रोगों का खतरा बना हुआ है वहीं भाजपा नेता गंगा राम निषाद ने बताया कि गंदगी से उठती दुर्गंध लोगों के घर के अंदर तक परेशान करती है लोगों का कहना है कि गंदगी व जलभराव की पिछले दो सालों से समस्या है कई शिकायतों के बावजूद भी अधिकारी निस्तारण की पहल नहीं कर रहे हैं इस बाबत ग्राम प्रधान चरन सिंह यादव ने बताया कि कोई भी नियमित सफाई कर्मी तैनात नही है पूर्व में जो था उसे जिले पर सबद्द किया गया है व्यक्तिगत सफाई कर्मी लगाकर सफाई कराई जाती है। एडीओ पंचायत श्याम बरन राजपूत से जब इस बाबत बात की गई तो उन्होंने कहा स्थलीय दौरा कर उक्त समस्या को अति शीघ्र हल कर दिया जाएगा।

# नागरिकों को लू से बचाव हेतु करें उचित प्रबन्धः डीएम

**लू-प्रकोप (हीट वेब) प्रबंधन को लेकर डीएम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**मंगलवार** को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में लू-प्रकोप (हीट वेब) प्रबंधन के संबंध में आयोजित हुई बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि वैसे तो इस समय का मौसम बदला हुआ हैं किन्तु आगामी दिनों में लू -प्रकोप काफी बढ़ता हुआ नजर आने वाला हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जनपद के नागरिकों को लू से बचाव हेतु अतिरिक्त स्टॉफ को प्रशिक्षित किया जाये तथा अस्पतालों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ओआरएस के पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होने कहा कि नगर पालिका एवं नगर पंचायत प्रमुख स्थानों पर प्याऊ लगाने की व्यवस्था करेगा। प्याऊ वाले स्थानों पर नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव एवं कार्यस्थलों/निर्माण स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जल को अनावश्यक उपयोग यथा गाड़ी धोना, जल की टोंटी को खुला छोड़ देना इत्यादि को रोकने के संबंध में जागरूकता के कार्यक्रम व उसे लागू कराए जाने की कार्यवाही की जाए। श्री शुक्ल ने कहा कि श्रम विभाग औद्योगिक एवं अन्य श्रमिकों के लिए गर्मी संबंधित बीमारियों हेतु जागरुकता कैम्प का आयोजन करेगा या कार्यो हेतु कार्य घण्टों में परिवर्तन किए जाने हेतु नियोक्ता को निर्देशित करेगा। इसी प्रकार पशुधन विभाग



लू प्रकोप प्रबन्धन की बैठक में मौजूद डीएम व अन्य अधिकारीगण

पशुओं की सुरक्षा हेतु एक्शन प्लान तैयार कर उसका प्रभावी पशुपालक कृषको को हीट-बेव की स्थिति में पशुओं की सुरक्षा हेतु जागरुक करने हेतु ग्राम स्तर पर क्षेत्रीय स्टॉफ एवं गौपालको को निर्देशित करेगा। पशुओं हेतु आश्रय स्थलों/समुचित वेटनरी मेडिसिन एवं पीने हेतु पेय जल की समुचित व्यवस्था की कार्यवाही करेगा। शिक्षा विभाग समस्त शैक्षिक संस्थानों में छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा गर्मी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय की समयावधि में परिवर्तन, गर्मी को दृष्टिगत रखते हुये यह सुनिश्चित किया जाये कि धूप में विद्यार्थियों द्वारा आउटडोर शारीरिक क्रियाकलापों को न किया जाये। पंचायतीराज व ग्राम्य विकास विभाग मनरेगा कामगारों की कार्य अवधि में परिवर्तन तथा कार्यस्थल पर छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था के साथ ही पशुओं के पेयजल हेतु तालाब एवं पोखरों को भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। जिन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति गंभीर रूप से बाधित हो,जहाँ जलापूर्ति हेतु पानी के टैंकरों को तैनात करने की व्यवस्था करना व ग्रामीण पेयजल योजनओं का सुचारू रूप से संचालन तथा अधिष्ठापित इण्डिया मार्का हैण्डपम्पों के रिबोर एवं मरम्मत तथा अनुरक्षण कराए जाने के कार्य करेगा। ऊर्जा विभाग विभाग विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही गर्मी को देखते हुये विद्युत कटौती के समय में परिवर्तन करेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि परिवहन विभाग बस स्टैंडों पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था एवं बस स्टैण्डो टर्मिनलों पर छाया एवं पेयजल की व्यवस्था करेगा। इसी प्रकार वन विभाग लोक स्थानों पर हरियाली सुनिश्चित करने के साथ ही वन अस्ति से बचाव हेतु निरन्तर पर्यवेक्षण, वन क्षेत्रों में पशु-पक्षियों हेतु पेयजल आपूर्ति हेतु तालाब व झीलों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। पर्यटन विभाग मंदिरों एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर आए दर्शनार्थियों हेतु अस्थायी आश्रय स्थल एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करेगा। पुलिस विभाग अग्निकांड की घटनाओं के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा कड़ी धूप में लोगों को एकत्रित कर सभा न किये जाने तथा कड़ी धूप सुचारु ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। अग्निशमन विभाग प्रदेश में बढते तापमान के दृष्टिगत अग्निकांड की संभावित घटनाओं के दृष्टिगत समुचित उपाय किया जाना तथा अग्निकांड की संभावना के दृष्टिगत संभावित स्थानों का चिन्हीकरण एवं अग्निशमन उपकरणों को चालू हालत में रखा जाना सुनिश्चित करेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी, डीएफओ, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत सम्बन्धित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंची सांसद डिम्पल यादव

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंची मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव ने सपा नेताओं से प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगने की अपील की। उन्होने सपा कार्यकर्ताओं से कहा कि सपा प्रत्याशी को जिताने में अहम जिम्मेदारी निभाए। सीएसबी रोड स्थित सपा कार्यालय पर कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ जिसमें मैनपुरी सांसद डिंपल यादव ने पहुंच कर सपा प्रत्याशी मनीष यादव डंपी को नगर निकाय चुनाव में जिताने के लिए लोगों से अपील की। कन्नौज की सड़कों के बारे में भी कहा कि सपा में ही सड़कें बनवाई गई। सबसे ज्यादा काम सपा सरकार में कराया गया था। वहीं समाजवादी कार्यकर्ताओं से प्रत्याशी को जिताने के लिए जोर तोड़ से लग जाए। कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित इंजीनियर अनिल पाल, सोनू यादव, गोलू यादव, देवेश शर्मा, अजीत यादव, गोलू संजू, मंजू यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### भाजपा समर्पित प्रत्याशी ने नगर भ्रमण कर मतदान की अपील की

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** चुनाव आयोग द्वारा निकाय चुनाव के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित होनें के बाद से ही चुनाव प्रचार में तेजी आ गई। प्रत्याशियों के समर्थक हर गली नुक्कड पर जनता से मुलाकात कर अपने प्रत्याशी के लिये पसीना बहा रहे हैं। वहीं भाजपा समर्पित प्रत्याशी मुश्ताक अहम भूटटू नें समर्थकों के साथ समधन नगर में भ्रमण कर मतदान करनें की अपील की है। वहीं पूर्व सभासद प्रतिनिधि मो. आजम सिददीकी नें जनसंपर्क कर बार्ड की जनता से सहयोग मांगा है। तो मंगलवार को समधन नगर पंचायत से भाजपा समर्पित प्रत्याशी मुश्ताक अहमद भुटटू नें समर्थकों के साथ समधन नगर के आंशिक भाग इस्माईलपुर, आजादनगर, गोरीनवादा, नेहरू नगर, अल्लामा इकबाल नगर सहित अन्य मोहल्लों में तूफानी जनसंपर्क कर महिलाओं एवं बुजुर्गो के पैर छूकर आशीर्बाद लिया और हांथ जोडकर बोट देनें की अपील करते हुये कहा कि उन्होनें व उनके परिवार नें हमेशा जनता की सुख व दुख मे निस्वार्थ भाव से सेवा की है। उधर नगर के मोहल्ला सीमान्तनगर में नगर पालिका परिषद की पूर्व सभासद महरून्निशा के प्रतिनिधि मो. आजम सिददीकी नें वार्ड में सघन जनसंपर्क कर वार्डवासियों से मतदान करनें की अपील करते हुये कहा कि मतदान करना हर किसी का नैतिक दायित्व है। शत प्रतिशत मतदान करके स्वच्छ छवि के प्रत्याशी का चुनाव करना चाहिये जो जनता की समस्याओं के निस्तारण व उनके सुख दुख में सदैव भागीदारी करें।

### मतदान कार्य में लगे कार्मिकों का डाक मतपत्र से मतदान कराया जाएगा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) आशीष कुमार सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु कार्य में लगे कार्मिकों एवं सुरक्षा कर्मियों आदि को डाक मतपत्र से मतदान कराया जाएगा। मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण 3 व 4 मई को सेन्ट जेवियर्स स्कूल में प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराहन 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मतदान में लगे मतदान सुरक्षाकर्मी 3 मई तथा 4 मई को पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करेंगे। मतदान के समय स्वयं अथवा निर्वाचन अभिकर्ता फोटो पहचान पत्र सहित उपस्थित रह सकते हैं।

### ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर, ट्राली पलटी बाल-बाल बचा चालक

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर ट्राली पलटी बाल-बाल बचा ट्रैक्टर चालक सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी विवेक पुत्र विनोद कुमार ट्रैक्टर ट्राली में भट्टा से ईट लादकर बहादुरपुर जा रहा था जैसे ही ट्रैक्टर बंबा के पास पहुंचा ही था कि सौरिख की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे ईटों से लधी ट्राली पलट गई चालक को मामूली चोटें आई सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर थाने ले गई।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत


**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कानपुर से फर्रुखाबाद को जा रही पैसेंजर ट्रेन से युवक की जसोदा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह देख मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। जानकारी पर पहुंची जसोदा चौकी पुलिस ने मृत युवक की शिनाख्त आधार कार्ड से हुई। पुलिस ने इसकी सूचना युवक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के सांडी निवासी लगभग 29 वर्षीय शिवम पुत्र झब्बू। युवक के परिजनों के मुताबिक शिवम कानपुर से दवाई लेने गया था। घटना रास्ते में कैसे घटित हो गई यह जानकारी नहीं है। वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## विद्यार्थी अपनी मेधा एवं प्रतिभा से देश की सेवा करेंगेः विजय मिश्र

**प्रबन्धक नें मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उत्साहबर्धन किया**

गुरसहायगंज (कन्नौज) समृद्धि न्यूज

**नगर** के गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में प्रबंधक एवं कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्र द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी मेधा एवं प्रतिभा से देश की सेवा करेंगे। मंगलवार को नगर के रामगंज में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने कहा कि हमारा विद्यालय ऐसे बच्चों के लिए मदद



मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते प्रबंधक व अन्य

करने के लिए हमेशा तत्पर है। जिन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने मे कोई बाधा उत्पन्न होती है। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रबल प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय का वर्ष 2023 का रिजल्ट हाई स्कूल 97 फीसदी एवं इंटर में कला वर्ग 98 फीसदी, विज्ञान वर्ग 94.5 फीसदी रहा है। इससे पूर्व विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य सहित अध्यापकों रामप्रकाश, सतीश चंद्र, आशुतोष बाजपेई, कमलेश कुमार, अतुल मिश्रा, गजेंद्र यादव, श्रुति मिश्रा, रामू त्रिपाठी, आकांक्षा ने मेधावी छात्र छात्राओं का माला पहना कर स्वागत किया।

### पुलिस ने छापेमारी कर वारंटी को पकडा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** निकाय चुनाव से पूर्व उच्च अधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत छापामार कार्रवाई करते हुए न्यायालय में चल रहे मुकदमे में काफी समय से गैरहाजिर चल रहे युवक को हिरासत में लेकर कार्रवाई की है। मंगलवार को हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे कोतवाली के उपनिरीक्षक राम गिरीश यादव ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम कुडरीपुरवा में छापेमारी कर वारंटी चरण सिंह उर्फ बेदराम को हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही के पश्चात आरोपी को जनपद न्यायालय भेजा गया।

## मतदान केन्द्रों की सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से होगी निगरानी

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह द्वारा आगामी नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मदान केन्दों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह नें दलबल के साथ जनपद कन्नौज के विभिन्न नगर पालिका एवं नगर पंचायतों (गुसहायगंज, छिबरामऊ व नगर पंचायत सौरिख, सिकन्दरपुर, समधन) क्षेत्र के मतदान केन्द्रों जाकिर हुसैन जूनियर हाई स्कूल गुरसहायगंज, जाकिर हुसैन इण्टर कॉलेज गुरसहायगंज, अनवरी बेगम हायर सेकेण्डरी स्कूल छिबरामऊ, बाबू सिंह गंगा रानी महाविद्यालय छिबरामऊ, लोक भारतीय इण्टर कॉलेज छिबरामऊ, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय सिकन्दरपुर, नूर अहमद जनियर हाई स्कूल समधन, सैयद अहमद पब्लिक स्कूल समधन' का निरीक्षण कर सुरक्षित एवं शान्तिपूर्ण मतदान हेतु मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखने, मतदान केन्द्रों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने, चिन्हित स्थानों पर बैरीकैडिंग करने, मतदान केन्द्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखने हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया तथा सभी कस्बों में भ्रमण कर आम जन से संवाद कर उनके महत्वपूर्ण फीडबैक और सुझाव प्राप्त किये। पुलिस बल को चुनाव के दौरान पूर्ण मनोयोग व निष्पक्षता और तटस्थता से ड्यूटी का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया।

## पुलिस ने दो बाइक सवार दो चोरों को दबोचा



बाईक व असलाह और कारतूस सहित पुलिस हिरासत में आरोपी

**वाहन चेकिंग के दौरान बरामद किया तमंचे, कारतूस व बाइक**

गुरसहायगंज (कन्नौज) समृद्धि न्यूज

**निकाय** चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों के पास से तमंचा व कारतूस बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया।

सोमवार की शाम हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे ओमपाल सिंह पुंडीर ने ग्राम भैंसियापुर रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए बुलेट सवार दो युवकों के पास से दो अवैध तमंचे एवं सात कारतूस सहित मोबाइल फोन बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम अभिषेक उर्फ प्रबल चतुर्वेदी पुत्र नीरज चतुर्वेदी एवं ज्ञानेश पुत्र शिवांशु निवासी ग्राम रौरा बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया



क्षेत्र के दुकानदार से वार्ता करते एसपी

**खामियां दूर करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

सौरिख,समृद्धि न्यूज

**निकाय** चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक ने वोट डालने के लिए बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां मिली खामियों को दूर करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर 11मई को होने वाले मतदान को लेकर पुलिस अधीक्षक अनुपम सिंह ने नगर में लोगों से शांतिपूर्ण मतदान के लिए अपील की और पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश दिए। मतदान के लिए बनाए गए मतदान केंद्र ऋषि भूमि इंटर कालेज, प्राइमरी कन्या पाठशाला आजाद नगर, बाबा गंगा दास जूनियर हाईस्कूल अंबेडकर नगर, भारतीय विद्यालय कायमपुर सहित सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया, वही संबंधित कर्मचारी को कमियां दूर करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## समाज सेवक भूसा दान महाअभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंः डीएम

**भूसा दान महाभियान में ग्राम प्रधान की टीम ने 111 कुंतल भूसा किया दान**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह ने संयुक्त रूप से सदर विकास खण्ड के ग्राम-मियागंज में भूसादान अभियान के अंर्तगत भूसे से लदी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



भूसे से भरे डीसीएम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते डीएम

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधान संजय कुमार गुप्ता की टीम द्वारा जन सहभागी से प्राप्त 111 कुन्तल भूसा एकत्रित कर निराश्रित गौवंशो के भरण-पोषण हेतु गौशालाओं में पहुंचाने का कार्य किया गया है, जो सराहनीय कार्य हैं। उन्होंने इस पुनीत कार्य में सभी लोगों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा। डीएम ने कहा कि गाय को माता के रूप में दर्जा दिया गया है। सरकार निराश्रित गौवंशो के संरक्षण एवं भरण-पोषण हेतु कार्य कर रही हैं, किन्तु हमारी भी जिम्मेदारी बनती हैं कि इस भूसा दान महाअभियान में अपनी महती भूमिका दिखाए और निराश्रित गौवंशो के भरण पोषण हेतु अधिक से अधिक भूसा इकट्ठा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि चारे के अभाव में कोई मवेशियों भूखा न रहें इसलिए यह भूसा दान महा अभियान की अनोखी पहल शुरू की गयी है, जो प्रत्येक ग्राम पंचायत व मजरे से भूसा एकत्रित कर गौशालाओं तक पहुचाये जाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संजय कुमार गुप्ता, प्रताप नारायण कुशवाहा, विमलेश गुप्ता, रिंकू कुशवाहा, ओम प्रताप तिवारी, राजू गुप्ता, रामानंद तिवारी, राजा श्रीवास्तव, जीतू दिवाकर, अब्दुल खालिक, मजीद, फूल सिंह, महावीर सिंह, इरफान रायनी, इलियास रायनी, दीपू प्रजापति, मनोज दुबे सहित अन्य भूसा दानकर्ता मौजूद रहे।

## जिला युवा उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने की हुई चर्चा

**सीडीओ की अध्यक्षता में हर्षवर्धन सभागार में हुई बैठक, बैठक में प्रधानाचार्य एवं प्राचार्य तथा प्रबंधक मौजूद रहे**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**मुख्य** विकास अधिकारी आरएन सिंह की अध्यक्षता में हर्षवर्धन सभागार में जिला युवा उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाए जाने हेतु एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में उन्होंने कहा कि जिला युवा उत्सव के अयोजन की प्रस्तावित तिथि 29 से 31 मई है। युवा उत्सव की थीम 'भारत/2047: पंच प्रण' है। युवा उत्सव में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, काव्य लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया



जाएगा। प्रत्येक प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु 3 सदस्यीय समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु आवेदन प्रारूप नेहरू युवा केंद्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा सभी युवा अपने संस्थान के प्राचार्य/प्रधानाचार्य से संपर्क कर भी फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव में प्रतियोगिताओं के साथ- साथ विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। साथ ही जनपद में राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर जानकारी दी जाएगी। सभी शैक्षिक संस्थानों से आए प्रधानाचार्य एवं प्राचार्य तथा प्रबंधक को छात्र-छात्राओं और सभी विभागाध्यक्षों को 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं के बीच युवा उत्सव भारत/2047 का प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रतियोगिताओं के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु सभी विभागों और खंड विकास अधिकारियों व खंड स्तरीय अधिकारियों को युवा उत्सव का प्रचार करने के निर्देश दिए। जिससे जनपद से अधिक से अधिक पात्र अवदान प्राप्त कर एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का आयोजन संभव हो सके। बैठक जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला युवा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष एवं शैक्षिक संस्थानों के प्राचार्य व प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# मनचले टैक्सी चालक को पीटकर किया पुलिस के हवाले



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना कादरीगेट के अन्तर्गत मिशन कम्पाउंड के सामने महिला ने टैक्सी चालक की चप्पलों से पिटाई कर दी। मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गयी। टैक्सी चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। महिला ने आरोप लगाया कि युवक लड़कियों को टैक्सी में बैठाने के बाद चाकलेट देता है। लड़कियों ने अपने घर बताया तो परिजन पहुंच गये और आवास विकास मिशन कम्पाउंड के निकट उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान भीड़ एकत्र हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने टैक्सी चालक को हिरासत में ले लिया। वहीं नगर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि एक महिला द्वारा टैक्सी चालक की पिटाई का मामले सामने आया है। मामले में जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# जनपद में सर्वाधिक मतदाता 229998 नगर पालिका सदर में

- जनपद में कुल 399571 मतदाता 11 मई को करेंगे मतदान, जिले भर में 167 मतदान केंद्रों, 483 मतदेय स्थलों पर होगा मतदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में स्थानीय निकाय चुनाव में कुल 399571 मतदाता आने वाली 11 मई को अपने मत का प्रयोग करेंगे। जिला प्रशासन शांति पूर्ण मतदान कराने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाये हुए है। इसके चलते जिला निर्वाचन कार्यालय से निर्गत की गई नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में निकाय वार्ड मतदान केंद्र, मतदान स्थलों व मतदाताओं की सूची के अनुसार नगर पालिका सदर में सर्वाधिक 229998 मतदाता है। नगर पंचायत कम्पिल में सबसे कम 11555 मतदाता है। नगर पालिका सदर में 42 वार्ड है। उनमें कुल 69 मतदान केंद्र व 277 मतदेय स्थल बनाये गये है। इन मतदान स्थलों पर 122063 पुरुष व 107935 महिला मतदाता मतदान करेंगे। नगर पालिका परिषद कायमगंज के कुल 25 वार्डों में 16 मतदान केंद्र व 36 मतदेय स्थल है। जिन पर 18896 पुरुष व 13336 महिला कुल मतदाता 28232 मतदान करेंगे। नगर पंचायत कमालगंज में कुल 12 वार्ड है, जिनमें 6 मतदान केंद्रों पर 14 मतदान स्थल बनाये गये है। जिन पर 11861 मतदान मतदान करेंगे। न0पं0 मोहम्मदाबाद के 15 वार्डों में 11 मतदान केंद्र व 27 मतदेय स्थलों पर 20730 मतदाता वोट डालेंगे। न0पं0 संकिस बसंतपुर के 15 वार्ड में 13 मतदान केंद्र व 21 मतदान स्थलों पर कुल 17958 मतदाता वोट डालेंगे। न0पं0 कम्पिल के 10 वार्डों में 6 मतदान केंद्रों पर 13 मतदान स्थल बनाये गये है। जिन पर 11555 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। न0पं0 शमशाबाद के 19 वार्डों में 17 मतदान केंद्र बनाये गये है व 38 मतदान स्थल होंगे। जिस पर 32231 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेगे। न0पं0 नवाबगंज के 16 वार्डों में 16 मतदान केंद्र बनाये गये है और 28 मतदेय स्थलों पर 22118 मतदाता वोट डालेंगे। पूरे जिले में 170 वार्ड है व 167 मतदान स्थल बनाये गये है। जिनमें कुल 483 मतदेय स्थलों पर 213498 पुरुष व 187073 महिलायें मतदाता कुल 399571 मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे। प्रशासन अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए जागरुक कर रहा है।

# निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, ली तलाशी



कार की डिग्गी की तलाशी लेती पुलिस

- चार पहिया वाहनों को रोक-रोककर डिग्गियों को खोलकर देखा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय निकाय चुनावों के चलते प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ हर तरफ निगाह बनाये हुए है। इसी के चलते एसपी के निर्देशन में सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहनों के चालान किये गये। निकाय चुनाव के चलते आचार संहिता लागू है। वहीं शांति व्यवस्था बनी रहे इसलिए धारा 144 भी लगी है। चुनाव के चलते बाहर से जनपद में प्रवेश करने वाले चार पहिया वाहन व बाहर से आने वाले सभी वाहनों की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। आचार संहिता के चलते किसी भी व्यक्ति को बड़ी मात्रा में नगदी या आभूषण आदि मिलने पर उससे संबंधित धनराशि या धातु के साक्ष्य दिखाने होंगे। ऐसा न होने पर धनराशि जब्त की जायेगी। तलाशी के दौरान यह भी देखा जा रहा है कि कोई व्यक्ति आचार संहिता व धारा 144 का उल्लंघन तो नहीं कर रहा है। बाहर से आने वाले वाहनों पर पुलिस सख्ती से अभियान चला रही है।

# एएसपी ने निरीक्षण कर परखी मतदान स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था



निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को दिशा निर्देश देते एएसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस अधीक्षक ने आगामी निकाय चुनाव के मद्देनजर मतदान स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को आगामी निकाय चुनाव के मद्देनजर कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में बनाये गये मतदान स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा मतदान स्थलों पर कोई भी कमी न रहने पाये। यह पहले ही देख लिया जाये। अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि मतदान स्थलों पर रोशनी की व्यवस्था, पानी आदि की व्यवस्था अवश्य देखी जाये। यदि कहीं पर कमी है तो उसे समय रहते दुरुस्त कराया जाये। बाद में कोई भी खामी नहीं मिलनी चाहिए। इस दौरान थानाध्यक्ष व अन्य पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# संकिसा बसंतपुर में भारी पड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशी




**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा बसंतपुर में नवगठित नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में नाम वापसी के बाद अब तस्वीर साफ होती नजर आने लगी है, यहां पर निर्दलीय प्रत्याशी सपा, बसपा, भाजपा, कांग्रेस आदि पार्टियों पर भारी दिखाई पड़ रहे हैं। कुछ सजातीय प्रत्याशी भी मैदान में होने से अब तक जिताऊ माने जा रहें हैं। दो प्रत्याशियों के समर्थकों के माथे पर बल पड़ गए है।

नव गठित नगर पंचायत संकिसा बसंतपुर में कहने को तो आम आदमी पार्टी सहित कांग्रेस, भाजपा, सपा, बसपा तथा 14 निर्दलीय प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। पर नाम वापसी के बाद अब तश्वीर साफ होती नजर आने लगी है। सबसे ज्यादा भाजपा तथा सपा पार्टी की नींद उनके सजतीय निर्दलीय प्रत्याशी ही उड़ाने के काम में लग गये है। भाजपा प्रत्याशी को जिताने की कमान भाजपा के दिग्गज नेताओं तथा उनके संगठन ने बहुत पहले ही सम्भाल ली थी, पर बाहरी ठप्पा लगा होने से लोग तिराहे चौराहे एवं चौपालों में ये भी चर्चा करने लगते हैं अगर प्रमुख दो पार्टियों के प्रत्याशियों पर बाहरी होने का ठप्पा न लगा होता तो निर्दलियों के हौसले बुलंद न होते। अब तो लोग चर्चा करने लगे है कि सत्ता के चाटुकारों की भीड़ ही केवल उनके साथ दिखाई पड़ती है। सबसे ज्यादा निर्दलीय प्रत्याशी सपा प्रत्याशी की नींद उड़ाने में लगे है। एक जगह से 5 सजातीय बन्धुओं ने अध्यक्ष पद पर पर्चा फाइल कर उन्हें सबक सिखाने की कसम खाई है। एक सजातीय प्रत्याशी फूल के लिये काटें बनकर मैदान में आ गये हैं। उन्होंने वाकायदा अपना चुनाव प्रचार भी शुरु कर दिया है। पर्चा वापिसी तक वह एक दम भूमिगत हो गये थे। उनका पर्चा वापिसी के लिये समर्थकों ने दिन रात एक कर दिया था पर वह किसी भी कीमत पर नेताओं के सामने नहीं आये।

बरहाल चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा यह अभी नहीं कहा जा सकता पर निर्दलीय प्रत्याशी सभी राष्ट्रीय दलों पर भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। एक राष्ट्रीय दल के प्रत्याशी ने दो-दो जगहों अपना चुनाव कार्यालय खोल रखा है। एसी में रहने वाले नेतागण अब नगर की गलियों की खाक छानते घूम रहे हैं। मतदाताओं को डर है कि कुछ बाहरी नेता चुनाव बाद अपने घर अस्थाई कार्यालय बनाकर वहीं से नगर पंचायत का संचालन करेंगे।

# खबरें चलते-चलते

## दहेज की मांग को लेकर नवविवाहित को घर से निकाला

**नवाबगंज (सं.)।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने नवविवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर देकर ससुरालियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम रसीदपुर निवासी सविता देवी पुत्री देवेन्द्र सिंह ठाकुर का विवाह 13 फरवरी को सुशील कुमार पुत्र रामनाथ निवासी त्योरी इस्मालपुर थाना नवाबगंज के साथ हुआ था। जिसमें पीड़िता के परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था। विवाह के बाद पीड़िता का पति सुशील कुमार, जेठ विपिन, सुनील पुत्रगण रामनाथ, जिठानी शालू देवी पत्नी विपिन कुमार, सास सुषमा देवी अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन व पांच लाख रुपये मांगने लगे। मांग पूरी न होने पर उत्पीड़न करने लगे। इन लोगों ने पांच दिन पहले एकराय होकर कमरे में बंद करके मारापीटा व जान से मारने का प्रयास किया। ससुर ने पति सुशील को लाइसेंसी बंदूक लाकर दी और गोली मारने को कहा। शोर मचने पर पास पड़ोस के लोग एकत्र हो गये। इन लोगों ने आकर बचाया। ससुरालियों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पति सुशील के साथ उसकी जिठानी शालू से अवैध सम्बन्ध है। पीड़िता ने कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

## मामा के साथ धोखाधड़ी कर कराया बैनामा

**फर्रुखाबाद (सं.)।** भांजे ने मामा से उनकी खेती अपने नाम करवा ली। जिससे मामा का परिवार भूमिहीन हो गया। भूमि वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। इस बात की शिकायत पीड़िता ने जिलाधिकारी से करके कार्यवाही करने की मांग की है। मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम नगला समाधान निवासी अतर सिंह की पत्नी मार्गश्री ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा कि पीड़िता वृद्ध महिला है। पीड़िता के पति अतर सिंह से षड्यंत्र करके उसके भांजे नंदकिशोर पुत्र धीरेन्द्र निवासी जटवारा कायमगंज ने खेत का फर्जी बैनामा करवा लिया। पीड़िता ने जब खेत वापस करने के लिए कहा तो नंद किशोर ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी और कहा कि अगर दोबारा खेती वापस मांगी तो तेरे पुत्रों को भी जान से मार देंगे। पीड़िता ने नंदकिशोर के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगायी है।


## संदिग्ध परिस्थितियों में बालिका घायल

**फर्रुखाबाद (सं.)।** संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हुई बालिका को परिजन आनन-फानन में नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव मंगलीपुर निवासी अस्मिता उम्र 10 वर्षीय पुत्री मनोज कुमार को परिजन घायल अवस्था मे कायमगंज नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये जहाँ डियूटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर विपिन सिह ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं डाक्टर ने बताया की बालिका की गर्दन में धारदार चीज से चोटें आई हैं। वही इस सम्बन्ध में परिजनों से जानकारी चाही तो उन्होंने बताने से इन्कार कर दिया।

## कार व ट्रैक्टर की भिड़ंत में कई घायल

**शमसाबाद (सं.)।** कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर मंगलवार की शाम को रजला मई एवं ठंडीकुइयां के चौराहा के निकट एक कार संख्या यूपी 76 एएच 1114 जो फर्रुखाबाद से कायमगंज की ओर जा रही थी। कार में महिलाएं भी सवार थी। जब कार शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव रजलामई के निकट ठंडी कुइयां चौराहा से गुजर रही थी, तभी कायमगंज से फर्रुखाबाद की ओर जा रही एक ट्रैक्टर ट्राली की कार से आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत से कार के परखच्चे उड़ गये। वहीं कार में सवार महिलाएं भी घायल हो गई। साथ ही कार चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली को वहीं छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना फैजबाग पुलिस चौकी को दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करके आनन-फानन में घायलों को तत्काल कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु भेजा।

# अलखिया मंदिर की सम्पत्ति पर भू-माफियाओं की नजर



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अलखिया मंदिर कमालगंज की भूमि को भू-माफियाओं के नाम कुचक्र रचकर कर देने के मामले में मंदिर के महंत के शिष्य ने जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में सम्पत्ति को माफियाओं को बचाने व और कूटरचित साजिश करने वालों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

पीड़ित महंत हरगिरी नागा बाबा पंच दसनाम जूना अखाड़ा ने दिये गये शिकायती पत्र में कहा कि वह महंत सोमवारगिरी थानापति का शिष्य है। महंत ने उसे अलखिया बाबा आश्रम नगला दाउद में मंदिर में पूजा करने और कृषि योग भूमि का स्वामित्व दिया था। भू-माफियाओं ने राजस्व विभाग से साजिश करके भूमि को हड़पने के उद्देश्य से दबंग भू-माफियाओं व अपराधियों के नाम से लिखवा दिया। हेरफेर करके पीड़ित को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया है। विपक्षियों ने अपराधिक कृत्य किया है। प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायती पत्र दिये गये, लेकिन किसी के प्रति कोई मुकदमा नहीं पंजीकृत किया गया। भू-माफियाओं पर हत्या जैसे कई आरोप है। इनके विरुद्ध थाना एवं पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत की गई, लेकिन मुकदमा आज तक दर्ज नहीं हुआ। महंत हरिगिरी ने तहसीलदार पर आरोप लगाया कि वे चालान कर देने की धमकी देती है। महंत ने डीएम से मांग की कि मामले को संज्ञान में लेकर साक्ष्यों के आधार पर इस मामले में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करें, ताकि धार्मिक स्थल को भू-माफियाओं से बचाया जा सकें।

# राजस्व निरीक्षक की मृत्यु के बाद परिजन लगा रहे हैं सरकारी कार्यालय के चक्कर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजस्व निरीक्षक की मृत्यु के बाद स्वास्थ्य चिकित्सा प्रतिपूर्ति एवं अवकाश भुगतान बिल बनवाने की मांग को लेकर पीड़ित पुत्र ने जिलाधिकारी से गुहार लगायी। डीएम ने पत्रावली को शीघ्र भेजने के आदेश दिये है।

दिये गये शिकायती पत्र में दिवंगत राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार अवस्थी पुत्र गंगाधर अवस्थी निवासी अमृतपुर के पुत्र अमित अवस्थी ने कहा कि उसके पिता बीमारी के कारण से सेवानिवृत्त हो गये थे। उसके बाद उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इलाज की प्रतिपूर्ति व अवकाश भुगतान के लिए एआरके शक्ति सिंह, रजिस्टार कानून गो राजेश सिंह बिल बनाकर नहीं भेज रहे है। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते पत्रावली को शीघ्र तलब किया है।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने चावल के भरे नमूने



चावलों का निरीक्षण करते टीम के सदस्य

- टीम की छापेमारी से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एफएसडीए की टीम ने सहायक खाद्य आयुक्त सैय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में खाद्य पदार्थों में मिलावट पर नियंत्रण पाने व खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के लिए छापेमारी की और दो नमूने संग्रह किये। टीम की छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। टीम में शामिल खाद्य सुरक्षाधिकारी डा0 शैलेन्द्र रावत ने अमृतपुर रोड पर राजेपुर रठौरी स्थित एक राइसमिल जिसे सुशील कुमार पुत्र जगनन्नाथ सिंह संचालित कर रहे है से चावल के दो नमूने भरे। उन्होंने बताया कि लिये गये नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जायेगा।

# सपा ने नगर निकाय चुनावों के लिए बनाये चुनाव प्रभारी व सह प्रभारी

- नगर पालिका सदर में पांच प्रभारी व 15 सह प्रभारी बने
- नवाबगंज व संकिसा की जिम्मेदारी वरिष्ठ सपा नेता डॉ0 जितेन्द्र यादव व राम सेवक को




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी ने नगर निकाय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में चुनाव समितियों का गठन किया है। जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों के प्रभारी व सह प्रभारी बनाये गये। सभी क्षेत्रों में चार लोगों के अध्यक्ष वाली समिति में नगर पालिका सदर में पांच प्रभारी व 15 सह प्रभारी घोषित किये गये। नगर पंचायत नवाबगंज व संकिसा की जिम्मेदारी वरिष्ठ सपा नेता डा0 जितेन्द्र यादव व पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव को सौंपी गई है।

जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने बताया कि पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति पर नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के प्रभारी बनाये गये है। अध्यक्ष मण्डल में पूर्व सांसद चन्द्रभूषण सिंह, पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव, जिला प्रभारी डा0 नवल किशोर शाक्य व मोहम्मद इरफानुल हक कादरी को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका सदर के लिए बनायी गई समिति में पूर्व मंत्री सतीश दीक्षित, राष्ट्रीय प्रवक्ता डा0 अरविन्द गुप्ता, पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय यादव, वरिष्ठ नेता महेन्द्र कटियार, पूर्व ब्लाक प्रमुख उमर खां को प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही सरल दुबे, पुष्पेन्द्र यादव, रामानन्द प्रजापति, नागेन्द्र शाक्य, युनूस अंसारी, रामविलास राजपूत, नरेन्द्र शाक्य, रजत क्रांतिकारी, विवेक यादव, राघव दत्त मिश्रा, राजीव चतुर्वेदी, सुलक्षणा सिंह, संजीव यादव, चन्द्रेश राजपूत व अरविन्द कश्यप को सह प्रभारी बनाया गया है। जिलाध्यक्ष ने अवगत कराया कि नगर पंचायत नवाबगंज का प्रभारी वरिष्ठ सपा नेता डा0 जितेन्द्र सिंह यादव व पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव को प्रभारी बनाया गया।

इसके साथ ही नागेन्द्र सिंह शाक्य, उदय प्रताप भोला यादव, ओमप्रकाश शर्मा, पीयूष यादव, बिजेन्द्र यादव, केशव यादव व मनोज शाक्य को सह प्रभारी बनाया गया है। नगर पंचायत शमशाबाद का प्रभारी सपा नेता प्रताप सिंह यादव, अजीत कठेरिया व सर्वेश अम्बेडकर को बनाया गया। वहीं मनोज मिश्रा, नारेन्द्र शाक्य, संतोष दिवाकर, बृजेश पाल व राघव दत्त मिश्रा को सह प्रभारी बनाया। नगर पंचायत खिमसेपुर का प्रभारी सपा नेता जमालुद्दीन सिद्दीकी, रामसेवक यादव व अरसद जमाल को बनाया गया।

वहीं आलोक यादव, राहुल देव वर्मन, नवरंग सिंह यादव, रोहिताश यादव, अमित यादव, गौरव यादव को सह प्रभारी बनाया गया। नगर पालिका कायमगंज का प्रभारी प्रताप सिंह यादव, अजीत कठेरिया व सर्वेश अम्बेडकर को बनाया गया। इसके साथ ही रामप्रकाश कल्लू यादव, रामसरन कठेरिया, संतोष दिवाकर, डा0 सीपी निर्मल, ओमप्रकाश उर्फ बिहारी यादव, आनन्द यादव, शिवम यादव, सहाब खां को सह प्रभारी बनाया गया। नगर पंचायत कम्पिल का प्रभारी प्रताप सिंह यादव, अजीत कठेरिया, सर्वेश अम्बेडकर को बनाया व सह प्रभारी किशन पाल, आकिल खां, मन्नान खां, करन माथुर, युनूस अंसारी, रामविलास माथुर, साजिद अली, जितेन्द्र, सरदार तोषित प्रीत सिंह व शशांक सक्सेना को सह प्रभारी बनाया गया। नगर पंचायत मोहम्मदाबाद का प्रभारी पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, रामसेवक यादव, अरशद जमाल सिद्दीकी को बनाया गया। सह प्रभारी युनूस अंसारी, राजीव चतुर्वेदी, सुभाष शाक्य, बृजेश पाल, अनुराग यादव, ओमप्रकाश शर्मा, अमित यादव, सरदार तोषित प्रीत सिंह, शशांक सक्सेना को बनाया गया। नगर पंचायत कमालगंज का प्रभारी जमालुद्दीन सिद्दीकी, रामसेवक यादव, अरशद जमाल को बनाया गया। सह प्रभारी जियाउद्दीन खान, राशिद जमाल, सिराजुल आफाक मुन्ना, समीर यादव, बिल्लू श्रीवास्तव, मनोज यादव को बनाया गया। नगर पंचायत संकिसा की जिम्मेदारी वरिष्ठ सपा नेता डा0 जितेन्द्र यादव, रामसेवक यादव को सौंपी गई। वहीं सह प्रभारी नागेन्द्र शाक्य, नवरंग सिंह यादव, उदय प्रताप भोला यादव, गौरव यादव, संतोष दिवाकर, पंकज यादव, राहुल देव वर्मन को बनाया गया। सभी ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करेंगे।

## मुन्नू बाबू सहित चार वरिष्ठ नेता अध्यक्ष मण्डल में

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी ने स्थानीय निकाय चुनावों के लिए बनाये गये चुनाव प्रभारी व सह प्रभारियों के अध्यक्ष मण्डल में लोकसभा से संबंधित चारों लोगों को शामिल करके भविष्य के संकेत दिये हैं। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव को शायद अभी से ही नजर में रखा जा रहा है। इसलिए अध्यक्ष मण्डल में पूर्व सांसद एवं जिला प्रभारी चन्द्रभूषण सिंह मुन्नूबाबू, जिला प्रभारी नवल किशोर शाक्य, पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव व जिला प्रभारी मोहम्मद इरफानुल हक कादरी को शामिल किया गया है। अध्यक्ष मण्डल के गठन को देखते हुए ऐसा महसूस हो रहा है कि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी लोकसभा के चुनाव में पूरी ताकत के साथ अपना दमखम दिखायेगी और निकाय चुनाव में जीत हासिल करेगी।

# मार्ग दुर्घटना में एक युवक की मौत, दूसरा गम्भीर




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मार्ग दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक गम्भीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर लोहिया अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगँझ क्षेत्र के ग्राम रुनी चुरसई के निकट एक बाइक संख्या यू.पी.76ए-एच8579 पर सवार दो युवक कहीं जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना जहानगंज थाना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। वहीं दूसरे युवक को अस्पताल भिजवाया गया। जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है।





# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार बाराती की मौत, तीन घायल

- सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम
- पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा



मृतक का फाइल फोटो

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** बारात में जाते वक्त ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य भी घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हूसा निवासी रामू पुत्र रामपाल बीती रात ग्राम कुबेरपुर कुंडरा से शाहजहांपुर जनपद के कांठ में बारात में सम्मिलित होने बाइक से अपने दोस्तों के साथ जा रहा था। जैसे ही ग्राम सिंगहा थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर के पास पहुंचा, तभी ट्रैक्टर ने अचानक उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे रामू व तीन अन्य साथी गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें बारातियों ने निजी वाहन से लोहिया अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सक ने रामू को मृत घोषित कर दिया। बांकी अन्य घायलों का इलाज आनन-फानन में शुरु कर किया गया। रामू की मौत की खबर मिलते ही मृतक की मां रामवती, पत्नी गोमती आदि परिजनों का रो-रोक बुरा हाल हो गया है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भिजवाया।

## दो का शांतिभंग में चालान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से लड़ाई झगड़ा कर अशांति फैलाने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव भोजपुर निवासी रवेंद्र पुत्र मलखान गांव में शराब पीकर लड़ाई झगड़ा कर रहा था। वहीं रघुनंदन पुत्र बंशीलाल निवासी खजुरिया नगला राधा नाम की महिला से विवाद कर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया।

## मकान की बिक्री पर रोंक लगाने की डीएम से गुहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाई की मौत के बाद घर छोड़कर दिल्ली में रहने लगी भाभी द्वारा मकान की बिक्री किये जाने पर रोंक लगाने की मांग पीड़ित ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर की।

दिये गये शिकायती पत्र में पीड़ित रुस्तम खां पुत्र नबीदराज निवासी दौलतपुर चकई ने कहा कि पीड़ित के भाई रूमि खां की दो वर्ष पहले मौत हो गई। इसके बाद भाभी सीमा बेगम दिल्ली जाकर रहने लगी और अपने दोनों पुत्र रिहान 11 वर्ष व दाउद को छोड़ गई अब सीमा बेगम मकान की बिक्री करना चाहती है, यदि मकान बिका तो बच्चे बेघर हो जायेंगे। ऐसे में मासूमों को बेघर होने से बचाने के लिए मकान की बिक्री पर रोंक लगा दी जाये। डीएम ने पीड़िता को कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

# सभी जांचें व आपरेशन नि:शुल्क, आधे दामों में मिलेगी औषधि, शिविर आज से

- आसपास के क्षेत्रीय लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल के चेयरमैन डा0 जितेन्द्र सिंह यादव के समाजसेवी कार्यों की श्रंखला में नि:शुल्क परीक्षण एवं मुफ्त आपरेशन शिविर व आधे दामों पर औषधि उपलब्ध कराने के संबंध में शिविर का आयोजन मेडिकल कालेज के प्रांगण में होगा। आज से शुरु होने वाले इस शिविर में रजिस्ट्रेशन शुरु हो गये है।

जानकारी के अनुसार मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि शिविर में नि:शुल्क ओपीडी होगी, मुफ्त आपरेशन, अल्ट्रासाउंड कराये जायेंगे व आधे मूल्यों पर औषधियां उपलब्ध करायी जायेगी। शिविर में पित्त की थैली में पथरी, हार्निया, हाईड्रोसील, भगंदर, पाइल्स, खतना के आपरेशन किये जायेंगे। गुर्दे की पथरी, अपेंडिक्स, नसबंदी के बाद कटी हुई नस को जोड़ना, शरीर का बाहर निकलना, ह्रदय रोग, डायबटिज, बीपी, पेशाब के रास्ते का सिकुड़ना जैसे रोगों का इलाज किया जायेगा। इसके साथ ही मानसिक रोग, मिर्गी दौरा आना, पेट से संबंधित बीमारियों, बच्चेदानी की रसौली, स्तन गांठ, अंडाशय की गांठ, बांझपन का इलाज, बच्चेदानी का आपरेशन, बार-बार गर्भपात होना, सफेद पानी आना का आपरेशन होगा। मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल की निदेशक डा0 अनीता रंजन के निर्देशन में मेजर डा0 रोहित तिवारी व डा0 ए0के0 खान इलाज करेंगे। नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन शुरु हो गये है। उन्होंने संबंधित रोगों से पीड़ितों को रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित किया और बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिए 7408434162, 7905489748 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि फिलहाल पन्द्रह दिन के लिए शिविर निर्धारित किया गया है और जैसा रिस्पांस मिलेगा वैसे-वैसे उसके आधार पर शिविर की अवधि आगे बढ़ायी जायेगी।

# मन की बात में शामिल हुए जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द

- राज्यपाल ने मोमेन्टो व पीएम मोदी की पुस्तक देकर किया सम्मानित
- बंदियों द्वारा ब्लाक प्रिंटिंग से तैयार की गई शॉल राज्यपाल को उड़ाकर किया सम्मानित
- काऊ कोट बनवाने से चर्चा में आये और पीएम मोदी के मन की बात में हुए शामिल



जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द को सम्मानित करतीं राज्यपाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कारागार अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द ने प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात के 100वें एपिसोड को लखनऊ में सुनने के बाद राजभवन में बंदियों द्वारा वुड ब्लाक प्रिंटिंग से छापी गई शॉल राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को भेंट की। इस मौके पर जेल अधीक्षक को सपत्नी सम्मानित किया गया व मोमेंटो व प्रधानमंत्री की पुस्तक भेंट की गई।

जिला कारागार फतेहगढ़ में एमएसएमई से आच्छादित ओडीओपी के अंतर्गत लॉर्ड बुद्धा सोसायटी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण के उपरांत बंदियों द्वारा वुड ब्लॉक प्रिंटिंग से छपाई की गई शॉल राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को सम्मान भेंट की गई। इस संबंध में जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात 100वें एपिसोड कार्यक्रम के उपलक्ष्य जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद को कॉन्क्लेव में आमंत्रित किया गया था। राजभवन में आयोजित मन की बात 100वें कार्यक्रम की स्पेशल स्क्रीनिंग के अवसर पर उन्होंने भागीदारी की।

इस दौरान जेल अधीक्षक ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को शॉल भेंट सम्मानित किया व अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई। राजभवन के कार्यक्रम के बाद सभी मन की बात कार्यक्रम के उपरान्त जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद को सपत्नी स्मृति चिन्ह एवं पीएम मोदी की किताब देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद अतिथियों को ऐतासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया।

# खुच्चू खलीफा ने जुलूस निकाल दिखाई ताकत

- पिछल दो मर्तबा आजमा चुके हैं भाग्य
- एक बार पुन: निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनावी मैदान में



समर्थकों के साथ जुलूस निकालते खुच्चू खलीफा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत कंपिल से अध्यक्ष पद प्राप्त करने के उद्देश्य से पिछले दो मर्तबा भाग्य आजमा चुके राधाकृष्ण उर्फ खुच्चू खलीफा एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। इन्होंने दोनों बार मिलाकर भी एक सैकड़ा मत प्राप्त नहीं किए, लेकिन हौसले अब भी बुलंद हैं। कार्यकर्ताओं के सहयोग से जुलूस निकाल विपक्षी उम्मीदवारों को इस मर्तबा मिल रहे समर्थन से रूबरू करवाया।

जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला पट्टीमदारी के रहने वाले राधाकृष्ण उर्फ खुच्चू खलीफा इंजन मैकेनिक का काम कर अपना जीवन यापन करते हैं, लेकिन चुनावी मौसम आते ही सिर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बनने का जुनून सवार हो जाता है। जिसके चलते पिछले दो चुनावों से वो अपना भाग्य आजमा रहे हैं, लेकिन हर बार 40-50 मतों से संतोष करना पड़ता है। इस बार भी खुच्चू खलीफा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। मंगलवार दोपहर निर्दलीय प्रत्याशी खुच्चू ने जुलूस निकालकर समर्थकों के साथ गली गली वोट मांगे। इस बार समर्थकों ने जोर शोर के साथ जुलूस निकाल उनके हौसले को बुलंद किया। देखते ही देखते जुलूस में सैंकड़ों की तादाद में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों के जनसमर्थन को देखकर विरोधी हैरान रह गए। इस दौरान सभी विपक्षी पार्टियों के नेता व मतदाता मौजूद रहे। वहीं प्रत्याशी ने बताया कि उन्हें हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। वह चुनाव अवश्य जीतेंगे।

# खबरें चलते-चलते

## चोर को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**फर्रुखाबाद (सं.)।** जेल पुलिस से सेवानिवृत्त नरेश पाल ने कोतवाली फतेहगढ़ में तहरीर देकर मकान निर्माण के दौरान सरिया चोरी करके भाग रहे चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी। दी गई तहरीर में नरेश पाल ने कहा कि उनके पुलिस लाइन गेट के पास बन रहे मकान के एक मंजिल का लेंटर पड़ चुका है। वहीं बिजली वायरिंग के लिए बोर्ड व सरिया आदि रखी हुई है। पिछले तीन-चार दिनों से सामान की चोरी पुत्र सदानन्द निवासी गांधी कर रहा है। उन्होंने तहरीर में दर्शाया कि सरिया चोरी करके आरोपी फतेहगढ़ स्थित अस्पताल के निकट से जा रहा था। जैसे ही उसने देखा तो वह भागने लगा। नरेश पाल ने करीब 20 किलो सरिया के साथ उसे पकड़ लिया। उन्होंने पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

## मार्ग दुर्घटना में 8 घायल

**फर्रुखाबाद (सं.)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में आठ लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बख्तेरापुर निवासी ऊषा देवी, नगर के मोहल्ला वगिया मंगूलाल निवासी राजीव, अताईपुर निवासी खुशदिल व गोविन्द, मुडेल निवासी अंकुर तिवारी, कम्पिल क्षेत्र के गाँव विलसड़ी निवासी नमन चतुर्वेदी व मोना तिवारी, कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला बीबीगंज निवासी सोनम मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद ऊषा देवी, खुशदिल की हालत गम्भीर हो पर डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां सभी का उनका उपचार जारी है।

# निकाय चुनाव: अध्यक्ष पद पर अभी तक निर्दलीय प्रत्याशियों का रहा कब्जा




**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** जनपद के पश्चिमी छोर पर स्थित नगर पंचायत कंपिल की पहचान ऐतिहासिक व पौराणिक है। यह धरती जैन तीर्थस्थली के साथ साथ महाभारत काल की द्रोपदी की जन्मस्थली भी है। यहां सतयुग व त्रेतायुग के साक्ष्य आज भी मौजूद हैं। यहां की राजनीतिक महाभारत का खास पहलू यह भी है कि यहां चुनावी स्वयंवर में केवल सपा, बसपा समर्थित उम्मीदवार के साथ निर्दलीय उम्मीदवार ही जीत की माला पहन पाया है। अन्य पार्टियां यहां अभी तक अपना खाता भी नहीं खोल सकी हैं।

नगरीय निकाय चुनाव में चुनाव को लेकर प्रत्याशियों द्वारा हर संभव गठजोड़ बैठा रहे हैं। जिसके अंतर्गत यहां तक देखा जा रहा है कि प्रत्याशी कस्बे में रहने वाले अपने जातिगत मतदाताओं को जातिगत तौर पर लोक लुभावने वादों से रिझा रहे हैं, तो कई प्रत्याशियों ने जातिगत परिवारों से दूर-दूर के नाते रिश्तेदारी निकाल ली है, तो वहीं कई प्रत्याशी अपने ही परिवार के रूठे हुए मतदाताओं को मनाने के लिए अपने रिश्तेदारों से दूरियां मिटाने को कह रहे हैं। निकाय चुनाव में अगर मतदाताओं की बात करें तो नगर पंचायत कंपिल में करीब 11554 वोटर हैं। जिनमें जातिगत आधार पर सबसे ज्यादा मुस्लिम और शाक्य बिरादरी से हैं। पिछले चुनावों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यहां दो-दो बार ब्राह्मण, बाथम व यादव समाज से चेयरमैन चुने जा चुके हैं। प्रथम बार करीब 34 वर्ष पहले हुए चुनाव में चेयरमैन बने डॉ0 उपेंद्र दत्त शर्मा ब्राह्मण समाज से आते हैं। उन्होंने निर्दलीय चुनाव जीता था। इनके बाद अब तक पांच अन्य अध्यक्ष चुने जा चुके हैं।

## मतदाताओं को बताई जा रही ये खास बात

प्रत्याशी जनसंपर्क के दौरान मतदाता की जाति के कार्यकर्ता को आगे की पंक्ति में रखकर ही मतदाता से मिल रहे हैं। इस दौरान प्रत्याशी मतदाताओं को यह भी बता रहे है कि उनकी जाति के लोगों का महत्वपूर्ण अवसरों पर कितना ख्याल रखा गया। इसके लिए कुछ कार्यकर्ता बाकायदा वार्डवार मतदाताओं की सूची लेकर चल रहे हैं और संबंधित जाति के नामों को गिना रहे हैं।

## प्रत्याशियों के व्यवहार में घुली मिठास

निकाय चुनाव अंतर्गत अध्यक्ष व सभासद पद के प्रत्याशियों के व्यवहार में अचानक से मिठास घुली नजर आ रही है। कुछ मतदाताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमारे वार्ड के प्रत्याशी तो हमें कभी ऐसे महसूस ही नहीं हुए कि वह इतने सज्जन और इतने सहनशील व्यवहार के धनी हैं। यह तो हमें अभी चुनाव में पता चला। यदि चुनाव नहीं होते तो हम इतने अच्छे व्यक्ति को पहचान ही नहीं हो पाती। अब तो ऐसा लग रहा है कि जैसे सारे अच्छे प्रत्याशी हमारे ही वार्ड में हैं। प्रत्याशियों के सामने से जितनी बार निकलो उतनी ही बार राम-राम, राधे-राधे के साथ अपने संबंध याद दिला रहे हैं।

## ............एक-एक मत पर है नजर............

नगर निकाय चुनाव में उम्मीदवारों को एक-एक वोटों पर नजर है। इसी क्रम में बड़े शहरों में कारोबार के सिलसिले में रहने वाले लोगों को बुलाने की हर जतन की जा रही है। समर्थकों द्वारा फोन से संपर्क करके लोगों को बस और ट्रेन का टिकट के लिए किराया भी भेजा जा रहा है। साथ ही आने जाने के दौरान भोजन की व्यवस्था में भी गुरेज नहीं किया जा रहा है।

## मतदाताओं की संख्या

**शाक्य-1800, बाथम- 1200, यादव-1000, ब्राह्मण- 700, लोधी- 500, अनुसूचित जाति-2800, अल्पसंख्यक-2000, अन्य - 1500 मतादाता हैं।**

## अब तक के अध्यक्ष

- वर्ष-1989 डॉ उपेंद्र दत्त शर्मा
- वर्ष-1995- सीताराम बाथम
- वर्ष-2002- विमला बाथम
- वर्ष-2007- पुष्पा शुक्ला
- वर्ष-2012-उदयपाल सिंह
- वर्ष-2017-उदयपाल सिंह

## रनरअप रहे प्रत्याशी

- वर्ष-1989- नसीर अहमद
- वर्ष-1995- नसीर अहमद
- वर्ष-2002- हफीजन बेगम
- वर्ष-2007- बेचेलाल शाक्य
- वर्ष-2012- बेचेलाल शाक्य
- वर्ष-2017- रावेज खॉं

## बाढ़ के खतरे की जानकारी के लिए बेवसाइट जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय जल आयोग ने बाढ़ के पूर्वानुमान की जानकारी एवं चेतावनी देने के लिए बेवसाट विकसित की है। जिस पर आगामी सत्र में मानसून आने व बाढ़ आने की जानकारियां अपडेट की जायेंगी। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने बताया कि केंद्रीय जल आयोग ने बाढ़ पूर्वानुमान स्थलों की जानकारी के लिए सीडब्लूसी एफफ (बेटा) (इंडिया वाटर डॉट गर्वमेंट डॉट इन) तथा जल स्तर की जानकारी हेतु फ्लड फोरेस्टि सेन्ट्रल वाटर कमीशन, गर्वमेंट डॉट ऑफ इंडिया वाटर डॉट गर्वमेंट डॉट इन जारी की है। अपर जिलाधिकारी ने जन एवं धन की हानि से बचने के लिए क्षेत्रीय निवासियों को इन बेवसाइटों को नियमित देखने की अपील की है। ताकि उन्हें मानसून आने व बाढ़ आने की जानकारियां प्राप्त हो सकें और वह एतियाती कदम उठा सकें। यह बेबसाइड किसानों के लिए उपयोगी साबित होगी।




# खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग, हादसा टला

- कड़ी मशक्कत के बाद मोहल्ले के लोगों ने आग पर पाया काबू



सिलेंडर में लगी आग बुझाने के बाद मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान अचानक सिलेंडर में आग लग गई। जिससे परिजनों व आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर मोहल्ले वाले एकत्र हो गये और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला साहबगंज निवासी रामपाल राठौर के पुत्र दिलीप राठौर का गुरुवार को विवाह है। जिससे घर में शादी के कार्यक्रम चल रहे हैं। दिलीप के परिजन सुबह घर पर गैस पर खाना बना रहे थे, तभी अचानक सिलेंडर में आग लग गयी।

आग लगने की जानकारी होने पर परिजनों व आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना दमकल विभाग को दी। व्यापारी नेता अंकुर श्रीवास्तव को खबर मिली तो वह भी अपने सहयोगी माजिद अली, बंटू खान आदि के साथ मौके पर पहुंच गये और आग बुझाने में सहायता की। काफी मुश्किल के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब परिजनों ने राहत की सांस ली। परिजनों का कहना था कि एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

## दबंगों ने गर्भवती गाय को पीट-पीटकर मार डाला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जमीनी रंजिश में हुए झगड़े के दौरान गर्भवती गाय को दबंगों ने पीट-पीटकर मार डाला। इस बात की शिकायत पीड़िता थाने में करने गयी तो वहां से उसे हड़काकर भगा दिया गया।

पीड़िता माधुरी निवासी चौसपुर ने आरोप लगाया कि जमीनी रंजिश में गांव के ही दबंग गंगासरन, हिमांशु, राजेन्द्र व अक्षय कुमार ने उसकी गाय को पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। पीड़िता ने कहा कि वह थाने में शिकायत करने गई तो वहां से हड़काकर भगा दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि थाना पुलिस दबंगों से सांठगांठ व लेनदेन करके कार्यवाही नहीं कर रही है। पीड़िता ने बताया कि पहले भी दबंग उसकी बछिया की टांग तोड़ चुके है। अक्सर उसका उत्पीड़न करते रहते हैं और पुलिस आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं करती है। जिससे वह काफी परेशान हैं।

# जानलेवा साबित हो सकता लू तापघात: डॉ0 नवनीत



राज्य आपदा प्रबंधन के तहत लू तापघात की जानकारी देते डॉ0 नवनीत गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज में मंगलवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के अंतर्गत विशेष अतिथि डॉ0 नवनीत गुप्ता ने हीट इग्जॉस्चन एवं हीट स्ट्रोक की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लू ताप घात के उपचरा के बारे में बताते हुए कहा कि लू तापघात जानलेवा हो सकता है। इससे बचाव ही इसका उपचार है। लू में व्यक्ति घर से बाहर न निकले, जरुरत पड़ने पर ही बाहर निकले। जिससू लू की चपेट से बच सके। प्यास लगने पर पानी पीना चाहिए। मुंह को गमछा आदि से ढंककर रखें। हाथों में दस्ताना पहनें और पूरी आस्तीन के कपड़े भी पहनें। जिससे लू से बचा जा सके। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने लूट के प्रकोप एवं गर्म हवा से बचने के लिए क्या करें क्या न करें, इसके लिए जागरुक होना बहुत जरुरी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा व धूप से बचने के साथ-साथ पानी पीते रहना चाहिए और घर में इलेक्ट्राल, ग्लूकोन डी जैसी चीजों का इस्तेमाल करें। खास तौर से बच्चों को लेकर लू में न निकलें। संचारी रोग प्रभारी दर्शना शुक्ला ने कहा कि दिमागी बुखार, कोविड-19 एवं अन्य संक्रमण रोगों से बचाव, उपाय एवं रोकथाम ही बहुत जरुरी है। इसके लिए सभी लोग जागरुक रहें।

इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका नीलम शुक्ला, कुसुमलता, मंजू सिंह, समीक्षा अग्निहोत्री, दर्शना आर्या, अनीता सिंह, पूनम शुक्ला, अंजली, नेहा सक्सेना, स्वाती दुबे, स्मृति, शिखा, जान्हवी, मनीषा, विजय लक्ष्मी, परवीन जहां, राजकुमारी, जया सिंह, सीमा आदि शिक्षकायें व कॉलेज के कर्मचारी मौजूद रहे।